सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 41.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-302 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, रविवार, 27 अप्रैल 2025
28 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# युवा है देश का भविष्य : मोदी

- पीएम ने 51,000 से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र
- रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी सुनिश्चित कर रही सरकार
- 47 जगहों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न सरकारी विभागों एवं संस्थानों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे।

उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 जगहों पर आयोजित किया गया। इससे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध होंगे और वे राष्ट्रीय विकास में प्रभावी योगदान देने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग अलग विभागों में आप युवाओं के नए दायित्वों की शुरूआत हुई है। आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर ये सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें। आज का ये समय भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। हाल ही में आईएमएफ ने कहा है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। देश में युवाओं के लिए नए नए अवसर बन रहे हैं। देश के यंग क्रिएटर्स को पहली बार इस तरह का मंच मिल रहा है।

### सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की

पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रॉडक्ट बनाने का मौका देना। इससे ना केवल देश की लाखों MSMEs को हमारे लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

## भारत सरकार ने न्यूज चैनलों को जारी की एडवाइजरी

# सेना की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करे मीडिया



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को देखते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ने शनिवार को सभी मीडिया चैनलों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने मीडिया से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों का सीधा प्रसारण करने से बचने को कहा। साथ ही कहा कि इस तरह की सूचना देने से जाने-अनजाने में शत्रुतापूर्ण तत्वों को मदद मिल सकती है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद रक्षा मामलों पर रिपोर्टिंग के मद्देनजर सरकार की तरफ से यह परामर्श जारी किया गया है। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में पर्यटकों पर गोलीबारी की थी, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें ज्यादातर पर्यटक शामिल थे। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है, ''राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया मंचों, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय पूरी जिम्मेदारी से काम लें और मौजूदा कानूनों और नियमों का कड़ाई से पालन करें।''

## ईरान के बंदर अब्बास में पोर्ट पर भीषण धमाका, पांच की मौत



**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास शहर में शनिवार को भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई। ये जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी ने दी है। जानकारी के मुताबिक, अभी तक इस धमाके में पांच लोगों की मौत और 700 से ज्यादा लोगों के घायल होने की सूचना है। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह विस्फोट बंदर अब्बास शहर के रजई बंदरगाह पर हुआ है। वहीं इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहे हैं, जिसमें धमाके के बाद काले धुएं का विशाल गुबार देखा जा सकता है। बता दें कि, रजई बंदरगाह ईरान के बंदरगाहों में से एक है। मामले में ईरान के सीमा शुल्क प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि शनिवार का विस्फोट सिना कंटेनर यार्ड में हुआ, जो बंदरगाह और समुद्री संगठन से जुड़ा हुआ है।

## पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार पूरा, दुनियाभर के नेताओं ने दी विदाई

# पोप फ्रांसिस को रोम में दफनाया गया

- कई राष्ट्राध्यक्ष और राजा पोप के अंतिम संस्कार में शामिल



**वेटिकन।** पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार की रस्में खत्म हो गई है। शनिवार को पोप फ्रांसिस को दफना दिया गया। पोप के अंतिम संस्कार में दुनिया भर की कई हस्तियां शामिल हुई, जिनमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजा शामिल थे। अंतिम संस्कार की रस्में सेंट पीटर्स स्कवायर में की गई। रस्मों के बाद कैदी और प्रवासी पोप के पार्थिव शरीर को ताबूत में लेकर बेसिलिका में ले जाया गया, जहां उन्हें दफन कर दिया गया। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख से अधिक लोग शामिल हुए।

गौरतलब है कि पोप के अंतिम संस्कार की रस्मों में पोप फ्रांसिस ने ही बीते साल बदलाव किए थे। वेटिकन ने कहा है कि इन बदलावों का मकसद पोप को एक पुजारी के रूप में दर्शाना था न कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली इंसान के रूप में। पोप फ्रांसिस ने बतौर पोप अपने 12 साल के कार्यकाल में कई अहम बदलाव किए और वेटिकन चर्च को सभी के लिए सुलभ बनाने की कोशिश की।

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ ही प्रिंस विलियम और स्पेन के राज परिवार के सदस्य शामिल हैं। पहले लैटिन अमेरिकन मूल के पोप, पोप फ्रांसिस का बीते सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया था। पोप फ्रांसिस बीते लंबे समय से बीमार थे और कुछ समय पहले ही अस्पताल से डिस्चार्ज हुए थे। भारत की तरफ से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने रोम पहुंचे हैं। पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लोगों की लंबी लाइनें देखी गई। पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया जाएगा। पोप बनने से पहले भी पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका से खास लगाव था।

### मई में शुरू होगी नए पोप को चुनने की प्रक्रिया

मई के पहले हफ्ते में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभी कुछ कार्डिनल द्वारा वेटिकन सिटी का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सबसे प्रमुख कार्डिनल हैं जियोवानी बटिस्टा रे। नए पोप को चुनने के लिए सिस्टीन चैपल में होने वाले मतदान का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी भी कार्डिनल जियोवानी बटिस्टा रे के कंधों पर ही होगा।

# पुतिन जंग खत्म करना चाहते हैं : डोनाल्ड ट्रंप



**रोम।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्हें अब संदेह है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करना चाहते हैं। उनका यह बयान रोम में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद सामने आया है।

वहीं इस मुलाकात के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कोई कारण नहीं है कि पुतिन बीते कुछ दिनों से आम लोगों के इलाकों, शहरों और कस्बों पर मिसाइलें चला रहे हैं। इससे लगता है कि शायद वह युद्ध रोकना नहीं चाहते। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि रूस पर और सख्त आर्थिक प्रतिबंध, जैसे कि बैंकिंग या सेकेंडरी सैंक्शन्स, लगाए जा सकते हैं। ट्रंप ने आगे कहा, बहुत से लोग मर रहे हैं। आज दोनों नेताओं (ट्रंप और जेलेंस्की) ने इटली की राजधानी रोम में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शिरकत की थी। इसके बाद दोनों नेताओं ने एकांत में एक-दूसरे से कई मुद्दों पर काफी देर चर्चा की है। इस मुलाकात के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसे अच्छी मुलाकात कहा। उन्होंने लिखा, हमने एक-एक करके बहुत चर्चा की। हमने जो कुछ भी कवर किया है, उसके परिणाम की उम्मीद है।

## प्रदेश में अब हर निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थी का होगा सत्यापन



डीएम-कमिश्नर को निर्देश जारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार निराश्रित महिला पेंशन योजना के सभी लाभार्थियों का सत्यापन कराएगी। प्रमुख सचिव महिला कल्याण लीना जौहरी ने इस संबंध में प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। इसके सत्यापन का काम 25 मई तक हर हाल में पूरा किए जाने के लिए कहा गया है। पात्र लाभार्थियों को समय-समय पर भुगतान की जाने वाली राशि के संबंध में एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी। प्रदेश में निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण भी अनिवार्य किया गया है। सत्यापन कार्य तीन चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण में लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य 10 मई तक पूरा किया जाना है। दूसरे चरण में 15 मई तक हस्ताक्षरित सूची समेत रिपोर्ट जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। तीसरे और अंतिम चरण में 25 मई तक मृतक और अपात्र लाभार्थियों की पेंशन बंद करने का काम होगा। इस योजना योजना के तहत 34 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। पहले यह निरीक्षण 28 अप्रैल को प्रस्तावित था, लेकिन अब यह रविवार को होगा। मुख्यमंत्री तीन जिलों हरदोई, शाहजहांपुर और हापुड़ में एक्सप्रेसवे निर्माण की जमीनी स्थिति का जायजा लेंगे। सबसे पहले सीएम हापुड़ की गढ़मुक्तेश्वर तहसील के आलमनगर बांगर ग्राम स्थित मेरठ-बदायूं पैकेज पर जाएंगे।

# राजा का कर्तव्य है प्रजा की रक्षा करना : भागवत

- हिंदू धर्मग्रंथों में कहीं भी अस्पृश्यता का उपदेश नहीं
- हमारा धर्म संतुलन देने वाला धर्म
- संहार को हिंसा नहीं कहते
- भारत पड़ोसी को नुकसान नहीं पहुंचाता, कहा- कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो

### सनातन धर्म को सही अर्थों में समझने की आवश्यकता

अपने संबोधन के दौरान मोहन भागवत ने सनातन धर्म को सही अर्थों में समझने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धर्म तब तक धर्म नहीं है जब तक वह सत्य, शुचिता, करुणा और तपस्या के चार सिद्धांतों का पालन नहीं करता। उन्होंने कहा कि इससे परे जो कुछ भी है वह अधर्म है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में हमने धर्म को कर्मकांड और खान-पान की आदतों तक सीमित कर दिया है, जैसे कि किसकी किस तरह पूजा की जानी चाहिए और क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। यह एक संहिता है... सिद्धांत नहीं। धर्म एक सिद्धांत है।

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि अहिंसा हमारा धर्म है और गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। वे राजधानी दिल्ली में आयोजित एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि हमारा धर्म संतुलन देने वाला धर्म है। हमारे यहां स्पष्ट उल्लेख है। ...अहिंसा ही हमारा स्वभाव, हमारा मूल्य है। हमारी अहिंसा लोगों को अहिंसक बनाने के लिए है। कुछ लोग (अहिंसक) बन जाएंगे, कुछ लोग बिगड़ जाएंगे...और इतने बिगड़ जाएंगे कि दुनिया में उपद्रव करेंगे। हम किसी के दुश्मन नहीं हैं। द्वेष हमारा स्वभाव नहीं है। रावण का वध भी उसके कल्याण के लिए हुआ। संहार को हिंसा नहीं कहते। आततायियों से मार न खाना और गुंडागर्दियों को सबक सिखाना, यह भी हमारा धर्म है। पाश्चत्य विचार पद्धति में यह दोनों चीजें एक साथ नहीं चल सकतीं। वहां यह संतुलन ही नहीं है, लेकिन हमारे यहां यह संतुलन है। हम कभी भी अपने पड़ोसियों का कोई अपमान, कोई हानि नहीं करते, लेकिन अगर हम इस तरह रहें और तब भी कोई बुराई पर ही उतर आए तो हमारे पास दूसरा इलाज क्या है? राजा का तो कर्तव्य है प्रजा की रक्षा करना है और राजा अपना कर्तव्य करेगा। गीता में अहिंसा का उपदेश है, लेकिन महाभारत में अर्जुन लड़े। उन्होंने लोगों को मारा क्योंकि उस समय उनके सामने ऐसे लोग थे कि उनका दूसरा इलाज नहीं था।



## सेना ने ढहाए सात आतंकियों के घर

- कुपवाड़ा में लश्कर आतंकी फारूक तीदवा का मकान उड़ाया



**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों की आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। सुरक्षाबलों ने पुलवामा, शोपियां, कुलगाम के बाद अब कुपवाड़ा में एक अन्य आतंकी का घर बम से उड़ा दिया गया है। आतंकियों पर लगातार एक्शन जारी है और अब तक छह दहशतगर्दों के घरों को मिट्टी में मिलाए जा चुके हैं। इस बार पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के आतंकी फारूक तीदवा का घर तबाह किया गया है। इससे पहले आज ही शोपियां के चोटीपोरा में एक सक्रिय शीर्ष लश्कर आतंकवादी कमांडर शाहिद अहमद कुट्टे के घर को सुरक्षा बलों ने जमींदोज कर दिया।

# डीजीपी ने किया अलर्ट : अराजक तत्व बिगाड़ सकते हैं यूपी का माहौल

**धार्मिक स्थलों पर रहें विशेष सतर्क**



**लखनऊ।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने मातहतों को निर्देश दिए हैं कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुये आतंकवादी हमले के बाद कुछ असामाजिक एवं शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा सकती है। लिहाजा पुलिस हाई अलर्ट पर रहे और धार्मिक स्थलों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, कश्मीरी छात्रों एवं दुकानदारों आदि की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि नेपाल बार्डर और सभी अंतरराज्यीय बार्डर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समुचित पुलिस प्रबंध कर प्रभावी चेकिंग कराई जाए।

सभी टोल प्लाजा पर भी आवश्यक पुलिस प्रबंध एवं निगरानी की जाए। नेपाल बार्डर के महराजगंज, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, खीरी, पीलीभीत, बहराइच, बलरामपुर में एसएसबी की मदद से चेक पोस्टों पर चौकसी रखी जाए। संवेदनशील क्षेत्रों तथा चिन्हित हॉट स्पॉट पर ड्रोन से निगरानी की जाए। धार्मिक स्थला, पूजा स्थलों पर आपत्तिजनक सामग्री चस्पा करने की हरकतों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा का भी खास ध्यान रखा जाए। होटल, धर्मशाला, गेस्टहाउस, नये किरायेदारों का शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन अवश्य सुनिश्चित कराया जाए। कट्टरपंथिया, असामाजिक तत्वों की निगरानी करें। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर भी सतर्क दृष्टि रखी जाए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के मुताबिक जिन शार्ट टर्म वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिकों के वापस जाने की मियाद आज खत्म हो रही थी, उन्हें वापस भेज दिया गया है। एक महिला को 30 अप्रैल को भेजा जाएगा। ऐसे तकरीबन 50 पाकिस्तानी नागरिक एलआईयू के जरिए वापस भेजे गए हैं। अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वार को योगी सरकार खुद के लिए अवसर बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार नई निर्यात नीति लाने जा रही है। इसमें इन्वेस्ट यूपी को और प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा। देश-दुनिया में ब्रांड यूपी के प्रचार प्रसार के लिए प्रस्तावित निर्यात नीति में निर्यात संवर्धन कोष भी बनेगा।

**श्रद्धांजलि** पूर्व जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी के परिजनों से मिले अखिलेश

# पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को मिले 5 करोड़ का मुआवजा : अखिलेश यादव

शकील अहमद

**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को कुशीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में मारे गए मृतकों को शहीद का दर्जा मिले। साथ ही सभी के परिजनों को 5 करोड़ का मुआवजा मिले। साथ ही मृतक के एक आश्रित को सरकारी नौकरी भी मिले।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कुशीनगर में पूर्व विधायक पूर्णमासी देहाती व पूर्व जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए पहलगाम हमले पर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, शुभम ही नहीं बल्कि जो सभी शहीद हुए हैं, सरकार इतना ही ख्याल रखती है कि मैं क्या कह रहा हूं तो उन परिवारों को 5 करोड़ रुपए देना चाहिए। साथ ही परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी होनी चाहिए। जिस दिन ये पांच करोड़ और सरकारी नौकरी दे देंगे। उस दिन आप देखेंगे कि उनके घर के पास खड़े होकर के मैं दरवाजा खटखटा रहा हूंगा। अग्निवीर योजना को लेकर भी अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार ने अग्निवीर जैसी व्यवस्था लाकर हमारे नौजवानों का मनोबल गिराया है। युवा पक्की नौकरी चाहते हैं। कुशीनगर जिले के कई युवा भागकर-दौड़कर सेना में जाना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि विपक्ष ने जो सरकार को सुझाव दिए गए हैं उन सभी पर सरकार अमल करेगी।



पूर्व विधायक पूर्णमाशी देहाती को श्रद्धांजलि देते अखिलेश

### कुशीनगर की जगह गोरखपुर में उतरा अखिलेश का विमान

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अखिलेश यादव का विशेष विमान को कुशीनगर एयरपोर्ट पर ही उतरना था। वहीं से वह पूर्व विधायक के आवास पर जाते। लेकिन शनिवार की सुबह कुछ तकनीकी कारणों से कुशीनगर एयरपोर्ट से क्लीयरेंस नहीं मिल सका। इस वजह से पूर्व मुख्यमंत्री के विशेष विमान को गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरना पड़ा। यहां से वह सड़क मार्ग से कुशीनगर गए। इसे लेकर के उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं हुआ। इससे पहले भी इस एयरपोर्ट पर उतरना चाहता था लेकिन नहीं उतरने दिया। अखिलेश ने साथ ही सवाल भी किया, कुशीनगर एयरपोर्ट बनाने में सबसे ज्यादा बजट किस सरकार ने दिया जाकर इसे पता करें। एयरपोर्ट तो बिकना ही है। इसी बहाने कुशीनगर एयरपोर्ट का ज्यादा प्रचार हो जाता।

# जो जिस भाषा में समझेगा, उसको उस भाषा में जवाब देने के लिए भारत तैयार है: योगी आदित्यनाथ



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पलिया में जनसभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल है, जो विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो उसके लिए जीरो टॉरलेंस की नीति है। वह जिस भाषा में समझेगा, उसको उस भाषा में जवाब देने के लिए भारत तैयार है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अगर किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि जीरो टॉरलेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश को माफियामुक्त किया। अराजकता और दंगों से मुक्त किया। यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के तौर पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब देश के अंदर उत्तर प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य है। रेलवे का बेहतरीन नेटवर्क है, देश की पहली रैपिड रेल प्रदेश में चलती है। उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य का बकाया रहता था आज 105 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो एक सप्ताह के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। आज लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर में मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर खुशी जताई कहा कि पहले यह सपना था, आज हकीकत है। सपा और कांग्रेस पर साधा निशाना सीएम योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस जाति के नाम समाज को बांटने का काम कर रही है। समाजवादी पार्टी एक तरफ छत्रपति शिवाजी महाराज और राणा सांगा का अपमान करती है। दूसरी तरफ क्रूर शासक औरंगजेब और बाबर का महिमा मंडन करती है।

चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा से पहले पलिया में शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मोटरबोट पर सवार होकर बाढ़ से बचाव के लिए कराए जा रहे कार्यों को बारीकी से देखा। अफसरों से चैनलाइजेशन कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल भी रहीं।

## मृतका के भाई ने पति समेत सभी पांच आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन के गांव सहतेपुरवा मजरा लुधौरी निवासी एक 21 वर्षीय विवाहिता की तबीयत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतका के घर वालों का कहना है कि विवाहिता के अभी तक बच्चे नहीं हुए। अतिरिक्त दहेज की मांग भी जा रही थी। आरोप है कि पति ने अपने परिवार के साथ विवाहिता की पिटाई की और उसे पानी में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है कोतवाली निघासन के गांव कटहिया निवासी अजय कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन आशा कुमारी की शादी 22 फरवरी 2023 को इसी कोतवाली के गांव सहतेपुरवा मजरा लुधौरी निवासी मुकेश पुत्र जगदीश के साथ की थी। अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज भी दिया था, लेकिन बहन की सास जगरानी, ससुर जगदीश, ननद लक्ष्मी देवी, देवर रोहित आए दिन उसकी बहन को अतिरिक्त दहेज में बाइक, चेन और समय समय पर मांगी जा रही नकदी की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन को मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। उसका शारीरिक और मानसिक शोषण कर खाने पीने और कपड़े आदि की तकलीफ देते थे। मांग पूरी न होने के कारण पूर्व में भी सभी आरोपियों ने उसकी बहन का गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की थी। शादी के बाद से अभी तक बहन के कोई बच्चा नहीं हुआ इस कारण उसे बांझ आदि कहकर भी प्रताड़ित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात भी बहन के पति मुकेश ने अपने भाई रोहित कुमार, पिता जगदीश एवं माता जगरानी के साथ मिलकर उसकी बहन की पिटाई की। बाद में पेय पदार्थ में मिलाकर जहरीला पदार्थ पिला दिया। हालत अत्यधिक खराब होने के बाद उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसकी बहन की मौत हो गई मौत की खबर मिलने पर मायके के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। भाई ने मृतका के पति समेत सभी पांच आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सीएम ने शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का किया निरीक्षण



**लखीमपुर-खीरी ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जिले की पलिया विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे दोपहर 12 बजे उनका हेलिकॉप्टर उतरा। सीएम ने शारदा नदी के चैनलाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी रहे।मुख्यमंत्री का पलिया विधायक रोमी साहनी ने स्वागत किया। मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह समेत जनप्रतिनिधियों ने भी उनका स्वागत किया मुख्यमंत्री ने मोटरबोट पर सवार होकर बाढ़ से बचाव के लिए कराए जा रहे कार्यों को बारीकी से देखा। अफसरों से चैनलाइजेशन कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के बाद सीएम योगी जनसभा स्थल पर पहुंचे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मितौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 128/25 धारा 69/115(2)/352/351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार पुत्र राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## घर के बाहर बैठे किशोर की हमलावरों ने की पिटाई

### तीन राउंड फायरिंग कर मोहल्ले में फैलायी दहशत

**लखीमपुर-खीरी ।** शहर की जेल गेट चौकी क्षेत्र में लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं। सलेमपुर में युवक पर हुए जानलेवा हमले के बाद हिदायत नगर में हमलावरों ने अपने घर के बाहर बैठे किशोर की जमकर पिटाई कर दी। तीन राउंड फायरिंग कर मोहल्ले में दहशत फैला दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है मोहल्ला हिदायत नगर निवासी हसीना बेगम ने बताया कि उनका बेटा फुरकान (16) अपने घर के बाहर बैठा था। रात करीब 8.30 बजे मोहल्ले का निक्की व कालिया, नदीम अपने 2-3 अज्ञात साथियों के साथ आ धमके। आरोपियों के पास डंडे और तमंचा थे। उसके पुत्र को पकड़ कर बेवजह लात-घूंसों से मारने-पीटने लगे शोर गुल होने पर निक्की ने अपने 315 बोर तमंचा से तीन राउंड फायर जान से मारने की नीयत से फुरकान पर किए। बेटे ने पास में खड़े छोटा हाथी व आटो के पीछे छिपकर जान बचाई। परिवार की काफी औरतों के ललकारने पर आरोपी तमंचा लहराते और हवाई फायर करते हुए मौके से भाग निकले। धमकी दी कि 3-4 दिन के अंदर पूरे परिवार को मौत के घाट उतार देंगे।

## आतंकी हमले के विरोध में विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**सहारनपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में पायस एजुकेशनल ग्रुप की दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों ने नगर में कैंडल मार्च निकालकर ज्योतिबा फुले चौक पर आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला फूंका। पीजीपायस इंटर कॉलेज एवं मोन्ट फोर्ट स्कूल गागलहेड़ी के सभी विद्यार्थियों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का कड़ा विरोध जताया और रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका। विद्यार्थियों द्वारा घटना की निंदा करते हुए भारत सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। गागलहेडी के ज्योतिबा फुले चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर हमले में मारे गए पर्यटकों की याद में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई एवं दो मिनट का मौन रखा।

## डॉ. अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों से जुड़ी पुस्तकें बृजेश सिंह ने अनुसूचित वर्ग में वितरण किया



**लखीमपुर खीरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत प्रबुद्ध जन संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मंत्री बृजेश सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न ग्रामों में जाकर अनुसूचित वर्ग के लोगो को.बाबा साहब के जीवन दर्शन पर आधारित महत्वपूर्ण पुस्तकों का वितरण किया गया कार्यक्रम के दौरान ग्राम अछरौला के प्रधान काशीराम, ग्राम ओदारा के प्रधान राजेंद्र कुमार, ग्राम तेंदुआ में मंनीराम गौतम और नीरज भार्गव तथा ग्राम जमुनाहिया के मनोज राजवंशी से मुलाकात कर उन्हें डॉ. अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों से जुड़ी पुस्तकें भेंट की गईं इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया। वक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया जिला मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें सामाजिक समरसता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति सजगता की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह अभियान बाबा साहब के आदर्शों को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुँचाने का संकल्प है।

## सीडीओ द्वारा कराए गए निरीक्षण में सरकारी विद्यालयों के 67 अध्यापक/शिक्षामित्र मिले अनुपस्थित

**आगरा।** प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में शिक्षको द्वारा लापरवाही आना आम बात है तो वही सरकार भी अब सख्ती से पेश आ रही है। इसी कड़ी में शनिवार को विद्यालय समय 7.30 बजे से 8.00 बजे के मध्य मुख्य विकास अधिकारी आगरा प्रतिभा सिंह द्वारा जिला स्तरीय अधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी/ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो से प्रत्येक विकास खण्ड से तीन तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण कराया गया। जिसमें से 67 अध्यापक/ शिक्षामित्र अनुपस्थित पाये गये एवं प्रातः 8.00 बजे तक 5 विद्यालय निरीक्षण के समय बन्द मिले। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि इन लापरवाहियों से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ता है और पाठ्यक्रम भी पूरा नहीं हो पाता है। अनुपस्थित सभी अध्यापकों/ शिक्षामित्रों का अनुपस्थिति के दिनांक 26 अप्रैल 2025 का वेतन रोकते हुए जिला बेसिक अधिकारी आगरा को अनुपस्थित अध्यापकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गये है। साथ ही इस सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगरा एवं सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। हालांकि देखना यह होगा कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गई यह कार्यवाही कितनी कारगर साबित होती है और इसका कितना असर अध्यापकों व शिक्षामित्रों पर पड़ता है।

# कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा की एडवांस्ड 24 घंटे सेन्ट्रल लैब का उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** शनिवार को 24 घण्टे सेन्ट्रल लैब एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा के उच्चीकरण का उदघाटन कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा किया गया। मंत्री ने कहा की अंतिम छोर के व्यक्ति को इलाज दिलवाने के लिए माननीय मोदी जी की सरकार व माननीय योगी जी की सरकार कटिबद्ध है। अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को कैसे सुविधाएँ उपलब्ध करवाना है उसका एक उदाहरण आगरा का एसएन मेडिकल कॉलेज है। उन्होंने बताया कि आज एस एन मेडिकल कॉलेज में मरीज़ों के लिए जो लैब टेस्ट होते हैं उसकी आधुनिकतम मशीनों युक्त 24 घंटे लैब का उद्घाटन था। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन में चिकित्सा सबसे पहली आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अच्छी चिकित्सा तभी प्राप्त होती है , जब वातावरण अच्छा हो फैकल्टी अच्छी हो और इक्विपमेंट्स अच्छे हों। डॉ0 प्रशान्त गुप्ता



प्रधानाचार्य एसएन मेडिकल कॉलेज द्वारा बताया गया कि वर्तमान में एसएन मेडिकल कॉलेज के बायोकेमिस्ट्री विभाग में मरीजों के लिए 24 नई जाँचें शुरू की गई हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा सेन्ट्रल लैब का उच्चीकरण किया गया है। जिसमें नये उपकरण 4 फुल ऑटोएनालाइजर, 2 हॉर्मोंस एनालाइजर, 3 एबीजी मशीन, 2 इलैक्ट्रोलाइट एनालाइजर, 3 सेन्ट्रीफ्यूज और 2 प्वाइंट ऑफ केयर मशीनें तथा इंफ्रास्ट्रक्चर एवं मैन पावर शामिल हैं। प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता ने कहा कि अंतिम छोर के व्यक्ति को अच्छा इलाज दिलवाने में एसएन मेडिकल कॉलेज एक अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता ने बताया कि असाध्य रोग में कैंसर की सभी प्रकार की बीमारी , हार्ट कि सभी प्रकार की बीमारी , लिवर की लास्ट स्टेज की बीमारी व किडनी की लास्ट स्टेज की बीमारी आती हैं और जिनके पास गृहस्थ राशन कार्ड है। वह मेडिकल कॉलेज लेकर आयें उनका असाध्य रोग का कार्ड बनेगा और उनकी सभी जाँचें निशुल्क की जायेंगी। उन्होंने कहा कि कार्डियक में जो स्टेंटिंग होती है। जिसकी क़ीमत 70 हज़ार है वह भी असाध्य रोग कार्ड के माध्यम से निःशुल्क की जाएगी। सेन्ट्रल लैब प्रभारी डॉ कामना सिंह द्वारा बताया गया कि पूर्व में यहाँ मरीजों की 54 प्रकार की जाँचें होती थी। जिसमें 24 नई जाँचें और सम्मलित की गई हैं जो वर्तमान में बढ़कर कुल 78 प्रकार की जाँचें हो गई हैं। इन नई जाँचों का लाभ गुर्दा रोग, हृदय रोग, डायबिटीज एवं बांझपन के मरीजों को मिलेगा।

## गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा: सीईओ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने यूपीपीसीएल को पांवधोई नदी के किनारे बनाई जा रही रिटेनिंग वाल के शेष बचे कार्य को दो दिन में शुरू करने तथा कार्यदायी संस्था एसडीए को कंपनी बाग में टैऊक्र उखड़ने आदि शिकायतों को जल्द से जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने अम्बेडकर स्टेडियम व निगम द्वारा बनाये जा रहे स्मार्ट गैराज में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) शीपू गिरी स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की वित्तीय व भौतिक प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

समीक्षा बैठक में स्मार्ट सिटी की कार्यदायी संस्थाओं नगर निगम, आरसीसी, सी एण्ड डीएस, यूपी नेडा, यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएन, एनईसी, एसडीए एवं हाइडल आदि के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे। स्मार्ट सिटी टीम एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा सीईओ को एसएससीएल की चल रही परियोजनाओं के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# आगरा में युवक के सिर में गोली मारी, बाइक सवारों ने दिया वारदात को अंजाम


*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** शहर में पुलिस द्वारा आए दिन निरिक्षण और सख्ती के बावजूद अपराधिक घटनाएं सामने आ रही है। ताजा मामले में सिकंदरा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े उस वक्त सनसनी फैल गई जब बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। यह घटना सिकंदरा-बोदला रोड पर देवीराम फूड सर्किल के पास शनिवार सुबह हुई, जहां बिचपुरी निवासी मिलन नाम के एक को निशाना बनाकर गोली चलाई गई। घायल युवक की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। गोली बेहद नजदीक से कनपटी पर मारी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो बाइक सवार युवक वहां आए और मिलन पर सीधे फायर कर मौके से फरार हो गए। सिकंदरा क्षेत्र में दिनदहाड़े अपराधियों द्वारा दिखाए गए इस दुस्साहस से दहशत का माहौल है। बताया गया है कि युवक देवीराम फूड सर्किल के सामने कार से उतरकर जूस पीने जा रहा था। इसी



वक्त दो बदमाश एक बाइक पर सवार होकर आए और मिलन को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगते ही मिलन लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इस घटना स्थल पर देवीराम फूड सर्किल पर पहले से मौजूद लोग दहशत में आ गये। उधर गोली लगने से घायल हालत में मौके पर पड़े मिलन को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वही पुलिस उपायुक्त नगर सोनम कुमार द्वारा एसीपी सदर/हरीपर्वत के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर की जा रही। तो वही कुछ देर बाद अपर पुलिस आयुक्त सजीव त्यागी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं पुलिस टीमों का गठन कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। पुलिस इस घटना को आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी से भी जोड़कर देख रही है, हालांकि फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। फिलहाल इस सनसनीखेज वारदात के पीछे की वजह साफ नहीं हो सकी है। आगरा में पिछले तीन दिनों में गोली चलने की यह तीसरी बड़ी घटना है।

## सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक ज्ञान एवं अनुभव के होते है भंडार: रविन्द्र



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मंडल कार्मिक अधिकारी रविंद्र सिंह ने कहा कि रेलवे सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक ज्ञान एवं अनुभव के भंडार हैं, वे अपने ज्ञान एवं अनुभव से रेलवे में कार्यरत का मार्गदर्शन करते रहते है। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर रेलवे पेंशनर्स की समस्याएं वरीयता के आधार पर निस्तारित की जाती हैं।

मण्डल कार्मिक अधिकारी रविन्द्र सिंह आज यहां रेलवे पेंशनर्स समाज के 12वें वार्षिक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी पेंशनर की किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो वह स्वयं व्यक्तिगत रूप से सीधे संपर्क करके अथवा संस्था के माध्यम से अपनी समस्याएं प्रस्तुत कर सकते हैं, वरीयता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाएगा। मुख्य वक्ता उपाध्यक्ष भारत पेंशनर्स समाज नई दिल्ली हंसराज माही ने सरकार से मांग की कि शीघ्रातिशीघ्र 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के चेयरमैन की नियुक्ति की जाए, आठवे वेतन आयोग की संस्तुतिओ का लाभ सभी पुराने और नए सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को मिलना सुनिश्चित किया जाए, पेंशनर्स की बढ़ती उम्र एवं उनके खर्चों को देखते हुए अतिरिक्त पेंशन 80 वर्ष की उम्र के स्थान पर 65 वर्ष की उम्र से प्रदान की जाए, कम्यूटेशन कटौती 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष पर बंद की जाए, नियत चिकित्सा भत्ता 1000 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 5000 रूपये प्रतिमाह किया जाये तथा कर्मचारी परिवार की परिभाषा में विधवा पुत्र वधू को भी सम्मिलित किया जाए। मेयर डा. अजय कुमार सिंह ने कहा की वरिष्ठ नागरिक हमारी बौद्धिक सम्पदा है, हमारी विरासत है। हमको इनका उचित सम्मान कर ध्यान रखना चाहिए तथा उनके अनुभव एवं ज्ञान का समुचित उपयोग करना चाहिए। विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि रेलवे वरिष्ठ नागरिक अपने आर्थिक एवं पारिवारिक उत्तरदायित्वों से मुक्त है, इसलिए उनको सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों मे व्यस्त रहकर, मस्त एवं स्वस्थ रहना चाहिए। उन्होंने उनके कार्यो में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी ने रेलवे वरिष्ठ नागरिको की पारिवारिक एवं सामाजिक सहभागिता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उनको पूर्ण सम्मान देने का आह्वान किया। इस दौरान प्रख्यात एवं प्रतिष्ठित उद्योगपति शिवकुमार गौड़, अधिवक्ता गौकरणदत्त शर्मा, संस्थापक आरसी शर्मा, अरविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में संस्था की वार्षिक पत्रिका का विमोचन, 80 वर्ष से अधिक उम्र के प्लैटिनम एज सीनियर सिटीजंस तथा संस्था के विशिष्ट कार्यकर्ताओं एवं आजीवन सदस्य बनने वालों का सम्मान किया गया।

## लॉयनेस केशव क्लब नगीना का दंत परीक्षण कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**नगीना।** लायनेस केशव क्लब नगीना की माहिलाओ ने श्रीमती रेनू अग्रवाल के निवास पर पति प्रशंसा प्रोजेक्ट का कार्यक्रम बहुत मनोरंजक रूप में मनाया। पति पत्नी का रिश्ता बहुत स्नेह एवं जीवन का आधार होता है। समी सदस्यों ने अपने पति की प्रशंसा को कविता वे गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया , इसके साथ ही दंत परीक्षण प्रोजेक्ट भी डॉक्टर शशाक के दंत क्लीनिक पर आयोजित किया गया। जिसमे सभी ने अपने दांतो का परीक्षण कराया! डॉ. शशांक ने सभी को दांतो की देखमाल के बारे में विस्तार से समझाया। इस मौके पर लायनेस केशव कल्ब नगीना की अध्यक्ष व नगर समाजसेविका आशा महेश्वरी, सचिव लवली अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शालू गर्ग, ऋतु गर्ग, रीतू बेरी, नीरू बैरी, स्वाति अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, व विनीता गुप्ता ने डॉ0 शशाक को स्मृति चिन्ह (उपहार) देकर सम्मानित किया।

# म्युनिसपिल बॉन्ड के लिए तैयार रहे नगर निगम: नगरायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** राज्य सरकार से आदेश प्राप्ति से पूर्व ही नगर निगम सहारनपुर ने म्युनिसपिल बॉन्ड की तैयारी शुरु कर दी है। योजना पर तेजी से काम करते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज अधिकारियों के साथ लम्बी बैठक की। उन्होंने कहा कि म्युनिसपिल बॉन्ड जारी करने से नगर निगम की साख और विश्वसनीयता में वृद्धि होगी।

नगरायुक्त शिपू गिरी ने आज अधिकारियों को 120 दिन में 'बॉन्ड रेडी स्टेट' में लाने के लिए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चल अचल सम्पत्तियों का मूल्यांकन कराने को सबसे पहली प्राथमिकता बताया। इनमें ऐसी सभी भूमि सम्पत्तियां एवं भवन जिनका स्वामित्व निगम के पास हो, मार्ग प्रकाश से सम्बंधित समस्त अवसंरचनाएं, जलापूर्ति और सीवरेज की सभी आवश्यक अवसंरचनाएं, निगम स्वामित्व वाले पार्क, ऑफिस उपयोग के उपकरण व फर्नीचर आदि शामिल रहेंगे। उन्होंने वरिष्ठ प्रभारी सम्पत्ति को सभी सम्पत्तियों की सूची बनवाने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने आंतरिक लेखा परीक्षा आपत्ति, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा व कैग ऑडिट इन तीनों ऑडिट आपत्तियों को समाप्त कराने, निगम सम्बंधी न्यायिक वादों को सूचीबद्ध कर उनका निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लेखा विभाग को वित्तीय सुप्रबंधन के निर्देश देते हुए अनावश्यक खातों की संख्या घटाने, बैलेंसशीट को निर्धारित प्रारुप पर निर्गत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने टैक्स सम्बंधी शिकायतों के निस्तारण का भी आदेश दिया।

# अन्तर्राष्ट्रीय रायबरेली काव्य महाकुम्भ 2025 आज से आरंभ



**लखनऊ/रायबरेली।** अंतरराष्ट्रीय रायबरेली काव्य महाकुंभ (26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक) की शुरुआत आज होने जा रहीं है। कार्यक्रम वरदान रिसोर्ट एवं उत्सव लॉन सह अंजलि लाइट एवं टेंट हाउस, निकट इंडियन आयल पेट्रोल पम्प, हरदासपुर, रायबरेली मे होगा। रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के संस्थापक डॉ शिवनाथ सिंह शिव, रायबरेली, मुख्य संरक्षक और प्रशाशक डॉ सुधीर श्रीवास्तव गोण्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इंद्र बहादुर सिंह इन्द्रेश भदौरिया अवधी सम्राट रायबरेली, डॉ शिवकुमार सिंह शिव दुसौती, रायबरेली, केंद्रीय संगठन मन्त्री,डॉ राम मनोहर लाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष और केंद्रीय प्रभारी, राजस्थान,डॉ आभा गुप्ता इंदौर, केंद्रीय मुख्य सचिव, सह प्रभारी राजस्थान एवं झारखंड इकाई, पूर्णिमा सुमन, प्रदेश अध्यक्ष, झारखण्ड प्रदेश इकाई,डॉ संजुला सिंह मीडिया प्रभारी एवं संगठन प्रभारी, उत्तर भारत, डॉ संजीदा ख़ानम शाहीन जोधपुर, संगठन मंत्री पश्चिमी भारत, सुरेश बंछोर केंद्रीय पटल नियंत्रक एवं संगठन मंत्री, मध्य भारत, छोटेलाल सिंह चौहान अमर, महामंत्री,रायबरेली, डॉ निधि बोथरा, सचिव केंद्रीय पटल, डॉ ज्ञानेंद्र पाण्डेय संरक्षक एवं प्रशाशक, डॉ श्रीपाल शर्मा ईदरीश पुरी, मुख्य साहित्यक् सलाहकार, डॉ रामलखन वर्मा मीडिया प्रभारी आई टी आई रायबरेली आदि ने इस भव्य, नव्य साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी दी।

# प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**हजपुरा।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम में शनिवार को समाजशास्त्र विभाग एवं मिशन शक्ति प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.परेश कुमार पाण्डेय एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों एवं प्राचार्य जी द्वारा वाग्देवी सरस्वती, बाबा बरुआदास एवं पं.राधेमोहन द्विवेदी जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिखा यादव,बी.ए. षष्ठ सेमेस्टर, गुलाब यादव, बी.ए.षष्ठ सेमेस्टर दूसरा स्थान श्रेया गुप्ता, प्रतिभा ,गौरव मिश्रा बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, रिया यादव बी.ए.द्वितीय सेमेस्टर , ब्यूटी यादव एम.ए. हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर तथा तीसरा स्थान शिवानी बी.ए.षष्ठ सेमेस्टर, रिया सिंह, संध्या पांडेय बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, साक्षी सिंह,चाहत शर्मा बी. ए. द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में रिया सिंह बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर प्रथम, साक्षी सिंह,बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर द्वितीय स्थान तथा शिवानी बी.ए. षष्ठ सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो . सुषमा पाठक, प्राचार्य, राजामोहन गर्ल्स पीजी कालेज अयोध्या ने कहा यह दौर सूचना, शिक्षा,ज्ञान और विज्ञान का है। इसलिए बेटियों को शिक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। धरती से लेकर अंतरिक्ष तक की दुनिया बेटियों के लिए खुली हुई है, जरूरत है उड़ान भरने की। विशिष्ट अतिथि प्रो.तेजबहादुर सिंह, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्त्री शक्ति को शिक्षित, सशक्त और स्वावलंबी बनाने में शैक्षिक संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि प्रो. योगेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, साकेत महाविद्यालय, अयोध्या ने विजेताओं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र- शक्ति ही राष्ट्र -शक्ति है। हमें अपनी युवा पीढ़ी को स्त्रियों के प्रति अत्यंत संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। स्त्रियों के सम्मान और स्वाभिमान के लिए एक बेहतर समाज के निर्माण का रास्ता इन्हीं शिक्षा केन्द्रों से होकर गुजरता है। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि प्रो. महेंद्र पाठक, साकेत महाविद्यालय अयोध्या ने कहा कि भारतीय संस्कृति नारी शक्ति को अत्यंत आदरणीय एवं गौरवमयी स्वीकार करती है।

उपप्राचार्य प्रो.पवन कुमार गुप्त एवं पूर्व प्राचार्य प्रो.के.के. मिश्र ने छात्रों को अपने संबोधन से प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो.पाडेय जी ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ.अमरनाथ एवं मिशन शक्ति प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अंजू तेवतिया को धन्यवाद देते हुए सभी छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं दिया।

## आदर्श इण्टर कॉलेज के मेधावियों ने बढ़ाया जिले का मान, टॉप टेन में बनायी जगह

**रुदौली अवधनामा संवाददाता।** यूपी बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने के बाद



इंटरमीडिएट व हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा ने फलक पर परचम लहराने का काम किया है, अयोध्या जनपद के रुदौली स्थित आदर्श इण्टर कालेज की प्रतिभावान छात्रा इंटरमीडिएट की परीक्षा में अंशिका श्रीवास्तव ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रौशन किया है अंशिका श्रीवास्तव के पिता उमेश श्रीवास्तव एक किसान हैं अंशिका श्रीवास्तव ने आगे चलकर सिविल सर्विस में जाने की बात कही इंटरमीडिएट में ही जनपद में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली भूमिका श्रीवास्तव के पिता भी एक किसान है भूमिका श्रीवास्तव ने आगे चलकर डॉक्टर बनने की इच्छा प्रकट की हाई स्कूल की बात की जाये तो हाई स्कूल से अरुणेश पाण्डेय ने जनपद मे सातवा स्थान तो वहीं अश्वनी मौर्य ने आठवा स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रौशन किया है अरुणेश के पिता सूरज पांडे फिजियोथैरेपिस्ट का काम करते हैं अरुणेश पांडे ने बताया कि वह सेना में जाना चाहता है तो वहीं अश्विनी मौर्य के पिता रमेश मौर्य बीज भंडार का काम करते हैं अश्विनी मौर्या ने आगे चलकर इंजीनियर बनने की इच्छा प्रकट की, आदर्श इंटर कॉलेज के इन सभी होनहार छात्र व छात्राओं ने इस उपलब्धि का श्रेय आदर्श इंटर कॉलेज के अनुशासित पठन-पाठन गुरुजनों का मार्गदर्शन व माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक राम कैलाश मौर्य ने इन सभी छात्र-छात्राओं को व उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई दी है।

## हाईस्कूल के मेधावियों छात्रों का हुआ सम्मान



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभा का हुआ सम्मान। इस समारोह में छात्रों को पी एन सेंट्रल एकेडमी की संरक्षिका अनुराधा तिवारी ने बच्चों को फूल माला पहनाकर किया स्वागत। वही पी एन सेंट्रल एकेडमी की प्रधानाचार्या दिव्या राय ने सम्मानित कर सभी बच्चों का हौसला आफजाई किया। कार्यक्रम में इनका हुआ सम्मान शांभवी 92 प्रतिशत, रेहान 88 प्रतिशत, अनुष्का 83 प्रतिशत, खुशी 83 प्रतिशत, अंकिता 82 प्रतिशत, अंशु 81 प्रतिशत, बृजेश 80 प्रतिशत, गणेश शंकर पांडेय 70 प्रतिशत, प्रिंस 72 प्रतिशत, प्रियांशु 70 प्रतिशत, जागृति 77 प्रतिशत, वंशिका 80 प्रतिशत, अनामिका 80 प्रतिशत, शिवम प्रजापति 80 प्रतिशत, अंकुर 77 प्रतिशत, राहुल 70 प्रतिशत, प्रभात 74 प्रतिशत, अमन 70 प्रतिशत, अंजलि 78 प्रतिशत, विकास 70 प्रतिशत, मोहित 74 प्रतिशत, शिवम् 75 प्रतिशत, आकास 70 प्रतिशत को किया गया सम्मानित।

# सरकारी चादर के जुलूस में शामिल हुए अजमेर शरीफ के गद्दीनशीन

## दहशतगर्द इंसानियत के दुश्मन, इनका कोई धर्म मज़हब नहीं : सैय्यद सलमान चिश्ती

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** क़दीमी दरग़ाह हज़रत बाबा मुबारक खान शहीद (र.अ) का सालाना उर्स व मेला 25 अप्रैल को धार्मिक आयोजन के साथ शुरू हो गया है उर्स व मेला के दूसरे दिन सुबह आस्ताने पर गुस्ल व संदल पोशी की रस्म अदा करने के बाद नमाजे फजर कुरान खानी और मिलाद शरीफ का प्रोग्राम आयोजित किया गया 12:15 पर कुल शरीफ बाद मगरिब सरकारी चादर और गागर के जुलूस में अजमेर शरीफ के गद्दीनशीन और चिश्ती फाउंडेशन के चेयरमैन हाजी सैय्यद सलमान चिश्ती साहब ने सरकारी चादर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया सरकारी चादर में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इक़रार अहमद ,उपाध्यक्ष शमशीर अहमद शेरू,हाजी खुर्शीद अहमद खान, हाजी कलीम फरजंद, सैयद शहाब ,अहमद हसन ,रमजान खान, कुतुबुद्दीन खान ,हमजा मोहम्मद इरशाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**पहलगाम में हुई आतंकी घटना की घोर निंदा-** अजमेर शरीफ के गद्दीनशीन व चिश्ती फाउंडेशन के चेयरमैन हाजी सैय्यद सलमान चिश्ती ने कहा सबसे पहले जम्मू कश्मीर की पहलगाम में हुई आतंकी घटना में शहीद हुए लोगों को अपनी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं दरग़ाह से हमेशा अमन और शांति का पैगाम जाता रहा है आज इस पैगाम को लेकर गुरु गोरखनाथ की धरती पर अमन का संदेश लेकर आया हूं दरगाह मुबारक खान शहीद के अध्यक्ष इकरार अहमद के दावतनामे पर गोरखपुर आया हुआ है और यहां यहां से मुल्क में अमन और शांति के लिए दुआ भी की गई है और दरगाह पर अजमेर शरीफ की तरफ से चादर भी पेश किया जाए।

**चिश्ती साहब के स्वागत के लिए उमड़ा जन सैलाब-** हजरत बाबा मुबारक खान शहीद (र. अ) के अस्ताने लिए रिवायती सरकारी चादर व गागर में बड़ी संख्या में दूरदराज से बाबा के अकीदतमंद लोग शामिल हुए जिसमें महिलाएं पुरुष ,बच्चे व बुजुर्ग चादर के साथ बड़े ही अदबो एहतेराम के साथ चलते रहे सरकारी चादर में घोड़ा,बग्गी बैण्ड बजा, रंगबिरंगी लाइटे के साथ आधुनिक करे भी शामिल रही। सैयद सलमान चिश्ती के स्वागत के लिए जगह-जगह मंच लगाए गए थे जहां पर सूफी अंदाज में उनका फूलों की वर्षा करके इस्तकबाल किया गया। सैयद सलमान चिश्ती ने मोहद्दीपुर स्थित अदनान फारुख अली शाह उर्स मियां साहब के आवास पर जा कर शिष्टाचार मुलाकात किया। चिश्ती साहब ने मियां साहब की दस्तारबंदी किया। कर्नाटक के उद्योगपति जी लैलेश रेड्डी और भृगु पीठाधीश्वर गोस्वामी सुशील महाराज का दरगाह कमेटी ने किया जोरदार इस्तकबाल किया।

## जनपद में नवनियुक्त 67 लेखपालों को दिया गया प्रशिक्षण, किया मार्गदर्शन

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय



ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के नव नियुक्त 67 लेखपालों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने लेखपालों को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए कहा कि वे राजस्व विभाग के अभिन्न अंग हैं और उनकी भूमिका भूमि विवादों के समाधान में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों का प्रमुख कार्य भूमि की पैमाइश और अंश निर्धारण होता है। गांवों में अक्सर इन कार्यों को लेकर विवाद उत्पन्न होते हैं, जिनका समाधान लेखपाल की दक्षता और निष्पक्षता पर निर्भर करता है। लेखपालों को भूलेखनियमावली के महत्वपूर्ण अनुदेशों यथा-वरासत, नामांतरण , पैमाइश, विभाजन के वाद में कुर्रा दाखिला ,पक्की हदबंदी, दैवीय आपदा की रिपोर्ट एवं कार्यवाही, मानचित्र संशोधन के नियम एवं सावधानियाँ , धारा 67(5) के तहत सरकारी भूमि पर कब्जा के ख़िलाफ़ कार्यवाही आदि विषयों पर विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से कहा कि वे पूरे मनोयोग और गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि वे अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकें और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर पाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी सेवा को केवल नौकरी न समझें, बल्कि इसे जनसेवा का माध्यम मानें। इसके साथ ही उन्होंने लेखपालों को भू-लेख नियमावली और राजस्व संहिता की विधिवत जानकारी प्राप्त करने पर बल दिया, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और सटीकता लाई जा सके।


## जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा स्नान घाट एवं श्मशान घाट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा पी0 डव्लू0 डी0 गोदाम पांचाल घाट पर जल निगम ग्रामीण द्वारा बनाये जा रहे ओवरहैड टैंक,पर्यटन विभाग द्वारा पांचाल घाट पर बनाये जा रहे स्नान घाट व ग्राम पंचायत सोता बहादूर द्वारा श्मशान घाट पर कराये जा रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि निर्मित किये जा रहे स्नान घाट को पुरानी घटिया तक बढ़ाया जाये, कार्यो की गुडवत्ता अच्छी रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, अधि0अभियंता विद्युत, अधि0अभियंता जल निगम ग्रामीण व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# उरई शहर में ऐतिहासिक बाजार बंदी रही

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** 22 अप्रैल को पहलगाम कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में आज उरई नगर के सम्मानित व्यापारियों ने संयुक्त व्यापार मंडल के सहयोग से स्वेच्छा से अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु राष्ट्रहित में सच्ची श्रद्धांजलि प्रेषित की। व्यापारियों ने आज अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर वास्तव में राष्ट्र के प्रति अपना अपना समर्पण दिखाया। तीन घंटे की सांकेतिक बंदी का संपूर्ण समर्थन मिला। आज घंटाघर, बलदाऊ चौक, सराफा बाजार, भरत चौक, जवाहर गंज, राठ रोड, स्टेशन रोड, आर्यकन्या रोड डी वी सी चौराहा आंबेडकर चौराहा मिश्रा मार्केट बॉम्बे सिलेक्शन बाली गली मेन रोड अस्पताल गेट मच्छर चौराहा कृष्णा टॉकीज बाली गली इलाहाबाद बैंक चौराहा क्लब मार्केट जिला परिषद ओर विशेष रूप से बजरिया क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानों को बंद कर देश के प्रति ओर दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी सांत्वना दी। सफल बाजार बंदी के आयोजन में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन CAIT,सराफा बाजार एसोशिएशन औषधि विक्रेता परिषद के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने अपनी अपनी सहभागिता की।अंत में घंटाघर चौराहा पर एकत्रित होकर सभी व्यापारियों ओर पदाधिकारियों ने पहलगाम कश्मीर में दिवंगत हुऐ आत्माओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रेषित की।

# एसएसपी अलीगढ़ द्वारा ऑपरेशन जागृति 4.0 के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देकर छात्राओं को किया जागरुक

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना सिविल लाइन अन्तर्गत अलीगढ़ पब्लिक स्कूल में ऑपरेशन जागृति 4.0 अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी द्वारा ऑपरेशन जागृति अभियान 4.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, साइबर अपराधों से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई। महिलाओं/ बालिकाओं हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन- 1090, महिला हेल्पलाइन- 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन- 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा- 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि की जानकारी दी गई। छात्रों को ऑपरेशन जागृति के छः मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है- महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन साइबर हिंसा व सुरक्षा नशे के दुष्परिणामों से बचाव पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा।

## वेटरनरी यूनिट के ईएमआरआई लखनऊ मुख्यालय में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मना



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट के ईएमआरआई लखनऊ मुख्यालय में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया, जिससे माहौल जीवंत और प्रेरणादायक बन गया। प्रतिष्ठित पशु चिकित्सक डॉ. प्रीति, डॉ. चंद्रप्रभा, डॉ. साहिल, डॉ. शरद और उनकी समर्पित टीमों ने केक काटकर और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस विशेष दिन को मनाया। प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशान्त त्रिपाठी ने टीम को बधाई दी और उनकी अटूट सेवा भावना व समर्पण की सराहना की। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले अन्य सदस्यों में एस.पी. सिंह, विजय राठौर, श्रीस, प्रिया, सफ़ीना, बिशेक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने भी अपने संदेश में डॉक्टरों व सभी टीम के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें पशुपालकों को अधिक जागरूक और सशक्त बनाने हेतु अपने सेवाओं को और प्रभावशाली बनाने का आह्वान किया।



# कार्यालय : नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद : सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 96/न0पं0बि0/2025-26

दिनांक : 26/04/2025

## ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद-सिद्धार्थनगर में ''राज्य वित्त आयोग/टाउन फण्ड'' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित को देखते हुये नगर पंचायत बिस्कोहर में परशुराम तिराहे पर सौन्द्रीकरण का निर्माण कार्य कार्य हेतु नगर पंचायत बिस्कोहर के लिए ठेकेदारों से आनलाइन ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों हेतु निविदा डाल सकता है। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.etender.up.nic.in पर तथा नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| A | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन/अपलोड की तिथि | 26/04/2025 |
| B | वेबसाइट से ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 27/04/2025 अपराह्न 2.00 बजे से |
| C | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 02/05/2025 को सायं 3.00 बजे तक |
| D | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 03/05/2025 को अपराह्न 2.00 बजे |
| E | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 03/05/2025 को अपराह्न 4.00 बजे |
| F | निविदा मूल्य बिक्री की अन्तिम तिथि | 01/05/2025 को सायं 03:00 बजे तक |
| G | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत बिस्कोहर |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बिस्कोहर**
**सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बिस्कोहर**
**सिद्धार्थनगर**


## निर्माणाधीन परियोजनाओं में हो रही देरी पर जांच कमेटी गठित किए जाने के दिए निर्देश

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अध्यक्ष यूपी सिडको वाईपी सिंह ने सर्किट हाउस पहुॅचकर विभागीय कार्यों के साथ ही सांसद एवं विधायक निधि के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्य सर्वोत्तम गुणवत्तायुक्त, निर्धारित समयसीमा एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में विलम्ब नहीं होना चाहिए, इससे लागत बढ़ने के साथ ही विकास कार्यों का लाभ जनता को समय से नहीं मिल पाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्तर्विभागीय समन्वय एवं आपसी तालमेल के साथ कार्यों को पूर्ण करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कराया जाए। अध्यक्ष यूपी सिडको ने निर्माणाधीन परियोजनाओं में हो रही देरी पर जांच कमेटी गठित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिथिल पर्यवेक्षण एवं संवेदनहीनता के चलते 06 से 12 महीने तक कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि विकास परियोजनाएं एक बार आरम्भ होने के बाद समय से पूर्ण हों। अध्यक्ष द्वारा निर्माणाधीन आश्रम पद्धति विद्यालय अलहदादपुर, आगरा रोड मुकुन्दपुर स्थित आईएएस-पीसीएस कोचिंग सेंटर, अतरौली स्थित राजकीय बालिका छात्रावास के कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## सूचना

न्याया. मा. सिविल जज एसडी सहारनपुर. वाद सं.1273 सन-2024 पोपिन कुमार पुत्र श्री कटार सिंह निवासी ग्राम बुढेडा प. सरसावा तह. नकुड जिला सहारनपुर हाल पता त्रिवेणी विहार कालोनी ग्राम सलेमपुर पर0 सुल्तानपुर तह0व जिला सहारनपुर आधार नं.-5645 6132 0448 मो....9719330810 प्रार्थी/वादी....बनाम....श्रीमति अमृता उर्फ अमरीता पत्नी पोपिन कुमार निवासी ग्राम बुढेडा पर. सरसावा तह.नकुड जिला सहारनपुर आधार सं.-7209 4653 4345 मो0 न.-9719430810 -विपक्षीया/प्रतिवादिया हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दि013/5/25 को दस बजे दिन मेरे न्याया. में हाज़िर हो कर जवाब देही दावा कि करें उसी रोज जुमला गवाह दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्ब दर्ख़ास्त से सादिर होगा।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज एसडी सहारनपुर**


## कवि सम्मेलन व मुशायरा 27 अप्रैल को

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** साहित्यिक शैक्षिक एवं गंगा जमुनी तहजीब की नगरी जलालपुर में देश की एकता और वैभव को मजबूती प्रदान करने के लिए अदब शाला अनवर जलालपुरी वेलफेयर फाउंडेशन और हमदर्द कबीला एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में एक कवि सम्मेलन मुशायरा का आयोजन रविवार 27 अप्रैल को जलालपुर की एक शाम राष्ट्रीय एकता के नाम शीर्षक से नागपुर रोड पर आयोजित किया जाएगा जिसमें देश के कई मशहूर कवियों और शायरों की शिरकत होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष भारती जनता पार्टी एवं संजय सिंह ब्लॉक प्रमुख बसखारी होंगे। अदब शाला अनवर जलालपुरी वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष डाक्टर हसन सईद और मोहम्मद सद्दाम ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले कवियों शायरों में भाल चन्द्र त्रिपाठी, जमील खैराबादी, खुर्शीद हैदर मुजफ्फरनगर, संतोष सिंह अपर जिला अधिकारी ज़िला शामली, चांदनी शबनम, ग़ैबी जौनपुरी, कविश रुदौलवी,रीना तिवारी, निज़ाम बनारसी, अभय सिंह निर्भीक, अर्शी बस्तवी, प्रतिभा यादव, हलचल तांडव, सुरेश अकेला ,अयूब वफ़ा आजमगढ़ मजहर जलालपुरी, सुनील कुमार गुलज़ार आदि शामिल होंगे।

## वक्फ संशोधन कानून 2025 के बिंदुओं पर प्रकाश डाला

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** वक्फ सुधार जनजागरण अभियान को लेकर आज दिन



शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय बस्ती में कार्यशाला हुई। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री/ गोरखपुर क्षेत्र के प्रभारी (क्षेत्रीय प्रभारी) गोविंद नारायण शुक्ला ने वक्फ संशोधन कानून 2025 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कहा कि वक्फ के पीछे उद्देश्य था आम गरीब मुसलमानों का कल्याण, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के लोग अल्पसंख्यकों में भय पैदा करके उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते आए। इसी कारण वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 बनाया गया, ताकि वक्फ को सुव्यवस्थित किया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने कहा भाजपा संपर्क व संवाद कार्यक्रम के माध्यम से वक्फ संशोधन अधिनियम को जनता के बीच ले जाएगी। लोगों से मिलने के दौरान भाजपा कार्यकर्ता यह संदेश देंगे कि वक्फ संशोधन विधेयक-2025 अल्पसंख्यक कमजोर वर्ग और महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत करने में सहायक साबित होगा।

अवधनामा



## रागिनी बनी असिस्टेंट कमिश्नर

# राष्ट्रीय स्तर की कठिन यूपीएससी परीक्षा पास कर रचा इतिहास

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील कर्मदंडा, पूरे अमीर सिंह का पुरवा गांव की बेटी रागिनी यादव की कहानी आंसुओं, संघर्ष और अपार दृढ़ता की एक ऐसी दास्तान है, जो हर भारतीय के दिल को छू जाएगी। गरीबी के साये में पली-बढ़ी रागिनी ने कच्चे मकान की दीवारों के बीच अपने सपनों को संजोया, बार-बार असफलताओं से टूटते हुए भी हार नहीं मानी, और यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (क्क्रष्ट) की कठिन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा पास कर असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर (क्क्नष्ट) का सम्मानजनक पद हासिल किया। यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि हर उस परिवार की है जो आर्थिक तंगी और समाज की कठोर वास्तविकताओं से जूझता है।

**कच्चे मकान की दरारों से निकली उम्मीद की किरण**

रागिनी यादव, जिनके पिता रामबाली यादव दिल्ली की एक प्राइवेट नौकरी में पसीना बहाते हैं और माता श्रीमती उत्तम लाली यादव दिन-रात परिवार की चिंता में डूबी रहती हैं, का बचपन अभावों में बीता। उनके दो छोटे भाई हिमांशु यादव और दीपांशु यादव के सपनों को संभालते हुए, परिवार का कच्चा मका न बारिश में लीक होता और सर्दी में ठंड से कांपता था। शिक्षा की शुरुआत डीडी पब्लिक स्कूल से हाई स्कूल (2014) से हुई, फिर पॉलीटेक्निक में मैकेनिकल इंजीनियरिंग का डिप्लोमा लिया, लेकिन नौकरी न मिलने का दर्द उन्हें तोड़ गया। मजबूरी में रास्ता बदला–आजाद आईसी पालिया कुचेरा से इंटरमीडिएट (2019), मां त्रिपला देवी डिग्री कॉलेज से बीए और बीएड की डिग्री हासिल की। 2022 में यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा में 359.66 अंक लेकर टॉपर बनीं, लेकिन यह सफर आसान नहीं था।

**असफलताओं के आंसुओं से सींचा सपनों का पौधा**

रागिनी की जिंदगी कई परीक्षाओं में असफलताओं के गहरे घावों से भरी है। हर असफलता के बाद परिवार की उम्मीदों का बोझ और बढ़ता गया। प्रयागराज की गलियों में छोटे बच्चों को होम ट्यूशन देकर और एक कोचिंग में पार्ट-टाइम काउंसलर की नौकरी करके उन्होंने अपने सपनों को जिंदा रखा। रातों की नींद हराम, आंखों में आंसू, और दिल में हिम्मत–इसी से उन्होंने PSC की राह बनाई। आर्थिक तंगी ने उन्हें तोड़ा, लेकिन उनके हौसले ने उन्हें संभाला।

**दर्द के बीच मिला सहारा- अखिलेश यादव का साथ**

इस दर्द भरे सफर में, जब उम्मीदें धूमिल पड़ने लगीं, समाजवादी नेता अखिलेश यादव ने रागिनी के परिवार को आर्थिक सहायता का हाथ बढ़ाया। यह मदद उनके घावों पर मरहम बनी और परिवार की आंखों में नई चमक लाई।

# गार्गी सिंह आईएएस बन देश की सेवा करना चाहती है



**अयोध्या।** ग्राम रामपुर पुवारी निवासी शिक्षित परिवार में जन्मी व राजबली स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज मडना की इंटरमीडिएट की छात्रा गार्गी सिंह पुत्री जगदीश सिंह ने जिले में सातवां स्थान प्राप्त कर माता-पिता के साथ कॉलेज का नाम रोशन किया है गार्गी सिंह के पिता जगदीश सिंह डॉ मनीराम सिंह महाविद्यालय सरायराशी में प्रधान लिपिक व माता नीतू सिंह प्राइमरी स्कूल रामपुर पुवारी में शिक्षामित्र के पद पर कार्य रत हैं गार्गी सिंह वरिष्ठ पत्रकार एवं राजकीय डा बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता डॉ आनंद गोपाल सिंह की पौत्री व शिक्षक नेता अनुज सिंह की भतीजी है गार्गी सिंह ने कहा कि आगे चलकर वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है उसने कहा कि कक्षा 1 से लेकर 12 तक की शिक्षा राजबली स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज मडना में ही प्राप्त किया है उसने अपने साथी छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से सफलता हासिल की जा सकती है उसने अपने बाबा बच्चू लाल इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता हरिश्चंद्र सिंह को अपना आदर्श बताते हुए कहा वे सदैव हमें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते रहते हैं कॉलेज के प्रबंधक रवि यादव ने गार्गी सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा की कॉलेज में इसे समारोह पूर्वक सम्मानित किया जाएगा गार्गी सिंह को उसके पैतृक आवास रामपुर पुवारी में बधाई देने वालों का ताता लगा है

# प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के आदेशों को नहीं मानता अयोध्या जिला चिकित्सालय का रेडियोलॉजिस्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां तैनात रेडियोलॉजिस्ट पर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के स्पष्ट आदेशों की अवहेलना करने का आरोप है। यह मामला न केवल स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि सरकारी आदेशों की अनदेखी का एक उदाहरण बन गया है। सूत्रों के अनुसार, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य द्वारा एक समीक्षा बैठक में रेडियोलॉजिस्ट को नियमित समय पर ड्यूटी करने, मरीजों की रिपोर्ट समय पर देने और जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। यह आदेश इसलिए दिया गया था ताकि सामान्य जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें और सरकारी अस्पतालों की छवि सुधारी जा सके। लेकिन अयोध्या जिला चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट ने इन निर्देशों की अनदेखी करते हुए न केवल मनमानी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि



मरीजों को अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट समय पर नहीं दी गईं।

## अल्ट्रासाउंड कराने आने वाले मरीजों को नहीं मिल पा रही सुविधा

चिकित्सालय में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों और तीमारदारों का आरोप है कि अस्पताल में अधिकतर ओपीडी में चिकित्सक नौ बजे या उसके बाद बैठते हैं। ऐसे में अधिक भीड़ होने के कारण चिकित्सक से दवा व जांच लिखाने में लगभग 12 बज जाती है। जब मरीज अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचता है तो पता लगता है रेडियोलाजिस्ट डा.अजय चौधरी 11 बजे रिपोर्ट तैयार करने चले गए। जब कि डा चौधरी रिपोर्ट बनाने आरससी जाते ही नहीं हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है डा. चौधरी 11 बजे से डेढ़ बजे तक कहाँ रहते हैं। इस बीच मरीज या तो उनके आने का इंतजार करे या फिर दूसरे दिन फिर से जांच के लिए आए।

**क्या कहते हैं प्रमुखचिकित्सा अधीक्षक**

जिला चिकित्सालय में मरीजों को अल्ट्रासाउंड जांच कराने में हो रही दिक्कत के बारे में जब प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. एके सिन्हा से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी मिली है। जांच के लिए निर्देश दिए गए हैं। यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित रेडियोलॉजिस्ट पर कार्रवाई की जाएगी।

# आईएमए द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जम्मू कश्मीर पहलगाम मैं बेगुनाह पर्यटकों की हुई हत्या को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा अयोध्या द्वारा आज शाम 7:00 जिला चिकित्सालय अयोध्या के ब्लड बैंक के सामने से एक कैंडल मार्च निकल गया जो की रिकाबगंज होते हुए चौक घंटाघर से पु न जिला चिकित्सालय आकर समाप्त हुआ आई एम ए सचिव डॉक्टर प्रवीण मौर्य डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव डॉक्टर नानक स रन डॉक्टर अफरोज खान अध्यक्ष आर के बनोधाडॉक्टर दिलीप झा डॉक्टर पीयूष गुप्ता डॉक्टर सईदा रिजवी डॉक्टर कुमार वैभव डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव डॉक्टर मुकेश कुमार गौतम डॉक्टर एसएन द्विवेदी डॉक्टर शिवेंद्र सिं नहा डॉक्टर खुशबू डॉक्टर विनीत डॉ प्रियंका जैन डॉक्टर कुमार विक्रम डॉक्टर क माल खान नर्सेज संघ की अध्यक्ष पूनम गुप्ता स्टॉप हेमलता फार्मासिस्ट हनुमत दुबे संजय गुप्ता विजय वर्मा आदि लोग कैंडल मार्च में उपस्थित रहे।

## अयोध्या के मेलों को देखते हुए प्रदेश सरकार का बड़ा निर्णय

# सरयू नदी में होगा फ्लोटिंग बाथिंग कुंड का निर्माण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में पर्यटन और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरयू नदी में फ्लोटिंग बाथिंग कुंड का निर्माण किया जाएगा। यह कुंड आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें एक समय में 300 श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। यह कदम अयोध्या के मेलों और धार्मिक आयोजनों की भीड़ को देखते हुए उठाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक स्नान की व्यवस्था मिल सके।

अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या के धार्मिक महत्व को बढ़ाने के साथ पर्यटन नगरी के रूप में भी सजा-संवार रही है। इसी कड़ी में अयोध्या विकास प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं के लिए एक नायाब कुंड का निर्माण कराने का फैसला लिया है। योगी सरकार का यह प्रयास न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। फ्लोटिंग बाथिंग कुंड के निर्माण से अयोध्या में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक नया और आधुनिक अनुभव मिलेगा, जो उनकी यात्रा को और भी यादगार बनाएगा।

**सेफ्टी के रहेंगे सभी प्रबंध**

फ्लोटिंग बाथिंग कुंड में सेफ्टी बैरियर, रेलिंग, चेंजिंग रूम, बेंच और सोलर लाइट, एमरजेंसी सपोर्ट बोट, शॉपिंग आदि की सुविधाएं प्रस्तावित हैं। इसके अलावा, अन्य अत्याधुनिक इंतजाम भी किए जाएंगे, जो इसे पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक बनाएंगे। यह कुंड न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

**जानिए क्या है फ्लोटिंग**

फ्लोटिंग कुंड एक तैरती हुई संरचना होगी। यह हल्के और टिकाऊ सामग्रियों जैसे पॉन्टून, फाइबर-रिइन्फोर्स्ड प्लास्टिक या स्टील फ्रेम से बनाई जाती है। यह संरचना पानी पर स्थिर रहती है और नदी के उतार-चढ़ाव के साथ समायोजित हो सकती है।

**श्रद्धालुओं को करेगा आकर्षित**

अयोध्या विकास प्राधिकरण ही इस पूरे प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग करेगा। यह श्रद्धालुओं के लिए बेहद आकर्षक होगा। उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि प्रोजेक्ट की संरचना तैयार कर ली गई है। जल्द से इसका टेंडर करा दिया जाएगा।

# पश्चिमी नवलपरासी में तेंदुए के हमले में चार घायल

**महराजगंज।** पश्चिमी नवलपरासी के प्रतापपुर ग्रामीण नगर पालिका-छ मोतीपुर में शनिवार सुबह तेंदुए ने हमला कर दिया। जिससे चार लोग घायल हो गए। नवल परासी के जिला सूचना अधिकारी बीर दत्त पंत ने बताया कि घटना गुठी परसौनी क्षेत्र की है। गांव के लोग खेतों में काम कर रहे थे कि अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। घायलों की पहचान गुठी परसौनी, प्रतापपुर-छ के रघुबीर केवट, प्रेमलाल कोइरी, उमा कोइरी व सुस्ता-पांच के मोहम्मद मिया बताया गया। तेंदुए के हमले में उनके चेहरे, पीठ और सिर पर चोटें आईं। घायलों को तत्काल परासी के जैसवाल क्लिनिक भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेंदुआ अचानक खेतों से निकला और लोगों पर हमला कर जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना पर इलाका प्रहरी कार्यालय बेलाटारी नायब निरीक्षक खगेंद्र नारायण पांडेय के नेतृत्व में गुठी परसौनी थाना के प्रभारी सहायक निरीक्षक हरि कुंवर व सुस्ता/प्रतापपुर सब डिविजन वन कार्यालय बरुवा की संयुक्त टीम मौके पर तेंदुए की खोजबीन और अनुसंधान शुरू कर दी है। तेंदुए को नियंत्रण करने के लिए विशेषअभियान चलाया गया है। लोगों में दहशत का माहौल है और प्रशासन ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

# चार निजी अस्पतालों में मिली खामियां, नोटिस जारी

**महराजगंज।** मुख्य चिकित्साअधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला के निर्देशन में दो एसीएमओ व दो डिप्टी सीएमओ ने पांच निजी अस्पतालों की जांच की। जांच में चार अस्पतालों में खामियां देखने को मिली। जिन्हें नोटिस जारी किया गया है। सीएमओ ने बताया कि जिले में संचालित हो रहे निजी अस्पतालों की जांच के लिए टीम गठित की गई है। टीम में शामिल एसीएमओ डॉ. राकेश कुमार, एसीएमओ डॉ.एनएन प्रसाद, डिप्टी सीएमओ डॉ वीर विक्रम सिंह व डिप्टी सीएमओ डॉ.नीरज लाल कन्नौजिया ने विभिन्न अस्पतालों की जांच की। जांच में लिमरा हॉस्पिटल कोल्हुई के संचालक ,लाइफ लाइन हॉस्पिटल कोल्हुई के नियमित चिकित्सक, माँ राजेश्वरी हॉस्पिटल लोटन रोड कोल्हुई के संचालक, शौर्या हॉस्पिटल पनियरा में नामित चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए । हाथ ही इन अस्पतालों में अन्य खामियां पाई गई। इन चारों अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार एपेक्स हॉस्पिटल कोल्हुई बाजार की संचालिका उपस्थित मिली। जिनकी योग्यता बीयूएमएस है।अस्पताल में दो पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहे। नियमित चिकित्सक के बारे में बताया गया कि वह अभी कुछ देर पहले चले गए ।

## मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया परिक्रमा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण, दिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल एवं जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे ने शनिवार को अयोध्या परिक्षेत्र के 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ककरही बाजार व पठान टोलिया के पास बन रहे नाले का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने परिक्रमा मार्ग पर लगे बिजली के पोल और तारों को हटाने के निर्देश भी दिए, जिससे श्रद्धालुओं को परिक्रमा के दौरान कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही नया घाट पर बन रहे बोर्ड के प्लेटफॉर्म के निर्माण कार्य को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने भजन संध्या स्थल का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर राम प्रसाद त्रिपाठी, एआरओ राजकुमार पांडेय, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-3 और खंड-4 सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# थाना दिवस में डीएम व एसपी ने टीम बनाकर समस्याओं का निस्तारण करने के दिये निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** थाना मसौली मे आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुँचे जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी एव पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने फरियादियों की फरियाद सुनते हुए टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिया।जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें कि सी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। उन्होनें वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। शिकायतकर्ता आशारानी पत्नी अग्निहोत्री निवासी मलौली ने जिलाधिकारी से फरियाद करते हुए गांव केही कमलेश शुक्ला पर जमीन हड़पने कि शिकायत की। ग्राम डडियामऊ निवासी पूनम सिंह ने दीपक सिंह पर बंटवारे की शिकायत की। नहामऊ ग्राम प्रधान बसंती देवी ने खड़ंजा मार्ग पर हुए कब्जे की शिकायत की। बांसा निवासी संतोष कुमार पुत्र राम विलास ने राजनरायण पुत्र वंशीलाल पर जमीन हड़पने की शिकायत की कुरथरा मजरे त्रिलोकपुर निवासी कामिनी देवी ने रमेश पर जमीनी विवाद की शिकायत की। देवकलिया ने भूमि विवाद की तहरीर दी, भोहरा खुर्द मजरे शहादतगंज निवासी अवैध कब्जे की शिकायत की। जिलाधिकारी एव पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतकर्ता से अपने शिकयती प्रार्थना पत्र में मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करने को कहा। इसके पश्चात जिलाधिकारी एव पुलिस अधीक्षक नागरिक एव उड्डयन मंत्रालय के महानिदेशक वरिष्ठ आई ए एस अधिकारी फैज् किदवाई के आवास पर जाकर मुलाकात की तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रफी अहमद किदवाई के स्मारक पर श्रदासुमन अर्पित करते हुए नवनिर्मित महिला डिग्री कॉलेज का जायजा लिया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक सनत मिश्रा, राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, चौकी प्रभारी अभिनंदन पाण्डेय, विनय यादव, राकेश यादव, राजकरन सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में फरियादियों ने लगाई गुहार

जैदपुर बाराबंकी। थाना परिसर में समाधान दिवस का किया गया आयोजन, पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा की गई जनसुनवाई। बताते चलें कि जैदपुर थाना परिसर में शनिवार करीब 2:00 बजे तक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व राजस्व के सहयोग के टीम द्वारा क्षेत्र से आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की क्षेत्र से करीब 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। उक्त सभी प्रकरणों में टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# पूर्व प्रदेश मंत्री ने किया पंचायत भवन लाइब्रेरी का जायजा



**मसौली बाराबंकी।** शनिवार को प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री नानकदीन भुर्जी ने पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी का जायजा लेते हुए बच्चो को शीघ्र कंप्यूटर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। भुर्जी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्वमंत्री नानकदीन भुर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के क्रम मे ग्राम पंचायत बड़ागांव मे लोगो से जनसम्पर्क किया तथा पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी मे पढ़ रहे बच्चो से संवाद करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्वमंत्री ने बच्चो को जल्द ही कंप्यूटर उपलब्ध कराने का अश्वासन दिया। लाइब्रेरी की प्रसंसा करते हुए पूर्वमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अंचल मे शुरु की गयी पहल बहुत सराहनीय है उन्होंने बच्चो को दिल लगाकर पढने का आशीर्वाद देते हुआ कहा कि इस लाइब्रेरी को हम मुख्यमंत्री तक पहुंचाऊंगा। इसके पश्चात ग्रामीणों से मिलकर भाजपा को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, गंगाराम गुप्ता, दीपक यादव, शौरभ यादव, विशाल यादव, बलराम आदि लोग मौजूद रहे।

# दो बाइको की आमने सामने की टक्कर में महिला सहित दो युवती घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** याकूतगंज गाँव के पास दो बाइको की आमने सामने जोरदार भिड़ंत में एक महिला सहित दो युवती घायल। ज्ञात हो कि जैदपुर थाना क्षेत्र के याकूतगंज गांव के पास शनिवार करीब 1 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं इस घटना मे दो युवती सहित बाइक पर सवार महिला सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों नें इसकी सूचना एम्बुलेंस और डायल 112 को दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा। जहाँ दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अकबरपुर निवासी महेश के यहाँ शादी समारोह मे शामिल होने आयी उनके साढ़ू की बेटी महेश की बहू को बैठाकर खुशहालपुर गाँव किसी कार्य से जा रही थी। तभी रास्ते मे याकूतगंज निवासी बाइक लेकर सामने से आ रही निर्मल की बेटी से यह दुर्घटना हुई है।

# शिवसैनिको ने फूंका पाकसेना प्रमुख और प्रधानमंत्री का पुतला, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के शिवसैनिको ने प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत विगत जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की विरोध में प्रदेश महासचिव/मीडिया प्रभारी मनोज मिश्र विद्रोही के अगुवाई में नगर के छाया चौराहे पर नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर तथा प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का संयुक्त रूप से पुतला फूंका और जिलाधिकारी कार्यालय में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही ने कहाकि पाकिस्तान निरंतर अपनी आतंकी गतिविधियां जारी रखते हुए विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष विदेशी पर्यटको व भारतीयो की आतंकवादियों से निर्मम हत्या करवाई इस घटना से पूरे देश के जन मानस में आक्रोश व्याप्त है और पाकिस्तान के विरुद्ध तत्काल कठोर सैन्य कार्यवाही की मांग करता है। श्री विद्रोही ने देश के पंत प्रधान नरेंद्र मोदी से मांग किया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ व सेना प्रमुख आसिम मुनीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कटघरे में खड़ा किया और आतंकी साजिशो को बेनकाब किया जाए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित जी, जिला उप प्रमुख अजय गुप्ता, भवानी सेना जिला प्रमुख मीरा श्रीवास्तव, युवा सेना प्रमुख मनोज सिंह मिंटू, अशोककुमार, चंद्र शेखर, बाबा सरवन,रमेश वर्मा,अर्जुन वर्मा, राम सिंह शिल्पकार आदि उपस्थित थे।

# अवैध कब्जे को लेकर किसानों ने पुलिस से की शिकायत

**जैदपुर बाराबंकी।** टंडनपुरवा में चकमार्ग पर अवैध कब्जेदारी को लेकर किसान ने किया थाने में किया शिकायत। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडन पुरवा गांव निवासी ग्रामीणों ने चक तक जाने वाले चक मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से की गई कब्जेदारी के संबंध में थाना जैदपुर में शनिवार को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि चकमार्ग पर किए गए अवैध कब्जेदारी के कारण अपने खेतों तक कृषि संसाधन ले जाने में काफी सुविधा हो रही है। जबकि नक्शे में चक मार्ग चिन्हित है। किसानों ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जेदारी को हटाने की मांग की है।

# सोनपति देवी महिला पीजी कॉलेज में छात्राओं को दी गई विदाई



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सोनपति देवी महिला पीजी कॉलेज के सभागार में एमए अंतिम वर्ष राजनीति विज्ञान की छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. शांतिशरण मिश्र ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में पूरी क्षमता के साथ चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. हरि प्रकाश शर्मा ने छात्रों से उद्देश्यों के साथ आगे बढ़ने और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्ति तक परिश्रम करने का आह्वान किया। विदाई समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. तेज बहादुर वर्मा, हरिओम पांडे, दुर्गा शंकर, प्रिया दुबे, विनय कुमार पटेल, शुभम प्रजापति समेत कई गणमान्य जनों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन एमए अंतिम वर्ष की छात्रा प्रिया पटेल ने किया। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। अंत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## भा.मा.जा संगठन ने पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** भारतीय मानवाधिकार जागृति संगठन की एक आवश्यक बैठक शनिवार को रानी मोहभक्त लक्ष्मी घाट पर जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव, जिला संयोजक सतीश चंद्र त्रिपाठी, अमित कुमार मिश्र तमाम वक्ताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों के विषय में कहा कि इस हमले में तमाम लोगों की निरशंस हत्या किया गया है संगठन इसका प्रबल विरोध करता है।

संगठन सरकार से मांग करता है कि भविष्य में किस प्रकार की दूसरी कोई भी घटना न होने पाए। सरकार को चाहिए कि जम्मू कश्मीर में उचित कदम उठाकर वहां के हालात को सामान्य करने में कोई भी कोर कसर ना छोड़े। आज पूरा देश सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। हम सब सरकार के द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत और समर्थन करते हैं। वक्ताओं ने हमले में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने और मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर भगवान से प्रार्थना किया। आज के दौरान अमित कुमार मिश्र, अमित श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, अनिल कुमार श्रीवास्तव, नितिन सोनी, संतोष कुमार, इम्तियाज अली, राम सुमेर, वशिष्ठ त्रिपाठी, कृष्णा मिश्रा सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे थे।

## जबड़े के ट्यूमर का हुआ सफल आपरेशन, मरीज स्वस्थ

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के बढ़नी रोड के भारतीय स्टेट बैंक के सामने स्थित डा आमिर डेन्टल एण्ड फेशियल ड्रामा सेन्टर के डेन्टल एवं सर्जन डा आमिर खान ने जबड़े के ट्यूमर का सफल आपरेशन किया गया। पीड़ित, जबड़े के ट्यूमर के आपरेशन से अब स्वस्थ हैं। आपको बता दें कि तहसील शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम गंगवा निवासी अंजली देवी के उपरी जबड़े में कई बर्षों से ट्यूमर था और अज्ञानता के करण विभिन्न तरह की दवाईयों को काफी दिनों से खा रहीं थीं, जब कोई फर्क नही हुआ तो वह पीड़ित लखनऊ, दिल्ली व मुंबई जैसे बड़े शहरो मे जाने की तैयारी कर रही थी। इसी बीच उन्होंने डा0 आमिर खान से सम्पर्क किया, जिनकी क्लीनिक भारतीय स्टेट बैंक के सामने बढ़नी रोड शोहरतगढ़ में डा0 आमिर डेन्टल एण्ड पेशियल ड्रामा सेन्टर के नाम से स्थित है। आपको बता दें कि डा0 आमिर खान, डेन्टल एवं ओरल सर्जन हैं। अन्ततः डा0 अमिर खान एवं उनकी टीम के द्वारा शोहरतगढ़ के एक निजी अस्पताल में अंजली देवी के ट्यूमर का सफल अपरेशन हुआ। वहीं आपरेशन के बाद अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। जबड़े के ट्यूमर से पीड़ित (अंजलि देवी) ने बताया कि डा0 आमिर खान के शोहरतगढ़ में बैठने से जनपदवासियों को जबड़े एवं दांत से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के बड़े आपरेशन के लिए बड़े शहरों में पलायन नहीं करना पड़ेगा।

## भारत नेपाल सीमावर्ती पर पेट्रोलिंग कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र खुनुवा बाजार व आसपास के इलाकों में शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल व पुलिस जवानों के साथ संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग कर सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सशस्त्र सीमा बल के राजेश कुमार मीना, बबलू सिंह व प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष यादव और खुनुवा पुलिस चौकी प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बड़ी संख्या में सुरक्षा जवानों के साथ मुख्य मार्ग सहित आसपास के इलाकों में पेट्रोलिंग किया। सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों से बातचीत करते हुए सुरक्षा जवानों ने जगह जगह ठहर कर नागरिकों से बातचीत करते हुये कहा कि क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के दिखने पर पुलिस को सूचना दें और सीमावर्ती इलाकों की गतिविधियों पर नजर रखने में सहयोग करें।

## कांग्रेसी नेता ने की पहलगाम हमले की निंदा

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायराना आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता आसिफ़ रिज़वी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की साज़िश पाकिस्तान ने रची है जिसमें हमारे देश को 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई और तमाम लोग अस्पतालों में जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहे हैं। हम कांग्रेस पार्टी के लोग पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है । इस कायराना आतंकी हमले के खिलाफ हम कांग्रेस पार्टी के लोग सरकार के हर फैसले के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दांवों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए ।और आतंक वादियों को एसा सबक सिखाये कि फिर कहीं कोई आतंक करने से पहले आतंकी लोग सौ बार सोचे उन्होंने कहा कि उन लोगों की क्या खता थी वो तो घूमने गये थे उनको तो कुछ मालूम भी नहीं था मगर इन आतंकियों ने ये भी नहीं सोचा कि कितने घर बर्बाद हो जाएंगे मैं सरकार से यही कहूंगा कि जैसे आतंकियों ने बे गुनाहों का खून बहाया है वैसे ही उन लोगों को एसी सजा दी जाए जिससे भारत से पूरी तरह से आतंकी खत्म हो जाये।

## प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन




**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल (तिलौली) मे शनिवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन डॉ दशरथ चौधरी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ब्लॉक मिठवल एवं अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार रंजन के उपस्थिति मे किया। शासन की मंशानुसार प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र समस्त जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर खोला जाना है जहां से मरीजों को अस्पताल के फ्री दवाओं के साथ साथ ज़न औषधि केंद्र से सस्ती दवायें भी मिल सके ज़न औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाओं के साथ साथ सिरिंज, आई वी कैनुला, सनेटरी पैड बहुत ही सस्ते दाम पर मिलता है उद्घाटन के समय अस्पताल ले समस्त अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्वास्थ बहन बेटियां एवं शिक्षिकाएं ही देश के भविष्य की जननी हैं : सांसद

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** स्वास्थ बहन, बेटियां एवं शिक्षिकाएं ही देश के भविष्य की जननी हैं। दुनिया जानती है कि एक मां की गोद ही दुनिया की पहली यूनिवर्सिटी है। यही नहीं माएं, बहने और बेटियां ही जगत की जननी है। यही बेटियां कल की भविष्य और जगत जननी बनेंगीं। उक्त बातें शनिवार को लोहिया कला भवन में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ इकाई द्वारा ÷एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एवं यूपी बोर्ड में टाप टेन स्थान प्राप्त बच्चियों के साथ नारी प्रतिभा सम्मान समारोह÷ आयोजन के बतौर मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने हाल में मौजूद बच्चियों, महिला शिक्षिकाओं और उपस्थिति अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि जनपद में शिक्षा विभाग में महिला शिक्षक संघ द्वारा यूपी बोर्ड में टाप टेन स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित करने का यह अवसर प्राप्त रहा है, जो आने वाले समय का एक नजीर होगा। सांसद ने कहा कि महिला शिक्षिकाओं की सभी तरह की समस्याओं को सीएम योगी के संज्ञान में लाकर निराकरण किया जाएगा। आज भाजपा सरकार में देश की सभी सम्मानित शिक्षिकाओं और महिलाओं एवं नारी का जो सम्मान है किसी अन्य पार्टी में नहीं था। यूपी बोर्ड परीक्षा में (10वी एवं 12वी) परीक्षा में टाप टेन में सम्मिलित बच्चियों को सम्मानित किया गया साथ ही बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्यनरत ऐसी बच्चियों को भी सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर जवाहर नवोदय एवं आश्रम पद्धति के विद्यालयों में जगह बनाई। कार्यक्रम को सीडीओ जयेंद्र कुमार एवं बीएसए शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं और बच्चियों को आगे आना चाहिए। महिला शिक्षिकाओं का योगदान समाज में अतुलनीय है। जीवन की प्रथम गुरु एक मां ही होती है। अंत में महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष सुषमा सिंह ने सांसद का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे 300 किलोमीटर चलकर नारी सम्मान बढ़ाने के लिए हम सभी की बीच पहुंचे, हम आजीवन अजीन आभारी रहेंगे। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन एवं श्रावस्ती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यकम में जनपद की प्रतिभा शाली बच्चियों को शील्ड एवं बैग देकर सम्मानित किया गया। इनमें वो बच्चियां शामिल है जिन्होंने राष्ट्रीय एवं मंडल स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाग किया एवं विजई हुयीं। संचालन शिक्षिका आरती शुक्ला व अध्यक्षता संघ की जिला अध्यक्ष सुषमा सिंह ने किया। इस अवसर पर संघ की अध्यक्ष सुषमा सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उसका आरती शुक्ला, महामंत्री रश्मि जायसवाल , उपाध्यक्ष निशात अंजुम, शना परवीन, जिलामंत्री भाजपा फतेह बहादुर सिंह, संसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शशि बंदना दुबे, शाशिकला सिंह, रंजना त्रिपाठी, पूनम त्रिपाठी, बीनू शर्मा, मंजुला पाण्डेय, उपमा मिश्रा, सिंपल सिंह, साधना गुप्ता, उमा, बंदना ऋचा अग्रवाल, सुलेखा, कामिनी, सीमा, प्रिया, अनिता, निधि त्रिपाठी, प्रतिभा सिंह व कविता शर्मा आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## डॉक्टर जाकिर हुसैन पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने रचा इतिहास

### उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय हुआ गौरवान्वित




अवधनामा संवाददाता


**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** डॉक्टर जाकिर हुसैन पब्लिक स्कूल इण्टर कॉलेज औरहवा बढ़नी के प्रतिभाशाली छात्रों ने हाल ही में घोषित हुई यूपी बोर्ड परीक्षाओं में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट स्तर पर छात्रों ने अद्वितीय अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि लगन और समर्पण से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। हाई स्कूल के परिणाम में कु. आसिफा ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। कु. अफरा एबाद ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया।

वहीं कु. तबस्सुम 87 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम में, इंटरमीडिएट परीक्षा में कु. शादिया मुश्ताक ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अपने नाम किया। कु. अजरा सुनदुस ने 81 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और कु. फरीदा ने 79.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इन छात्रों की अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक अब्दुल मुबीन और प्रधानाचार्य अब्दुर्रकीब ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस शानदार उपलब्धि को छात्रों की अथक परिश्रम, शिक्षकों के निष्ठावान मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का सुखद परिणाम बताया।

इस अवसर पर विद्यालय के समर्पित अध्यापकगण सर्वश्री कमरूल हुदा, शशांक पाण्डेय, राजेश विश्वकर्मा, असदुल्लाह, सज्जाद हुसैन और राम औतार विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। डॉक्टर जाकिर हुसैन पब्लिक स्कूल अपनी उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली और छात्रों के समग्र विकास के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहा है, और इस वर्ष का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम इस प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सफलता अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी और वे भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जनपद के टॉपटेन सूची में सगे भाई-बहन ने लाया स्थान

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** दूर दृष्टि..कड़ी मेहनत..पक्का इरादा हो तो सफलता आपकी कदम चूमेगी । यह पंक्तियां यूपी बोर्ड की कक्षा 10वीं के छात्र सगे भाई-बहन रुद्रेश एवं अंशिका ने जनपद के टॉपटेन सूची में शामिल होकर कर दिखाया है। इन दोनों भाई-बहन ने गरीबी और अभाव को पीछे छोड़कर अपनी कड़ी मेहनत से उम्मीदें तो जगाई ही, सपनों को नया पंख दे दिया है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा का परिणाम शुक्रवार दोपहर जारी किया गया। जिसमें क्षेत्र के बांसी-धानी मार्ग स्थित सिसहनीया गांव के ब्रह्मा नन्द उपाध्याय ( रिंकू) के पुत्र रुद्रेश 94 प्रतिशत एवं अंशिका 93.33 प्रतिशत हासिल कर दोनों सगे भाई -बहन ने जनपद के टॉपटेन सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है । इस सफलता से परिवार के साथ पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। लोग दोनों बच्चों को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। रूद्रेश जनपद के टॉपटेन सूची में सातवां एवं अंशिका ने दसवां स्थान हासिल किया है। ये दोनों भाई-बहन जोखना देवी इंटर कॉलेज मंझरिया, खेसरहा के छात्र हैं। प्रारंभिक से लेकर हाई स्कूल तक की शिक्षा रुद्रेश एवं अंशिका ने जोखना देवी इंटर कॉलेज मंझरिया,खेसरहा से प्राप्त किया है। रूद्रेश एवं अंशिका ने बताया कि हम दोनों भाई-बहन प्रारंभिक शिक्षा से लेकर हाई स्कूल तक कभी कोचिंग का सहारा नहीं लिए है। हम दोनों स्कूल से आने के बाद सिर्फ घर पर रहकर किताबों से सात से आठ घंटे पढ़ाई करते हैं। अंशिका ने बताया कि हम दोनों शुरु से ही घर से बस द्वारा 12 किलोमीटर दूर जोखना देवी इंटर कॉलेज, मंझरिया पढ़ने जाते हैं। वहीं रुद्रेश ने बताया कि हम दोनों कई बार साइकिल से स्कूल पढ़ने जाने का प्रयास किए लेकिन स्कूल दूर होने की वजह से पापा ने मना कर दिया। रुद्रेश ने बताया कि आगे जेईई मेंस एवं जेईई एडवांस की तैयारी करेंगे। तो वहीं अंशिका ने कहा कि हमें नीट की तैयारी करना है,और डॉक्टर बनकर बीमार लोगों की सेवा करना है। रुद्रेश एवं अंशिका के पिता रिंकू उपाध्याय घर पर रहकर खेती किसानी का काम करते हैं , तो वहीं माता अनुपम उपाध्याय हाउस वाइफ हैं। रूद्रेश एवं अंशिका ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादी के साथ अपने गुरुजनों को दिया है। रुद्रेश ने कहा कि यदि मन में कुछ बड़ा काम करने की सोच हो और कड़ी मेहनत करने वाला हो तो सफलता उसके आगे आगे चलती है।कड़ी मेहनत और पक्का इरादा सफलता प्राप्त करने की सबसे बड़ी कुंजी है। वहीं परिवार के लोगों ने रुद्रेश एवं अंशिका को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बुलंद किया।

इस खुशी के अवसर पर सुखदेव उपाध्याय, अष्टभुजा उपाध्याय, दीपक मिश्र, सुनील पाण्डेय ,सौरभ पाण्डेय, सुशील मिश्र, मल्लू उपाध्याय, विपिन मिश्र, गिरजा पति उपाध्याय, दिवाकर उपाध्याय, आदर्श, देवांश मिश्र, कृष्ण गोपाल उपाध्याय, रामरक्षा, जितेंद्र, बृजेश, रवि मिश्र, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा, राम सवारे शर्मा आदि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

# आराध्या ने हाईस्कूल में हासिल किया जिले की टापटेन में आठवां स्थान, हर्ष की लहर

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बरगदवा स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओ ने शुक्रवार को घोषित यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट के परीक्षा परिणाम मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस बार भी अचछे अकं हासिल कर कालेज के नाम का डंका पूरे जिले मे बजाया है। कालेज की छात्रा आराध्या त्रिपाठी ने हाईस्कूल मे जिले की टापटेन की सूची मे आठवां प्राप्त कर कालेज का गौरव बढाने काम किया है।

छात्रा की सफलता पर कालेज के प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ शबबू, प्रधानाचार्य कृष्ण प्रताप सिंह, रामकेवल यादव आदि ने छात्रा को मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी।और सभी छात्र छात्राओ से आराध्या से प्रेरणा लेकर मेहनत से पढ़ाई करके इसी तरह अच्छे अंक लाकर कालेज का नाम रोशन करने की अपील की है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बरगदवा स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज का यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम इस बार भी शत प्रतिशत रहा। अधिकांश छात्र छात्राऐ प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए है। इन छात्र छात्राओ ने कालेज मे सर्वोच्च अंक हासिल किया। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बरगदवा स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट के छात्र अमरीश दूबे ने 90 प्रतिशत, मनीष त्रिपाठी व अफजल हुसैन ने 85 प्रतिशत, बबिता चौरसिया ने 90 प्रतिशत, अपूर्वा सिंह ने 87 प्रतिशत, कुमारी तारा ने 80 प्रतिशत, पूजा यादव ने 84 प्रतिशत, अन्नू ने 70 प्रतिशत, तथा हाईस्कूल मे आराध्या त्रिपाठी ने कालेज मे सर्वोच्च 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टापटेन सूची मे आंठवा स्थान हासिल किया। वही कालेज की छात्रा शालिनी सिंह ने 92 प्रतिशत, अंकिता गुप्ता ने 91.5 प्रतिशत, मीनू यादव ने 90 प्रतिशत तथा साक्षी वर्मा ने 90 प्रतिशत, वन्दना चौरसिया ने 91 प्रतिशत, निशा गुप्ता ने 90.6 प्रतिशत तथा आशू पाठक ने 90 प्रतिशत, अनूप चौरसिया ने 90.66 प्रतिशत, अंजली पाठक ने 92.5 प्रतिशत तथा मीनू यादव ने 90 प्रतिशत अकं हासिल किया है।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान जिला इकाई की हुई बैठक

**सिद्धार्थनगर।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान जिला इकाई की बैठक हुई। इस मौके पर संगठन को गतिशील और एकजुटता को देखते हुए पेंशनरों के सुख-दुख में शामिल होने के साथ ही पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान को लेकर तत्पर रहने की सभी से अपेक्षा की गई। समस्या का समाधान न होने पर संबंधित विभाग के जिम्मेदारों के खिलाफ आवाज बुलंद भी करने का निर्णय लिया गया। कोषागार कार्यालय में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान जिला इकाई की बैठक में सीएमओ कार्यालय के अधीन कार्यरत रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी व संगठन के बस्ती मंडल के अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने कहा कि पेंशनर्स संवर्ग की समस्याओं की अनदेखी किसी भी कार्यालय में किसी भी स्तर पर हुई तो इसके लिए सामूहिक रूप से निदान कराने के लिए पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन की अपेक्षाओं समेत संवर्ग के हितों को लेकर हर स्तर पर संघर्ष करना सभी पदाधिकारियों, सदस्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## पहलगाम आतंकी हमले का विरोध: विहिप और बजरंग दल ने पाकिस्तान का पुतला फूंका




अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार शाम को ढेबरुआ चौराहे पर आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला फूंका कर आतंकी घटना की कड़ी निंदा की गई। साथ ही मांग की गई कि भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक अजय प्रताप यादव ने कहा कि सरकार को आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल इसमें सरकार का पूरा सहयोग करेंगे। कहा कि यह हर नागरिक का हक है कि जहां आतंकवादी मिले उसे इसी प्रकार मारा जाए। जो देश इसका समर्थन करें उसे भी इसी तरह उस मारा जाना चाहिए। इस दौरान जिला मंत्री शिवा ,विहिप जिला उपाध्यक्ष संजय मित्तल, बजरंग दल जिला सहसंयोजक प्रेम चंद यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष मनीराम यादव,संजय अग्रहरी, हेमंत अग्रहरी, शिवांशु मिश्र, प्रवेश मिश्र, विजय सिंह चौधरी, राम पाठक, बेचन यादव आदि लोग रहे। इसी क्रम में नगर पंचायत बढ़नी में शिक्षक संगठनों ने कैंडल मार्च निकालकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए तथा आतंकवादियों का समूल नाश करने के लिए सरकार से मांग की। इस दौरान नगर अध्यक्ष सुनील अग्रहरि, प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा, जावेद आलम, इंद्रमणि, उमेश मौर्य, अरविंद आर्य, महेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र कुमार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आतंकी हमले के बाद भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट जारी है। एसएसबी व पुलिस की टीम सघन तलाशी अभियान चला रही है। सुरक्षा का जायजा लेने के लिए शनिवार को शोहरतगढ़ एसडीएम राहुल सिंह व सीओ सुजीत राय ने बॉर्डर क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। एसएसबी 50 वाहिनी एसी संजय केपी,एसडीएम व सीओ, ढ़ेबरुआ थाना एसआई राजा राम यादव चौकी प्रभारी बढ़नी अनिरुद्ध सिंह के साथ भारत-नेपाल की खुली सीमा का निरीक्षण किया। साथ ही नो मेंस लैंड पर आने-जाने वालों से पूछताछ की। बॉर्डर पर अधिकारियों ने पुलिस व एस.एस.बी. द्वारा की जा रही जांच का जायजा लिया। इस दौरान कस्टम चेक पोस्ट पर पुलिस व एसएसबी ने गुजरने वाले सभी वाहनों की जांच की। साथ ही लोगों के साथ मौजूद सामान की तलाशी ली। इसी क्रम मे एस.एस.बी. पुलिस, पीएसी के जवानो द्वारा इंडो नेपाल बार्डर पर पैदल गस्त किया गया। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं। विशेषकर इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है। सीमा पर तैनात एसएसबी 50वी वाहिनी बटालियन के जवानों को विशेष हाई अलर्ट पर रखा गया है। एसएसबी के जवानो नें सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। सीमा पार हर आने जाने वाले व्यक्ति की गहन तलाशी ली जा रही है।

# नेपाल और चाइना के बीच सम्बन्धो को करेगा मजबूत ये महोत्सव : ओली

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अब समय आ गया है कि बुद्ध के शांति के विचारों को पूरे विश्व में आगे बढ़ाया जाए। उक्त बातें नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने लुम्बिनी में लुम्बिनी विकास कोष और सारिपुत्र फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित चार दिवसीय चौथे अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन उद्घाटन करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नेपाल और चाइना के बीच सम्बन्धो को मजबूत करने, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब विश्व में उथल-पुथल मची हुई है, बुद्ध के विचारों का महत्व बढ़ रहा है। कहा कि बुद्ध के शांति के विचारों को पूरे विश्व में आगे बढ़ाने की शक्ति आ गई है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि दुनिया में खतरनाक प्रकार के हथियार विकसित हो चुके हैं और युद्ध से शांति नहीं आती। इसलिए आज सबसे बड़ी जरूरत शांति की है और बुद्ध की शिक्षाओं का महत्व बढ़ता जा रहा है।

## विद्यालय की छात्राओं ने जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर, तेतरी बाजार, के लिए यह गौरव का क्षण है कि विद्यालय की छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षक जयप्रकाश सिंह की पुत्री शिवांगी सिंह ने जिले में दूसरा स्थान, तथा शिक्षक दिनेश गुप्ता की पुत्री साक्षी गुप्ता ने दसवाँ स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हाईस्कूल में, विद्यालय की छात्रा श्री वर्मा ने जिले में सातवाँ स्थान तथा देवेश पांडेय ने नौवाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा है। छात्र-छात्राओं की इस उत्कृष्ट सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व की लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी मेधावी छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, परिवार के सशक्त मार्गदर्शन तथा विद्यालय द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण का परिणाम है। सफल छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा निरंतर प्रयासों को दिया है। विद्यालय के शिक्षकों एवं सहपाठियों ने भी उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित

कश्मीर घाटी के पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में भारत की मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर वज्र-प्रहार किए हैं। राजनयिक संबंध लगभग तोड़ दिए गए हैं और 1960 की ऐतिहासिक सिंधु जल संधि तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दी गई है। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई थी। अब पाकिस्तान वालों को भारत आने का, किसी भी तरह का, वीजा नहीं दिया जाएगा। सार्क देश होने के कारण जो छूट थी, उसे भी रद्द कर दिया गया है। राजनयिकों को भारत छोडने़ को मात्र एक सप्ताह का वक्त दिया गया है। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान के उच्चायोग में रक्षा, नौसेना, वायुसेना, थलसेना आदि के सलाहकारों को भी 48 घंटे में भारत छोडने़ के आदेश दे दिए गए हैं। अटारी-वाघा सीमा चेकपोस्ट को बंद कर दिया गया है। इस रास्ते से भारत में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी एक मई से पहले लौट जाएं। पाकिस्तान उच्चायोग में 55 कर्मचारियों की संख्या घटा कर 30 तय कर दी गई है। भारत भी इस्लामाबाद से अपने सैन्य सलाहकार और राजनयिक वापस बुला रहा है। बेशक जल संधि रोकने से तुरंत प्रभाव नहीं पड़ेगा। पानी निर्बाध होता है और भारत से बहुत सा पानी बहकर पाकिस्तान को जाता रहा है। यदि अब उसे रोकना है, तो भारत सरकार को कुछ छोटे बांध बनाने होंगे और पनबिजली परियोजनाएं भी शुरू कर पानी को बांधा जा सकता है। फिलहाल गर्मी के बाद मॉनसून के मौसम में बारिश से जल-संकट इतना महसूस न हो, लेकिन दिसंबर के सर्द मौसम से अप्रैल तक पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। वहां की खेती, बिजली और उद्योग सिंधु जल प्रणाली के भरोसे ही हैं। लाहौर, कराची, मुल्तान जैसे प्रमुख शहर सिंधु जल पर ही आश्रित हैं। पानी को रोक देने से 23 करोड़ से अधिक लोगों के सामने भरण-पोषण और खाद्य-संकट गहरा सकते हैं। बहरहाल मोदी सरकार ने इस बार आतंकी हमले का प्रतिशोध इस तरह लिया है, जिससे पाकिस्तान की अवाम सीधे तौर पर प्रभावी हो। कई बार सिंधु जल संधि को स्थगित करने का विचार किया गया, लेकिन अवाम को देखते हुए उस फैसले को टालना पड़ा।

इस बार भारत पराकाष्ठा की मुद्रा में है। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट कमेटी ने पाकिस्तान पर जो प्रतिघात किए हैं, उनकी स्पष्ट व्याख्या यह है कि खून के साथ जल नहीं बह सकता। जिस तरह आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते, उसी तरह आतंकिस्तान के साथ जल साझा नहीं किया जा सकता। बहरहाल पाकिस्तान पर यही पाबंदियां ही पर्याप्त नहीं हैं। भारत जीवन बचाने वाली दवाओं की आपूर्ति करता रहा है। उस पर भी तुरंत प्रभाव से रोक लगा देनी चाहिए। जिन देशों को पाकिस्तान कपड़ा और चावल भेजता है, भारत उन देशों में दखल करे। कपड़ा और चावल के उत्पादन को हम बढ़ा सकते हैं और किफायती दामों पर देशों को सप्लाई कर सकते हैं। इससे पाकिस्तान के पेट पर करारी लात पड़ेगी। इसके अलावा, जो विदेशी कंपनियां पाकिस्तान में निवेश करती हैं, भारत उन्हें साफ कहे कि यदि भारत के साथ कारोबार करना है, तो वे कंपनियां भारत में ही निवेश करें। दलील आतंकवाद की दी जा सकती है। भारत अभी दुबई, अबू धाबी में पाकिस्तानी टीम के साथ क्रिकेट खेल लेता है। इसका भी बहिष्कार किया जाए और क्रिकेट संबंध बिल्कुल ही खत्म किए जाने चाहिए। पाकिस्तान के खेल संघ दिवालिया हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के 42 लॉन्चिंग पैड हैं, जहां 130-150 आतंकवादी सक्रिय हैं। पाकिस्तान यह कभी भी कबूल नहीं करेगा, लिहाजा सरकार को सैन्य प्रहार पर भी विचार करना होगा। इस बार आतंकियों के ये अड्डे नहीं, बल्कि पाकिस्तानी फौज के केंद्रों पर हमले कर उन्हें विकलांग बना देना चाहिए। बेशक पाकिस्तान भी पलटवार कर सकता है, लेकिन उसकी आर्थिक हालत इतनी पतली है कि वह छोटा-सा टकराव झेल नहीं सकता। युद्ध तो बहुत दूर की कौड़ी है। यह विश्लेषण हमारा नहीं, उन रक्षा विशेषज्ञों का है, जो कश्मीर के मोर्चे पर सालों तक तैनात रहे और लड़ाइयों का नेतृत्व भी किया। वे पहलगाम हमले का प्रत्यक्ष साजिशकार पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर को मानते हैं, जिन्होंने बीते दिनों एक बेहद भडक़ाऊ संबोधन दिया था। वह आईएसआई के प्रमुख भी रहे हैं और कट्टरपंथी जमात से आते हैं। बहरहाल देश को अभी निर्णायक आघात का इंतजार है।

## नष्ट होती पृथ्वी को बचाएं



संजीव ठाकुर

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने, महानगर बने, मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है।**

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा



ललित गर्ग

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर



जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे। पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू-कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजैंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया।

पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकेगा, जिससे वह सही रास्ते पर आ जाए? पहलगाम का आतंकी हमला भारत की चेतना और उसकी अस्मिता पर किया गया भीषण हमला है। इस हमले के द्वारा भारत को ललकारा गया है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए। यदि युद्ध अपेक्षित हो तो उसे भी अंजाम देना चाहिए। उसकी परमाणु हमले की धमकियों से आखिर कब तक डरा जायेगा? इसी के साथ इस पर भी मंथन हो कि आखिर पहलगाम में आतंकी इतनी आसानी से इतने लोगों को मारने में सफल कैसे हो गए? सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ एवं सक्रियता जारी थी। ऐसे में भारत सरकार, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को और सतर्क रहना चाहिए था। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि कश्मीर में जब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे।

# पाक समर्थित आतंकवाद को कुचलने का वक्त

**कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद हालात जिस तरह से सामान्य हुए हैं। उसमें खलल डालने के लिए ये हमला किया गया है। टूरिस्टों पर हमला कर लोकल लोगों का बिजनेस ठप करने की कोशिश की गई है। पूरी वारदात भारत को नीचा दिखाने के लिए और हिंदू-मुसलमानों के बीच दरार डालने के लिए की गई है। आतंकियों ने नाम पूछकर लोगों को मारा है। ये भी काफी कुछ कहता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से कश्मीर जाने वाले हिंदू सैलानियों और कामगारों की संख्या में गिरावट आ सकती है। आतंकियों ने हिंदुओं को चुन-चुनकर मारा है। यानी आतंकियों का मैसेज साफ है कि वो कश्मीर में हिंदुओं को नहीं देखना चाहते।**



रोहित माहेश्वरी

इसमें दो राय नहीं कि सीमा पार पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों की शह पर कट्टरपंथी ताकतों की साजिश के चलते पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जो आतंकियों की हताशा को ही दर्शाता है। पहलगाम में हुआ हमला बीते 6 साल में कश्मीर में सबसे बड़ा टेररिस्ट अटैक है। इससे पहले पुलवामा में आतंकियों के हमले में 40 जवानों की मौत हुई थी। हमले की जिम्मेदारी द रजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ ने ली है। बीते कुछ साल में जम्मू-कश्मीर में होने वाले सभी छोटे-बड़े हमलों की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर या द रजिस्टेंस फ्रंट ने ही ली है। जम्मू-कश्मीर में करीब 20 साल तीन आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। 2019 के बाद इन आतंकी गुटों ने प्रॉक्सी नाम रखने शुरू किए। टीआरएफ का सुप्रीम कमांडर शेख सज्जाद गुल है। श्रीनगर में पैदा हुआ शेख सज्जाद अभी पाकिस्तान में है।

मीडिया ने हमले के दौरान मौजूद टूरिस्ट, पुलिस और डिफेंस एक्सपर्ट से हमले के तरीके, टाइमिंग और वजहों पर पड़ताल की। एक्सपर्ट मानते हैं कि हमला करने वाले आतंकी पाकिस्तान से आए थे। लोकल मिलिटेंट टूरिस्ट पर हमला नहीं करते। ये हमला उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दरार डालने के लिए किया है। मौके पर मौजूद दुकानदारों के मुताबिक, आतंकियों ने दुकानों से कुछ दूर झाड़ियों से फायरिंग की। गोलियां लगने से टूरिस्ट वहीं गिर गए। फायरिंग के बाद आतंकी भाग गए। सोर्स के मुताबिक, हमले में मरने वालों में लोकल कश्मीरी और विदेशी भी शामिल हैं। विदेशी नागरिक नेपाल और सऊदी अरब के हैं।

जानकारों के मुताबिक, कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद हालात जिस तरह से सामान्य हुए हैं। उसमें खलल डालने के लिए ये हमला किया गया है। टूरिस्टों पर हमला कर लोकल लोगों का बिजनेस ठप करने की कोशिश की गई है। पूरी वारदात भारत को नीचा दिखाने के लिए और हिंदू-मुसलमानों के बीच दरार डालने के लिए की गई है। आतंकियों ने नाम पूछकर लोगों को मारा है। ये भी काफी कुछ कहता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से कश्मीर जाने वाले हिंदू सैलानियों और कामगारों की संख्या में गिरावट आ सकती है। आतंकियों ने हिंदुओं को चुन-चुनकर मारा है। यानी आतंकियों का मैसेज साफ है कि वो कश्मीर में हिंदुओं को नहीं देखना चाहते। चाहे वो टूरिस्ट ही क्यों न हों।

कश्मीर घाटी में 80-90 के दशक में कट्टरता और आतंकवाद हावी था। तब कश्मीरी पंडितों के खिलाफ नफरत 1989 के आखिर में बहुत जहरीली हो गई थी। उन्हें लाउडस्पीकर पर चेतावनी देकर कश्मीर छोड़ने के लिए कहा जाता था। अशोक कुमार पांडे अपनी किताब 'कश्मीर और कश्मीरी पंडित' में लिखते हैं कि उस समय



कश्मीरी पंडितों और अखबारों में घर छोड़ने की जो धमकियां दी गई थीं वो हिजबुल मुजाहिदीन के लेटर पैड पर दी गई थीं। जेकेएलएफ और हिजबुल हिंसा की अगुआई कर रहे थे। उनके साथ करीब दो दर्जन छोटे-मझोले इस्लामिक संगठन पंडितों की जान के दुश्मन बने हुए थे। तब चेतावनी दी जाती थी कि पंडित मर्द भाग जाएं, उनकी औरतें यहीं रहें।

कश्मीर की त्रासदी झेलने वाले राहुल पंडिता अपनी किताब 'अवर मून हैज ब्लड क्लॉट' में लिखते हैं कि 19 जनवरी 1990 की रात मस्जिद के लाउडस्पीकर से लगातार आवाजें आ रही थी। मेरे मामा और पिताजी कुछ बात कर रहे थे। तभी बाहर जोर से आवाज आई 'नारा ए तकबीर, अल्लाह हु अकबर'। फिर आवाज आई, हम क्या चाहतेज्आजादी, ए जालिमो, ए काफिरो, कश्मीर हमारा छोड़ दो। फिर कुछ देर में नारेबाजी थम गई। जब मेरी मां ने इसे सुना तो वो कांपने लगीं। उन्होंने कहा कि भीड़ चाहती है कि कश्मीर को पाकिस्तान में बदल दिया जाए। उसमें पंडित मर्द न हों, लेकिन उनकी औरतें हों। कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के पलायन के बाद अब वहां हिंदू आबादी न के बराबर बची है।

जाहिर है, पहले की तरह इस बार भी आतंकी हमले के जरिये भारत को विश्व समुदाय के सामने कमतर या खंडित साबित करने की पाकिस्तान की मंशा बेकार साबित हुई। उल्टे पाकिस्तान की तरफ से आये हुए कुछ बयानात उसे ही संदेह के घेरे में डालते हैं। इस घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। पहलगाम हमले के दूसरे दिन पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए हैं। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया है। अटारी चेक पोस्ट के बंद होने से पाकिस्तान के लोगों की आवाजाही रुकेगी, हाई कमीशन से डिफेंस एडवाइजर्स हटाए और कम किए, भारत ने अपने डिफेंस एडवाइजर्स भी वापस बुलाए हैं। पाकिस्तान ने भी शिमला समझौता रद्द करने के अलावा कई कदम उठाये हैं। पाकिस्तान की पीड़ा सिंधु जल समझौते को लेकर है। भारत के पाकिस्तान से तीन युद्ध हो चुके हैं, लेकिन भारत ने कभी भी पानी नहीं रोका था, लेकिन पाकिस्तान हर बार भारत में आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार होता है।

पहलगाम में आतंकी हमले से जम्मू कश्मीर के लोग भी आहत हैं। इतना ही नहीं, कश्मीर की मस्जिदों से ऐलान किया गया। सरकार से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की अपील की गई। यह कश्मीर में बदली फिजां का एक और नमूना है। क्योंकि अब वहां आतंकियों के समर्थक नहीं दिखते। पहलगाम हमले के बाद वहां के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। इसकी गूंज पाकिस्तान तक जरूर पहुंचेगी। हमले के दो घंटे बाद कश्मीर की मस्जिदों से एक ऐतिहासिक ऐलान हुआ। कहा गया, पहलगाम हमला इस्लाम और मानवता के खिलाफ है। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और यह हमला कश्मीर की शांति और एकता को नष्ट करने की साजिश है।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में स्थानीय लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। वहीं श्रीनगर में स्थानीय लोगों ने मोमबत्ती जलाकर विरोध जताया। अगस्त 2019 में मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटा दिया था। 10 साल बाद 2024 में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। नेशनल कॉन्फ्रेंस की अब्दुल्ला सरकार बनी। हालात सामान्य होने लगे थे। इस दौरान कश्मीर में टूरिज्म बढ़ा है। दूसरे राज्यों से लोग काम के सिलसिले में भी कश्मीर आने लगे। यही वजह रही कि जहां 2020 में कश्मीर में मात्र 34 लाख पर्यटक आए थे, वहीं 2024 में दो करोड़ 35 लाख टूरिस्ट देश-विदेश से आए। निस्संदेह, पहलगाम की घटना ने पूरे देश को दुःखी किया है। जैसे-जैसे आतंकियों के निर्मम हमले से जुड़ी कहानियां निकल रही हैं, समाज में तल्ख प्रतिक्रिया नजर आ रही है।

# आतंकियों, उनके शरणदाताओं को देना होगा मुंह तोड़ जवाब

**पहलगाम में 22 अप्रैल मंगलवार की दोपहर को अपने आकाओं के नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान परस्त देशी व विदेशी आतंकियों के एक समूह ने निहत्थे-निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछ करके हिंदू होने पर उन लोगों की बेहद निर्ममता से हत्या की है, वह पाकिस्तान के इन भाड़े के पिट्ठूओं की इंसानियत को शर्मसार करने वाली बेहद ही कायराना व धूर्तता पूर्ण हरकत है।**

दीपक कुमार त्यागी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसारन घाटी में घूमने के लिए आये हुए पर्यटकों से मंगलवार की दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच धर्म पूछ कर हिंदू पर्यटकों की गोलीमार कर के निर्ममता से हत्या कर दी गयी। आतंकियों की गोलीबारी में अब तब 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई है और दो दर्जन से अधिक लोग घायल है। जिसके बाद से ही देश व दुनिया में भारत के अगले कदम के बारे में सोचकर के हड़कंप मचा हुआ है। इस घटना के बाद विदेश दौरे पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना दौरा बीच में छोड़कर के भारत वापस आ गये हैं। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने खुद घटना स्थल पर जाकर दौर किया है। राजधानी दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक देश के शीर्ष नेतृत्व की हाईलेवल बैठकों का दौर जारी है। इस जघन्य घटना को अंजाम देने के ढंग पर ध्यान दें तो आतंकियों ने एक बार फिर से भारत की भूमि पर इजराइल हमले की व आईएसआईएस के हमलों की दर्दनाक यादों को दोहराने का काम किया है। सूत्रों के अनुसार इस जघन्य आतंकी घटना में मरने वाले लोगों में से दो स्थानीय, दो विदेशी के अलावा बाकी नागरिक देश के विभिन्न राज्यों के रहने वाले हैं, जिनके घरों में इस जघन्य घटना के बाद से ही कोहराम मचा हुआ है।

जिस तरह से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल मंगलवार की दोपहर को अपने आकाओं के नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान परस्त देशी व विदेशी आतंकियों के एक समूह ने निहत्थे-निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछ करके हिंदू होने पर उन लोगों की बेहद निर्ममता से हत्या की है, वह पाकिस्तान के इन भाड़े के पिट्ठूओं की इंसानियत को शर्मसार करने वाली बेहद ही कायराना व धूर्तता पूर्ण हरकत है। आतंकियों के द्वारा पर्यटकों से धर्म पूछना और हिंदू होने पर उन पर निर्दयता से गोली चलाना जघन्य नरसंहार के साथ-साथ बेहद ही संवेदनशील विषय है। नियम-कायदे कानून पसंद लोगों को लगता है कि यह सब आतंकियों की इस घटना के बाद देश में धार्मिक दंगा फ़साद करवाने की एक बहुत बड़ी गहरी सोची-समझी साज़िश भी हो सकती है। इसलिए देश व समाज हित में हम सभी लोगों को धार्मिक उन्माद के माहौल से बचना होगा।

हमें हमेशा याद रखना होगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन उसके बावजूद भी इस क्षेत्र में पिछले कई दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने का काम निरंतर कर रहा है। इस आतंकवाद के चलते भारतीय लोगों के लहू से बार-बार कश्मीर घाटी की धरती से लाल होती रहती है। घाटी के इस क्षेत्र से आतंकवाद समाप्त करना आज भी भारत सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है। लेकिन अब वह समय आ गया है जब कश्मीर घाटी से आतंकियों की पूरी तरह से कमर तोड़ कर उसको



समाप्त कर देना चाहिए। इसके लिए आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक युद्ध में भारत सरकार को कश्मीर घाटी में अब बेहद सख्त कदम उठाने चाहिए। सरकार को आतंकियों की मज़हब के आधार पर मदद करने व पनाह देने वाले जिहादी और देशद्रोही लोगों के खिलाफ ÷योगी मॉडल÷ की तरह सख्त कार्रवाई करते हुए उनको जेल की सलाखों के पीछे भेज देना चाहिए। वहीं आतंकियों के आका पाकिस्तान को इजराइल की तरह सख्त जवाब देना चाहिए, तब ही देश में पाक परस्त आतंक पर आने वाले समय में लगाम लग सकती है।

वैसे देखा जाए तो यह हमला एक बेहद ही सोची-समझी साज़िश है, क्योंकि जिस वक्त भारत में अमेरिकी के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार के साथ आये हुए हों और वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी विदेशी दौरे पर गये हुए हों, ऐसी स्थिति में निहत्थे लोगों से धर्म पूछ-पूछ कर के हिन्दू पर्यटकों को चिन्हित करके उनकी गोली मारकर हत्या कर देना, झकझोर देने वाला एक बहुत ही बड़ा कायराना हमला है। यह हमला सनातन धर्मावलंबियों के साथ-साथ देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करके उसको खंड-खंड करने का एक बहुत ख़तरनाक दुस्साहस है। हालांकि हमारे नीति-निर्माताओं को आतंकियों के खात्मे के लिए देश से उनके स्लीपर सेल व उनको पनाह देने वाले लोगों को चिन्हित करके उनको खत्म करना ही होगा, तब ही देश में हम व हमारी आने वाली पीढ़ी अमचैन से रह सकती है।

दुनिया में मिनी स्वीटजरलैंड के नाम से प्रसिद्ध कश्मीर घाटी में जिस तरह से धर्म पूछ-पूछ कर हिंदुओं की टारगेट किलिंग आये दिन होती रहती है, यह क्षेत्र की डेमोग्राफी में बदलाव करने की बहुत बड़ी साज़िश है, जिसका प्रभाव स्पष्ट रूप से अब वहां के धरातल पर नज़र भी आता है, यह क्षेत्र अब लगभग हिंदू विहीन हो चुका है। धारा 370 हटने के बाद इस क्षेत्र में हालात बेहतर होने के बाद भी भय के चलते ही कश्मीर घाटी के हिंदू अपने घरों में वापस आने के लिए तैयार नहीं हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों के बावजूद भी इस क्षेत्र के हिंदू परिवार घाटी में वापस आकर रहने के लिए तैयार नहीं है और उनकी शंकाओं पर आये दिन हिंदुओं की टारगेट किलिंग की घटनाएं मौहर लगाने का काम करती हैं। हालांकि देश में मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से ही जम्मू-कश्मीर के क्षेत्र में सरकार व सिस्टम की कार्यशैली में बड़ा बदलाव आया है, मोदी सरकार में आतंकियों के विरुद्ध स्वतंत्रतापूर्वक कार्रवाई करने का सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से नज़र आता है। लेकिन फिर भी कहीं ना कहीं मोदी सरकार के मंसूबों को घाटी में आशा के अनुरूप अभी तक सफलता नहीं मिली है, क्योंकि इस क्षेत्र के कुछ लोगों की जहरीली जिहादी सोच उसमें बहुत बड़ी बाधक है। आज भी उस जहरीली जिहादी सोच के चलते ही भारत व इंसानियत के सबसे बड़े दुश्मन आतंकियों को कश्मीर घाटी के कुछ घरों में पनाह मिल जाती है, हालांकि भारत सरकार इस स्थिति पर निरंतर पैनी नज़र रखें हुए हैं। लेकिन देश व समाज हित में अब वह समय आ गया है कि जब जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में भी निवास करने वाले हर देशभक्त नागरिकों का कर्तव्य है कि वह मानवता के लिए बेहद घातक ऐसी जहरीली जेहादी मानसिकता की समय रहते हुए पहचान करके उनका डटकर के मुकाबला करें और स्थाई इलाज़ करें, आतंकवाद के मुद्दे पर हम सभी लोगों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर के एकजुट होना ही होगा। समय रहते इन जहरीले जेहादियों को सबक सिखाना पड़ेगा। वैसे भी हमें समय रहते विचार करना होगा जो व्यक्ति देश का नहीं हुआ, तो वह हम सभी सनातन धर्म के अनुयायियों का क्या होगा।

# विश्व हिन्दू परिषद ने आतंकवाद और पाकिस्तान का फूंका पुतला

■ कांग्रेस और बुन्देलखंड के कलाकारों ने निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता संवाददाता



**महोबा।** जम्मू कशमीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं, बुदेंली कलाकारों और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने अलग अलग तरीके से विरोध प्रर्दशन कर गुस्से का इजहार किया। विश्व हिन्दू परिषद ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारे बाजी की वहीं कांग्रेंसियों ने और कलाकारों ने आल्हा चैक पर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता आल्हा चैक में एक जुट हुए। जहां पर कांग्रेसियों ने पहलगाम में अतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए शहर में कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च रामलीला मैदान से चलकर शुक्रवारी बाजार, तहसील चैराहा से होते हुए आल्हा चैक मे पहुंचकर समाप्त हो गया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने आतंकी घटना की निंदा कर आतंकियों को कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष आफाक सरवर, राकेश सिंह, देव राज रैकवार, सलीम मंसूरी, राजू खान, बलदेव प्रसाद, मामा भारती, राहुल अहिरवार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बुंदेली कलाकारों ब्रजेश तिवारी, जुनैद गुरू, राज कुमार साहू, अमन, सपना, सीमा राजपूत सहित तमाम कलाकारों ने आल्हा चैक में पहुंच कर अतंकी घटना पर गुस्सा प्रकट करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ नारे बाजी की और आतंकवादियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांक की। बाद में कलाकारों ने आल्हा चैक पर कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पनवाड़ी प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा पनवाड़ी में विश्व हिन्दू परिषद ने राम जी दुबे के नेतृत्व में आतंकवाद और पाकिस्तान कापुतला फूंका। विहिप ने केन्द्र सरकार से पाकिस्तान को सबक सिखाते हुए बदला लेने की मांग की।

# दो अलग अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में, दो की मौत

संवाददाता संवाददाता

**महोबा।** जिले में दो अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शवों का पोस्टर्माटम कर पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दो लोगों की मौत से उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है। दुर्घटना के बाद चार पहिया वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। शहर के मुहल्ला गांधी नगर रिलाइंस पेट्रोल पंप के पीछे रहने वाले अंकित राजपूत 24 पुत्र सुन्दर लाल के घर में अंकित कुमार और पवन सोनी किराए से रहते थे, तीनों दोस्त बाइक से ग्राम बगवाहा एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे, शुक्रवार की रात को बाइक से वापस लौटते समय सूपा मोड़ के पास बाइक असंतुलित हो जाने से बाइक रेलवे की बैरीकेडिंग से टकरा गई, जिससे मकान मालिक अंकित राजपूत की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथी अंकित कुमार 26 और पवन सोनी 27 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर दोनो घायल का उपचार चल रहा है।

दूसरी घटना कबरई कौहारी मार्ग पर घटी। थाना कबरई के ग्राम कौहारी निवासी अभिनेंद्र सिंह उर्फ धीरज 35 पुत्र रणविजय सिंह बाइक से शुक्रवार की देर शाम को कबरई जा रहा था, तभी सुराहा और बबेड़ी गांव के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचना दी, परिजन आनन फानन मे मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी कबरई ले गए उसकी हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# एआइपीएमएम ने पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वक्फ कानून पर बनाई रणनीति

संवाददाता संवाददाता



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) की एक महत्वपूर्ण बैठक आज दिल्ली कार्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब अंसारी के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। बैठक की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महाज़ ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा की। बैठक में पसमांदा मुसलमानों की सामाजिक स्थिति और वक्फ संशोधन विधेयक के प्रभावों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने वक्फ संपत्तियों में अनियमितताओं और पसमांदा समुदाय के अधिकारों के हनन के मुद्दे उठाए। विधेयक के प्रस्तावित संशोधनों को पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने वाला बताया गया, जो वक्फ संसाधनों को जरूरतमंद पसमांदा तबकों तक पहुँचाने में सहायक हो सकता है। बैठक में दिल्ली के नव-नियुक्त अध्यक्ष डॉ. शारिद जमाल अंसारी, दिल्ली प्रभारी नफीस मंसूरी, मुख्तार अंसारी, रेहान असरारी, आसिफ सिद्दीकी, अलमास यज़दानी और तेलंगाना अध्यक्ष अदनान क़मर उपस्थित रहे। इन नेताओं ने पसमांदा हितों के लिए संगठित प्रयासों को तेज करने की प्रतिबद्धता जताई। शारिक अदीब अंसारी ने कहा पसमांदा मुसलमान देश के सबसे वंचित वर्गों में हैं। महाज़ उनकी आवाज़ को बुलंद करने और नीति निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वक्फ संपत्तियाँ हमारी साझा धरोहर हैं, जिन पर पसमांदा समाज का विशेष अधिकार है। महाज़ ने देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाकर पसमांदा समुदाय के अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। संगठन ने भविष्य में भी ऐसी बैठकों के माध्यम से पसमांदा समाज की आवाज़ को नीतिगत स्तर तक पहुँचाने का वचन दिया।

# पत्रकार के पुत्र ने लहराया परचम जिले की टॉप टेन में नाम

संवाददाता संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (PMSP) द्वारा आज घोषित यूपी बोर्ड 10वीं कक्षा के परिणामों में KCGSVM विद्यालय मथुरा जिले के होनहार छात्र रोनित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला टॉप ,10 की लिस्ट में अपना नाम अंकित करा रचा इतिहास, रोनित ने 600 अंकों में से 547 अंक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।यूपी बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थीं, जिसमें लाखों छात्रों ने हिस्सा लिया। रोनित की इस उपलब्धि ने मथुरा के शैक्षिक परिदृश्य में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस सफलता को लेकर स्कूल प्रबंधन में और सहपाठियों में खुशी की लहर है। 5 ठिन परिश्रम और लगन का परिणाम रोनित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा पूर्व सैनिक होशियार सिंह दादी श्रीमती सुमन पिता गजेंद्र सिंह चौधरी पत्रकार माता श्रीमती कमलेश चाचा जीत चौधरी व शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। रोनित के माता-पिता ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, हमारा बेटा शुरू से ही मेहनती और अनुशासित रहा है। उसकी इस सफलता ने हमें गौरवान्वित किया है। रोनित के स्कूल के मैनेजर समीर बंसल प्रिंसिपल विनय कुमार वाइस प्रिंसिपल राजीव पाठक ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा, रोनित एक मेधावी छात्र है, जिसने अपनी लगन और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। वह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। मथुरा के लिए गर्व का पल मथुरा जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी रोनित की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा, रोनित ने मथुरा का मान बढ़ाया है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सामाजिक संगठनों का संवाद संपन्न

संवाददाता संवाददाता



**ललितपुर।** स्वैच्छिक संगठनों के नेटवर्क विकल्प के तत्वाधान में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सामाजिक संगठनों का संवाद कार्यक्रम स्थानीय सोसायटी फॉर का प्रगति भारत संस्थान के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुक्ति संस्था के संरक्षक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम के जनपद संयोजक प्रदीप चौबे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव बहुत ही अच्छा है। इससे जहां पर देश के धन के दुरुपयोग को बचाया जा सकता है वहीं हमारे संसाधनों का बेहतर उपयोग भी किया जा सकता है। आचार्य जी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष और विपक्ष दोनों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि यह प्रस्ताव तो बेहतर है लेकिन इसको लागू करना आसान नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मतदाता परिचय पत्र बनाने की प्रक्रिया आज से 30 वर्ष पूर्व प्रारंभ की गई थी जो आज भी पूर्ण नहीं कहीं जा सकती। उन्होंने कहा कि यदि एक राष्ट्र एक चुनाव जैसी प्रक्रिया सारी चुनौतियों को पार करते हुए लागू की जाती है तो हम सब उसके साथ हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम संयोजक, नेहरू महाविद्यालय प्रबंधक प्रदीप चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1967 तक पूरे देश में एक ही आम चुनाव होते थे और इसमें लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव साथ में हुआ करते थे। परंतु बीच में परिस्थितियों के कारण यह क्रम बिगड़ गया। आज लगभग प्रत्येक वर्ष देश में कहीं ना कहीं चुनाव चलता रहता है। उन्होंने कहा चुनाव के कारण आचार संहिता लगने से चुनाव की पूरी अवधि के लिए विकास कार्य रुक जाते हैं, बहुत बड़े-बड़े धनराशि चुनाव में खर्च होती है। उन्होंने देश पर चुनाव से देश पर पडने़ वाले आर्थिक बोझ की चर्चा करते हुए बताया की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरे देश में एक आम चुनाव में लगभग 7 लाख करोड रुपए खर्च होता है। अगर एक साथ चुनाव कराया जाए तो इसे हम 4 लाख करोड़ तक घटा सकते हैं। जो हमारी जीडीपी का 1.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अध्यक्षता में गठित एक कमेटी के द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव के हर पहलू पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इसको लागू करने के पहले अच्छी तरह से हर पहलू को समझने एवं उसके समाधान को ढूंढ कर उसे पर काम करने का प्रयास कर रहे है। इस अवसर पर मुक्ति संस्था के कन्हैया नामदेव, डीके पाल, धर्मसिंह कुशवाहा सहकार भारती, जयेश बादल, सुनील जैन आबू, दीपाली पटेरिया, वासुदेव सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, अनिल पटेरिया, भरत रावत, बृजेश गुप्ता, मोहनी जैन, रोशनी चांद, रमेश श्रीवास्तव, रमन शर्मा, कुंजबिहारी शर्मा, अशोक कुमार, विनय श्रीवास्तव एक्शन एड, शिशुपाल सिंह, कंचन सिंह परमार, सौरभ कुमार, जानी राजा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संचालन साई ज्योति के सचिव अजय श्रीवास्तव ने व आभार सोसायटी फॉर प्रगति भारत के अनिल पटैरिया ने जताया।

# चेयरमैन व सभासदों ने पहलगाम मृतकों को दी श्रद्धांजलि



संवाददाता संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पंचायत तालग्राम सभागार में चेयरमैन मोहसिन खॉन उर्फ जानू व सभी सभासदों ने विगत दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में चेयरमैन मोहसिन खॉन उर्फ जानू ने कहा कि देश की अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह आतंकियों और उनके सरपरस्त संगठनों के खिलाफ निर्णायक और कठोर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सभासदों उमेश चन्द्र, राजा, अतुल गुप्ता, बहार, राजेश शर्मा, नरेन्द्र शाक्य, पंकज ठाकुर, डा. अजीत यादव, नईम अहमद, कादिर मंसूरी, राशिद ने भी अपने संबोधन में हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद को मानवता के खिलाफ घोर अपराध करार दिया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध कठोर रुख अपनाए और इस वैश्विक समस्या को जड़ से समाप्त करे। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# विकास परियोजनाओं को गति दें अधिकारी: सदर विधायक

■ नये कार्यों हेतु जनप्रतिनिधियों के सुझाव कार्ययोजना में करें शामिल : जिलाधिकारी

संवाददाता संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद की विकास की परियोजनाओं की समीक्षा और उन्हें गति देने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यदायी विभागों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में विधायक रामरतन कुशवाहा, राज्यमंत्री प्रतिनिधि नरेश, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी द्वारा नए कार्यों हेतु सुझाव दिए गए और उन्हें नई कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कार्यदाई संस्थाओं/विभागों को निर्देश दिये कि नए कार्यों को कार्ययोजना में शामिल करते हुए प्रस्ताव बनाकर शासन भिजवाएं, ताकि जल्द से जल्द वे कार्य स्वीकृत हो सकें। बैठक में मुख्य रुप से वाईपास/रिंग रोड, धर्मार्थ कार्य, इंटरस्टेट चौड़ीकरण/ सुदृढ़ीकरण कार्य, 2011 की जनगणना के आधार पर 150 से अधिक आबादी को जोडने़ के लिए नवनिर्माण कार्य, ब्लैक स्पोट सुधार कार्य, लघु/दीर्घ सेतु, रेवले उपर्गामी सेतु, मार्गो की सामान्य मरम्मत आदि योजनाओं के तहत विस्तृत चर्चा की गई और सुझाव मांगे गए। इसके उपरान्त लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व अन्य विभागों ने नई कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया। राज्यमार्गो के चौड़ीकरण में बताया गया कि गिरार मार्ग का कार्य पूर्ण हो चुका है, इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज से करगन दैलवारा तक एवं बिजरौठा मार्ग को प्रस्ताव में शामिल कर लिया गया है। जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि जमौरामाफी तरगुंवा मार्ग जो कई वर्षो से नहीं बनाया गया, उसे कार्ययोजना में शामिल करने का सुझाव दिया गया। साथ ही जरावली मार्ग पर गांव से 1 किमी कच्चे मार्ग को पक्का कराने हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था की समीक्षा में बताया गया कि शहर में स्थिति सामान्य है, अधिकाश दुर्घटनाएं तालबेहट क्षेत्र में हो रही हैं, जिन्हें कम करने का प्रयास किया जा रहा है, विगत माह दुर्घटनाओं में कमी रही। इस पर निर्देश दिए गए कि शहर में डायवर्सन का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए और बड़े वाहनों के निकलने का समय निर्धारित किया जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, पर्यटन, यातायात, सामाजिक वानिकी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांके बिहारी सेवा समिति का सामूहिक विवाह 30 अप्रैल को

**मथुरा।** भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश के जनपद मथुरा में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन दिनांक 30 अप्रैल दिन बुधवार को अभी सेवा सदन सादाबाद रोड बलदेव मथुरा में आयोजित किया जाएगा बांके बिहारी सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन दाऊदी की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है बैठक में भोजन व्यवस्था और विवाह सम्मेलन से जुड़े प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि आयोजन सुचारू और भव्य रूप से संपन्न हो सके सभी को अपने-अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया गया बांके बिहारी सेवा समिति के महामंत्री देवेन्द्र सविता ने कहा कि अखतीज 30 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन दाऊजी बांके बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा इस वर्ष 31 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाएगा।

# आज से आरंभ होगा आनंद अनुभूति शिविर

■ केवल गुरु ही प्रवेश द्वार है आनन्द और खुशहाल जीवन का : सुबोध शर्मा विश्वास

संवाददाता संवाददाता




**ललितपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के जनपद में पहले योग शिक्षक सुबोध शर्मा ने कहा कि आप कहीं सड़क पर खो गए हों तेज हवाएं चल रही हों, बादल छाए हों, बहुत ठंड हो और तुम्हें आश्रय चाहिए. तुम चारों ओर देखते हो और तुम्हें एक प्रवेश द्वार मिलता है। तुम द्वार पर आते हो क्योंकि यह द्वार सड़क पर उपस्थित किसी भी चीज से ज्यादा आकर्षक, उत्सवपूर्ण और आनंदमय है। जैसे ही तुम गुरु के प्रवेश द्वार में आते हो तुम संसार को नये दृष्टिकोण से देखने लगते हो। जब तुम पूरी दुनिया को गुरु की दृष्टि से देखते हो तो यह एक संकेत है कि तुम गुरु के पास आ गए हो और अब तुम्हें अंधेरे और भयावह बादलों से अब तुम्हें डर नहीं लग रहा है. यहां प्रवेश द्वार में तुम्हें स्नेह और सुरक्षा के अलावा और अधिक सुन्दर प्रेम, आपसी सहयोग और करुणा से भरपूर एक मनोरम स्थान मिल गया है और तुम्हारा भय छूट गया है। बस यहीं से तुम्हारा नवजीवन प्रारम्भ हो गया है। सुबोध शर्मा ने कहा कि गुरु का प्रवेश द्वार (आनंद अनुभूति शिविर) 27 अप्रैल से खुल रहा है। उन्होंने लोगों से एक बार इस अनूठे शिविर में प्रवेश लेकर अपने और अपनों के जीवन को बदलते हुए स्वयं अपनी खुली आंखों से देखें। 27 से 30 अप्रैल तक आयोजित हैप्पीनेस कार्यक्रम में झाँसी से सीनियर योग शिक्षिका रुचि अरोरा के साथ दिव्य सुदर्शन क्रिया का अनुभव प्राप्त कर अपने जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन महसूस करें। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्कार शिक्षक जगदीश द्विवेदी ने सभी से आनंद अनुभूति शिविर में अतिशीघ्र ही पंजीकरण कराने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि आनंद अनुभूति शिविर के आयोजन के लिए आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर परिवार के सभी सम्मानित सदस्यगण तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# जिला कारागार का निरीक्षण कर दिये निर्देश

संवाददाता संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा भारी पुलिस बल के साथ कारागार का मासिक सुरक्षा आडिट निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरक अहातों में बंदियों की परेड का अवलोकन किया गया। बैरकों में बंदियों के सामान की तलाशी करायी गयी। साथ ही सुरक्षा उपकरणों की क्रियाशीलता के बारे में जानकारी की गयी। पाकशाला में बन रहे भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया।

जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों का हाल-चाल जाना। उन्होनें बंदियों को व्यस्त रखने के लिये कौशल विकास मिशन व अन्य कार्यक्रम में हो सकने वाले प्रशिक्षण की व्यवस्था को निरन्तरता बनाये रखें और अधिक से अधिक बंदियों के श्रम का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया तथा कारागार में विगत माह बंदी विशेष की अनुमन्य मुलाकात पर अधिक मुलाकात कराये जाने के बिन्दु पर वार्ता की तथा कारागार में पूर्व से स्थापित मुलाकात कक्ष का भी निरीक्षण किया। मुलाकात घर में बंदियों एवं पारिवारीजनों के मध्य आने वाले सरियाओं के बीच की दूरी बढ़ाकर अथवा दूसरे अड़गडे को हटाकर इसकी दृश्यता/ पारदर्शिता बढ़ायी जाये जिससे बने हुये मुलाकात स्थल का अतिशीघ्र सद्प्रयोग किया जा सके। निर्देश दिये गये कि अगले माह के निरीक्षण से पूर्व मुलाकात घर को व्यवस्थित कर नियमानुसार मुलाकात घर में भी मुलाकात करवायी जाये। कारागार में पर्याप्त सफाई पायी गयी। निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। कारागार का कार्यालय भी व्यवस्थित पाया गया।

निरीक्षण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा कारागार को सुगमतापूर्वक संचालन हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण में जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द, प्रभारी कारापाल/उपकारापाल रामबहाल दुबे, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, उपकारापाल उर्मिला सिंह, चिकित्साधिकारी डा0 सिद्धार्थ चौधरी, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कटियार के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित थे।

## दोषियों पर कार्यवाही करें और पीड़ितों को न्याय दिलायें

**बिलग्राम।** थाना बिलग्राम में आहूत थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कोतवाल राकेश कुमार यादव ने उपस्थित कानूनगो एवं लेखपालों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के फरियादियों की छोटी-छोटी समस्या के समाधान के लिए गांव स्थलीय निरीक्षण करें और पक्षों के अलाावा ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की उपस्थित में आपसी सुलह समझौते तहत निस्तारित करायें। उन्होने कहा सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए बताये स्थान को चिहिंत करे और अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए भूमि की नाप कराकर जो भूमि अवैध कब्जा की गयी है उसे पुलिस के सहयोग से कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों पर दण्डातमक कार्यवाही करें। इस अवसर पर राकेश कुमार ने बिट प्रभारी को निर्देश दिये कि थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ निमृल व्यवहार किया जाये और शिकायत का गहराई से अध्यन एवं जांच कराने के उपरान्त दोषियों पर कार्यवाही करें और पीड़ितों को न्याय दिलायें।

# ठगी पीड़ितों को खुशियां लौटाई

संवाददाता संवाददाता



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा साइबर अपराध एवं साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने व साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एवं साइबर नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में व गुरसहायगंज प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में साइबर सेल टीम थाना पुलिस के द्वारा साइबर अपराधियों द्वारा की गई साइबर ठगी को रोकते हुए पीड़ितों की धनराशि वापस कराते हुये उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। बताते चलें कि थाना गुरसहायगंज क्षेत्र में साइबर अपराधियों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों व मोहल्लो में विभिन मॉडस ऑपरेंडी (अपराध करने का तरीका) का प्रयोग करते हुए जनमानस को साइबर ठगी का शिकार बनाकर पीड़ितों के बैंक खातों को खाली किया गया था। साइबर पुलिस द्वारा जारी साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 का पीड़ितों द्वारा प्रयोग कर साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई थी। साइबर सेल गुरसहायगंज प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के नेतृत्व में साइबर सेल में नियुक्त हेड कांस्टेवल/कम्प्यूटर ऑपरेटर तौफीक खाँन व उनकी टीम कांस्टेवल योगेन्द्र, महिला कांस्टेवल रोशनी व प्रियंका द्वारा तत्परता दिखाते हुए साइबर अपराधियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे खातों को फ्रीज कराकर धनराशि को हॉल्ड कराया गया एवं बैंक्स खातों को ट्रेस करते हुए बैंक के साथ समन्वय बनाकर नियमानुसार पीड़ितों मो. आरिफ हुसैन निवासी रसूलपुर 90000 रुपये, बलवीर सिंह निवासी रामकृष्णनगर (रिटायर्ड सूबेदार) 80665 रुपये, रेखा 50000 रुपये, फौजी पवन कुमार निवासी फतेहपुर जसोदा 40691 रुपये, आरती कुशवाहा निवासी फतेहपुर थाना 25000 रुपये, मो. आफताब आलम निवासी मोहल्ला गाँधीनगर 25000 रुपये, अभिषेक गुप्ता निवासी शास्त्रीनगर 19930 रुपये, यात्री बन्दु उर्फ सुमित निवासी मलिकपुर 10000 रुपये, संजीव कुमार निवासी नौरंगपुर 10000 रुपये को 3,51,286 (तीन लाख इक्यावन हजार दो सौ छियासी रुपये) धनराशि पीड़ितों के सम्बन्धित बैंक खातों में वापस करायी गयी।

## थाना दिवस में आई तीन शिकायतों में से एक का हुआ निस्तारण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल तीन शिकायतें आई जिसमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य दो शिकायतों के निस्तारण के लिये निर्देशित किया है। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के समक्ष कुल तीन राजस्व संबधित शिकायतें आई जिसमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य दो मामलों की जांच के लिये निर्देशित करनें के उपरान्त उन्होने बताया कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर त्वरित समाधान करना है। इस दौरान निरीक्षक शलेन्द्र सिंह, कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, अतुल ठाकुर, हर नरायण सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

- थाना रजपुरा पहुँच कर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं
- थाना समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों को राजस्व/पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटाएं: डीएम

**सम्भल (बहजोई)** शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादी की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना रजपुरा में किया गया। ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा, मार्ग से संबंधित तथा पैमाईश तथा सह खातेदार द्वारा भूमि न जोतने देने आदि की शिकायतें थाना समाधान दिवस में आयीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चत कराए ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। जिलाधिकारी ने ग्राम मोलनपुर डांडा से सह खातेदार द्वारा भूमि जोतने न देने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसीलदार को मौके पर भेजकर वहां कि वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए तथा किसान अपनी भूमि को जोते यह सुनिश्चित किया जाए। थाना समाधान दिवस के अंतर्गत थाना रजपुरा में 12प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 3 का तत्काल निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना समाधान दिवस में आयीं कुछ शिकायतों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। सीएचसी रजपुरा के निकट अवैध अतिक्रमण को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमण को हटाया जाए तथा एफआईआर की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। रजपुरा में ही एक अन्य स्थल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, एवं जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं खंड विकास अधिकारी रजपुरा अमरजीत सिंह,थानाध्यक्ष रजपुरा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन से मिलने वाले लाभ का सत्य जनता तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी: अर्चना

**उन्नाव।** वक्फ संशोधन से हो गरीब मुस्लिमों को फायदा प्रशिक्षण के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 की आवश्यकता और इसके गरीबों को मिलने वाले लाभ का सत्य लेकर हमें जनसंवाद के लिए बीच पहुंचना है। वक्फ कानूनों की आड़ में भ्रष्ट लोगों के द्वारा लोगों की संपत्तियों को अवैध तरीके से कब्जा किया जाता था। यह बात अर्चना मिश्रा ने उन्नाव भाजपा कार्यालय पर आयोजित वक्फ संशोधन अधिनियम की कार्यशाला में कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ संशोधन अधिनियम के संसद में पास होने के बाद से कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल देश में भ्रम फैला रहे है। इस कार्यशाला के माध्यम से हमें पूरी जानकारी के साथ लोगों के बीच जाकर भ्रम को दूर करके सत्य से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि सम्पर्क व संवाद के माध्यम से हमें वक्फसंशोधन अधिनियम को जनता के बीच लेकर जाना है। भाजपा कार्यालय पर वक्फ संशोधन विधेयक की कार्यशाला आयोजित की गई इसके उपरांत पत्रकार वार्ता आयोजित हुई जिसमें विधायक पंकज गुप्ता ने कहा वक्फसंशोधन अधिनियम से एक बड़े मुस्लिम वर्ग को फायदा होगा इसके वास्तविक हकदार है। प्रधानमंत्री जी को इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद भी देता हूं। वक्फ के अंदर बैठे अराजक लोग संपत्तियों को औने पौने दामों में बेच रहे थे जहां चाहे वहां दावा कर देते थे। कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने किया कार्यशाला वंदे मातरम के शुरू हुई राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार विधायक बृजेश रावत अनिल सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती प्रसाद रावत, अभियान संयोजक जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा आरिफखान ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, संयोजक सह संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा जिला व मंडल पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान के खिलाफ फूटा गुस्सा, पुतला फूंका

- आतंकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम।** हिंदू समाज के लोगो ने सुभाष पार्क से नारेबाजी करते हुए नगर की गलियों से चौराहे पहुंचे। वहां उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और पाकिस्तान के पुतले को लातों से मारते हुए उसका दहन किया।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों ने यहां से गए दर्शनार्थियों से नाम और धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी। हम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवेदन करते हैं कि ऐसे आतंकवादियों और उनके सरपरस्त पाकिस्तान का अब पूरी तरह से सफाया कर दिया जाए। वहीं आरती गुप्ता ने कहा आगामी अमरनाथ यात्रा को देखते हुए हिंदू तीर्थयात्रियों की सुरक्षा हेतु विशेष बलों की स्थायी तैनाती की जाए। इसके लिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भी तुरंत संज्ञान लेकर इस्लामिक आतंकवाद तथा देशभर में योजनाबद्ध रूप से हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बिलग्राम नगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। दीपा विश्वास बीजेपी नेत्री ने कहा सरकार से निर्दोष, निहत्थे पर्यटकों की गोलियां मारकर हत्या करने वाले आतंकियों, उनको शरण देने वाले और आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कहा कि देश एकजुट होकर पीड़ित परिवार के साथ हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान बिलग्राम प्रभारी राकेश कुमार यादव अपनी पूरी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में रहे मौजूद रहे।

# पहलगाम नरसंहार के विरोध में बन्द रहे बाजार



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उन्नाव के जिला अध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के आवाहन एवं सदर विधायक पंकज गुप्ता की अगुवाई मे आज पहलगाम में हुई आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के विरोध में जनपद के सभी नगरों एवं मुख्यालय में व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान निर्देशानुसार अपराह्न 1 तक बंद रखें। व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी आधा सैकड़ा मोटरसाइकिल से प्रातः 9 बजे नगर की सभी बाजारों में प्रदर्शन कर घूमते रहे। छोटा चौराहा स्टेशन रोड तथा आवास विकास में दूसरे व्यापारिक संगठन से जुड़े व्यापारियों ने अपनी दुकान खोल ली। बाद उन्हें भी दुकान बंद करनी पड़ी। जब दूसरे व्यापारिक संगठनों को लगा कि व्यापारिक बंदी सफल हो रही है तो उन लोगों ने भी अपनी अपनी दुकान बंद करके बंदी में शामिल हो गए। व्यापारियों द्वारा की गई सफल बंदी से यह पैगाम दिया गया कि भारतवर्ष में व्यापारी किसी भी प्रकार का आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। बंदी के दौरान प्रदर्शन करते हुए व्यापारी आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी सरकार से मांग किया कि जल्द से जल्द भारत में हो रहे आतंकवाद को समाप्त किया जाए अगर जरूरत पड़े तो व्यापारी सरहद पर जाने के लिए तैयार है परंतु पाकिस्तान द्वारा दहशतगर्दी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# वन इलेक्शन बिल पर यूथ सम्मिट 2025 का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

- वेंकेटेश्वरा में 'वन नेशन : वन इलेक्शन' बिल पर 'यूथ सम्मिट:2025' का शानदार आयोजन
- एक राष्ट्र : एक चुनाव' लागू होने से एक ओर जहां समय एवं धन की बचत के साथ:साथ मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, वही राष्ट्रवाद की अवधारणा और ज्यादा मजबूत होगी: कपिलदेव अग्रवाल मन्त्री व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ
- वन नेशन:वन इलेक्शन' से जाति, धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्रवाद का बोलबाला कमजोर होगा एवं देश तेजी से राष्ट्रवाद की ओर बढ़ेगा: सुधीर गिरि संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन वेंकेटेश्वरा समूह
- एक राष्ट्र : एक चुनाव' बिल देश में लागू होने से आपराधिक घटनाओं का ग्राफ कम होकर विघटनकारी/ विभाजनकारी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा एवं युवा राष्ट्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगे: डा. राजीव त्यागी प्रतिकुलाधिपति वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान एवं कार्यक्रम अध्यक्ष वन नेशन : वन इलेक्शन युवा सम्मेलन -2025
- वन नेशन : वन इलेक्शन' बिल लागू होने देश का युवा वर्ग होगा सबसे ज्यादा लाभान्वित: उदयगिरि जिलाध्यक्ष भाजपा

**गजरौला (अमरोहा)** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' विषय पर 'युवा सम्मेलन-2025' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि / वक्ता के रूप में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मन्त्री कपिलदेव अग्रवाल ने 'वन नेशन - वन इलेक्शन' बिल के फायदे गिनाते हुए कहा कि इस शानदार राष्ट्रवादी बिल के लागू होने से जहां एक ओर समय एवं धन की बचत होने के साथ -साथ मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, वही दूसरी ओर देश के नागरिक विशेष रूप से युवा जातिवाद, क्षेत्रवाद, वर्ण, धर्म, सम्प्रदाय से उपर उठकर राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में अपना प्रभावी योगदान दे सकेंगे।

-श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के अब्दुल कलाम आजाद सभागार में 'वन नेशन - वन इलेक्शन' बिल के समर्थन में आयोजित 'युवा सम्मेलन-2025' का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मन्त्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश शासन श्री कपिलदेव अग्रवाल, वेंकेटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, श्री उदयगिरि गोस्वामी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, हिमांशु त्यागी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

-अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मन्त्री श्री कपिलदेव अग्रवाल जी ने कहा कि आदरणीय प्रधानमन्त्री जी के राष्ट्रहित के सबसे बड़े 'ड्रीम प्रोजेक्ट' में से एक 'वन नेशन - वन इलेक्शन' बिल के लागू होने से पूरे देश में सामाजिक समरसता के साथ राष्ट्रवाद की अवधारणा मजबूत होगी। वही इससे बार-बार होने वाले अलग-अलग चुनावों में सरकारी धन एवं समय के दुरूपयोग पर अंकुश लगेगा साथ ही साथ चुनावों के दौरान होने वाली आपराधिक घटनाओं के ग्राफ में भी कमी आयेगी। इस बिल के लागू होने से इस देश के किसी भी नागरिक का कोई नुकसान नही होने वाला बल्कि प्रत्येक नागरिक विशेष रूप से युवा वर्ग इससे बहुत ज्यादा लाभान्वित होंगे। इस बिल का विरोध केवल कुछ चंद लोग जो देश में 'राजनैतिक एवं आर्थिक अस्थिरता' पैदा करना चाहते है, वो लोग करना चाहते है। लेकिन अब देश की पढ़ी-लिखी युवा पीढ़ी उनके झांसे में नही आने वाली है। हम सबको मिलकर नये मजबूत अखण्ड एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे आना होगा।

-एक दिवसीय 'युवा सम्मेलन-2025' को प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो.(डा.) पीयूष पाण्डेय, डा. मधु चतुर्वेदी आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डीन अकेडमिक डा. राजेश सिंह, डा. दिनेश गौतम, डा. सी.पी. सिंह, डा. एस.एन. साहू, डा. एल.एस. रावत, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. मनीष शर्मा, डा. राजवर्धन, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश सिंह, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. स्नेहलता गोस्वामी, डा. नीतू पंवार, डा. ज्योति सिंह, डा. मंजरी राणा, हिमानी चौहान, हरप्रीत कौर, हुमा, तहसीर, पूजा कुमारी, अनुषा कर्णवाल, सुमनदीप कौर, हिमानी गरजोला, पूजा एरी, सहर्ष वाल्टर, शुऐब, अखिल कुमार, अनुज कुमार, जुबैर, एस.एस. बघेल, मारुफ़ चौधरी एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी ने किया।

## गंगा एक्सप्रेस वे पर जल्द ही फर्राटा भरेंगे वाहन

**बिलग्राम।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार 27 अप्रैल 2025 को सुबह 11:00 बजे लखनऊ से हेलीकॉप्टर द्वारा हरदोई की बिलग्राम तहसील के हसनपुर गोपाल गांव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री गांव से कार द्वारा निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर लगभग 30 मिनट जिले में रुकेंगे। जिले में आगमन कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देश पर हेलीपैड से लेकर रास्ते के मार्ग व गंगा एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी बिलग्राम पूनम भास्कर ने एक्सप्रेस वे पर यूपीडा, पीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री आगमन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आगमन को लेकर संबंधित ग्राम पंचायत में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दो राजकुमार मौर्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह व जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह ने भी संबंधित कर्मचारियों को तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# उत्कृष्ट शिक्षा और रोजगार का अद्बुत संगम है जीएलए विश्वविद्यालय

- जीएलए के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल की प्रेरणा से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है

अवधनामा संवाददाता



जीएलए के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल एवं जीएलए विश्वविद्यालय परिसर

**मथुरा।** ब्रज भूमि में स्थित शिक्षा के क्षेत्र में देश भर में प्रतिष्ठित जीएलए संस्थान छात्र-छात्राओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। जीएलए के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल की प्रेरणा से शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा शैक्षणिक लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए श्रेष्ठता के नये मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाएँ उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को साकार कर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि देश-समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर सकता है। बात है सिर्फ उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की।

जीएलए विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को सर्वश्रेष्ठ दिशा-निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ प्रतिज्ञ है। आगरा-मथुरा-दिल्ली हाईवे एनएच-19 के बीचों बीच शोर-शराबे से दूर, प्रदूषण मुक्त एवं हरी-भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थों में एक मील का पत्थर है।

वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विष्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठत्ता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ-साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है।

किसी भी विषय को सीखने-समझने के लिए अलग-अलग तरीके होते हैं। किसी छात्र को कोई विषय सुनकर अच्छी तरह समझ आता है, किसी छात्र को पढ़कर समझ आता है, किसी छात्र को वही विषय डिस्कशन के द्वारा समझ आता है, तो वहीं किसी छात्र को उस विषय पर पूछे गये प्रश्नों को हल करके। इसी प्रकार कुछ छात्रों को कोई विषय %प्रोजेक्ट एक्टिविटि% के द्वारा तथा कुछ को उस %विषय% से सम्बन्धित प्रयोगों को स्वयं प्रयोगशाला में, वास्तविक रूप से करके ही समझ आता है। जीएलए विश्वविद्यालय ने अपने सभी विषयों व पाठ्यक्रमों में शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए इन विधियों-तरीकों को निष्पक्ष रूप से अपनाया है ताकि हर छात्र अपनी रूचि के अनुरूप अपने विषय शाखा में पारंगत हो सके।

विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े रह चुके युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। यह शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं, ताकि छात्र-छात्राऐं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें। विश्वविद्यालय का मूल मन्त्र परफैक्ट टीचिंग के साथ-साथ परफैक्ट लर्निंग भी है।

जीएलए ऑनलाइनः जीएलए विश्वविद्यालय में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) बीबीए, बीसीए, बी.कॉम, एमबीए और एमसीए जैसे यूजीसी मान्यता प्राप्त / हकदार ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है।

**सेंट्रल लाइब्रेरीः** जीएलए यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी सिस्टम में 15 लाइब्रेरी नेटवर्क शामिल हैं, यानी सेंट्रल लाइब्रेरी, ग्रेटर नोएडा कैंपस लाइब्रेरी, इंस्टीट्यूट लाइब्रेरी, डिपार्टमेंटल लाइब्रेरी और हॉस्टल लाइब्रेरी जो सामूहिक रूप से यूनिवर्सिटी के शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार कार्यक्रमों का समर्थन करते हैं। वर्तमान में, पुस्तकालयों में एक लाख 99 हजार 230 से अधिक मुद्रित पुस्तकें और 31 पत्रिकाएं, 1071 ई-जर्नल, विश्वकोश, 9 हजार 850 सीडी और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई ऑनलाइन डेटाबेस हैं। यूनिवर्सिटी के पास रिफ्रेड एनडीएल ऑफ इंडिया और डेवलपिंग लाइब्रेरीज नेटवर्क आदि के माध्यम से पांच करोड़ से अधिक ई-बुक्स, थीसिस, आर्टिकल्स, वीडियो और ऑडियो लेक्चर तक पहुंच है।

**रैंकिंग और मान्यताएंः** जीएलए विश्वविद्यालय को 3.46 स्कोर के साथ प्रतिष्ठित एनएएसी ए प्लस ग्रेड से मान्यता प्राप्त है, जो भारत में सभी एनएएसी (नैक) ए प्लस मान्यता प्राप्त राज्य और निजी विश्वविद्यालयों के बीच उच्चतम स्कोर है। इसे यूजीसी से 12बी का भी दर्जा मिला है और यूजीसी, पीसीआई, एनसीटीई और बीसीआई द्वारा अनुमोदित है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय नवीनतम एनआईआरएफ इनोवेशन रैंकिंग 2024 में भारत के शीर्ष 53 फार्मेसी संस्थानों की लीग में शामिल हो गया है। इसके अलावा, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, जीएलए यूनिवर्सिटी को वर्ष 2020 में आईएसीबीई मान्यता मिली है। वहीं एग्रीकल्चर विभाग को आईसीएआर से मान्यता मिली है। बिजनेस एजुकेशन के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद (आईएसीबीई), यूएसए से मान्यता है।

**आवासीय सुविधाएंः** आवासीय क्षेत्र या अधिक लोकप्रिय रूप से हॉस्टल विंग के रूप में जाने जाने वाले क्षेत्र विशेष रूप से लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। परिसर में 6000 से अधिक छात्र रहते हैं।

अंशकालिक विशेषज्ञों के साथ-साथ पूर्णकालिक रेजिडेंट डॉक्टर्स।

परामर्शदाता छात्र की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं।

परिसर के भीतर 3 एटीएम के साथ इंडियन ओवरसीज बैंक की एक पूर्ण बैंक शाखा और एचडीएफसी बैंक की स्मार्ट लॉबी।

**मुख्य विशेषताएंः** विश्वविद्यालय के 8 हजार 500 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित, 600 से अधिक पेटेंट प्रकाशित और 74 से अधिक पेटेंट ग्रांट हुए। 150 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एमओयू और 19.5 करोड़ से अधिक परियोजनाएं संचालित हैं। आधिकारिक तौर पर जीएलए लॉन्च पैड के नाम पर इन्क्यूबेशन सेंटर के लिए यूपीआईटी से वित्त पोषित एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए स्थापित है।

भारत का 14वां संस्थान जिसके पास न्यू जेनरेशन इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योर डेवलपमेंट सेल (डीएसटी से वित्तीय सहायता के साथ न्यूजेन आईईडीसी) है।

छात्रों को कैंपस के बाहर स्टार्ट-अप के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जीएलए विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में 65 स्टार्ट-अप इन्क्यूबेटेड हैं। जिनमें से 12 स्टार्टअप को करीब 94 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है।

**प्लेसमेंट की मुख्य बातेंः** 500 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा बीते सत्र के 3 हजार से अधिक छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर।

55 लाख से अधिक के पैकेज पर छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर हुए। एनजेयूएमए कंसल्टिंग, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस, कैपजेमिनी, इंफोसिस, ड्रीम 11, एक्सेंचर, बायजूस और कई अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए जीएलए विश्वविद्यालय आती हैं।

**पिछले 5 वर्षों में 86 प्रतिशत प्लेसमेंट।** 6000 से अधिक अल्यूमिनाई विदेशों में सेवाएं दे रहे हैं।

आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कैपजेमिनी ने जीएलए में अपना कोड एक्सपीरियंस सेंटर खोला है।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र के करीब 2100 से अधिक छात्रों का चयन 500 से अधिक कंपनियों में हो चुका है।

## जीएलए के अल्यूमिनाई सरकारी सेवा में उच्च पदों पर आसीन कुलाधिपति

जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय की प्रमुख विशेषता और गर्व करने वाली बात यह है कि यहां के अल्यूमिनाई केन्द्रीय एवं प्रदेश स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी सेवा में उच्च पदों पर आसीन हैं। जिनमें विभिन्न कोसौं से शिक्षा ग्रहण कर चुके अल्यूमिनाई आइएएस 3. आईईएस 13, इंस्पेक्टर 9. आइआरएमएस 2. मेजर 7. साइंटिस्ट 15, पीसीएस 10, कमिश्नर 2, आइएफएस 1, आइपीएस 1. आइआरएस 2, एसडीएम 1, मेयर 1 हैं। नामी गिरामी प्राइवेट कंपनियों में सेवाएं दे रहे अल्यूमिनाई अमेजन, फेसबुक, गूगल, माइकोसॉफ्ट, एप्पल, नेसले, रिलाइंस, एडीडास, एचएसबीसी, हिताची, वाल्मार्ट, उएम, सिस्को, बैंक ऑफ अमेरिका आदि दिग्गज कंपनियों, डायरेक्टर, जीएम, एवीपी, फाउंडर, वाइस प्रेसीडेंट जैसे पदों पर नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

### जीएलए तो खेलकूद में भी आगे

जीएलए विश्वविद्यालय भी खेलकूद में हमेशां आगे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले बैडमिंटन, फुटबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट, योगा सेंटर के अलावा एथलेटिक्स का ट्रेक है। यही कारण है कि जीएलए के छात्र राष्ट्रीय लेवल पर होने वाले खेलों में बेहतर प्रदर्शन के साथ मेड़लों पर कब्जा जमाते हैं। हाल ही में बीते दिनों हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानुपर में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में विभिन्न खेलों में 27 पदकों पर जीएलए विश्वविद्यालय का नाम दर्ज कराया है। एथलेटिक्स गोल्ड मेडल 12, सिल्वर मेडल 3, ब्रोंज मेडल 3. कबड्डी में गोल्ड मेडल, फुटबॉल में गोल्ड मेडल, बास्केटबॉल में गोल्ड मेडल, वॉलीबॉल में गोल्ड मेडल, टेबल टेनिस में गोल्ड मेडल, पावरलिफ्टिंग में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर, क्रिकेट में सिल्वर मेडल हासिल किया।

# संक्षिप्त समाचार

## बाइकों की भिड़न्त में दो की मौत, दो घायल



**उन्नाव।** कोतवाली सफीपुर के परियर चकलवंशी सड़क पर लवकुश महाविद्यालय के पास दो बाइक आमने सामने टकरा गई। जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मृतकों को पुलिस ने पोस्मार्टम हाउस भेज दिया। घायलों को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर गांव निवासी नीरज 18 वर्ष पुत्र दुर्गाप्रसाद उर्फ पप्पू, संजय 20 वर्ष पुत्र संजीवन गौतम, जितेंद्र 20 वर्ष पुत्र संतराम गौतम बाइक से चकलवंशी की तरफ जा रहे थे। उधर चकलवंशी से बर्रा कानपुर नगर निवासी सुशील शर्मा 65 वर्ष पुत्र रंगनारायण शर्मा अपने घर बाइक से जा रहे थे तभी दोनों बाइक परियर में लवकुश महाविद्यालय के पास आमने सामने जोर दार टक्कर हो गई। जिससे मौके पर ही नीरज व सुशील की मौके पर मौत हो गई। संजय व जितेंद्र घायल हो गए जिसको स्थानीय पुलिस ने पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर सफीपुर कोतवाली प्रभारी एस एन त्रिपाठी व परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार सिंह राजपूत पुलिस बल के साथ मौजूद रह कर शांति व आवागमन की व्यवस्था कराई।

## ट्रक व डबल डेकर बस की भिड़न्त में दो दर्जन यात्री घायल

**उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार देररात थाना बेहटा मुजावर अन्तर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ग्राम जोगीकोट के सामने एक डबल डेकर स्लीपर बस और ट्रक की आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दो दर्जन यात्री घायल हो गये। हादसा बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोगीकोट गांव के पास हुआ जिसमें करीब दो दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यात्रियों के अनुसार संत कबीर नगर से दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस एक्सप्रेसवे पर रॉन्ग साइड से चल रही थी जिसके कारण सामने से आ रहे ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। प्राइवेट कंपनी की यह स्लीपर बस क्षमता से अधिक सवारियों को लेकर चल रही थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और यूपीडा कर्मी मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से बांगरमऊ सीएचसी भेजा गया। जहां से गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही यह भी जांचा जा रहा है कि बस को रॉन्ग साइड पर किस परिस्थिति में चलाया जा रहा था।


## कूड़ा गाड़ी के नीचे आने से मासूम की मौत

**उन्नाव।** सफीपुर नगर पंचायत द्वारा संचालित एमआरएफ सेंटर के लिए कूड़ा लेकर जा रही गाड़ी ने घर के बाहर खेल रही बच्ची को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लक्ष्मी 4 वर्ष पुत्री मनोज रावत निवासी टोला सफीपुर घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान कूड़ा ले जा रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे सीधे टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि कूड़ा गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर वाहन चालक और संबंधित नगर पंचायत कर्मियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हर मौसम में शीशे की तरह चमकेगी आपकी स्किन, घर पर बनाएं जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर

जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। आज हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

चाहे कोई भी मौसम हो स्किन को हर मौसम में पर्याप्त नमी की जरूरत होती है। स्किन को नमी देने के लिए एक अच्छा मॉइश्चराइजर बेहद काम आता है। इसलिए हम सभी अपनी स्किन केयर के लिए मार्केट से लाए हुए मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं। जबकि आप इसको खुद भी बना सकते हैं। आप मौसम के हिसाब को देखते हुए जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बना सकती हैं। क्योंकि जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लाइटवेट और नॉन ग्रीसी होता है।



वहीं जेल मॉइश्चराइजर स्किन में जल्दी अब्जॉर्ब होता है। इससे आपकी स्किन में चिपचिपी महसूस नहीं होती है। क्योंकि यह वॉटर बेस्ड होता है और ऑयली स्किन से लेकर कॉम्बिनेशन स्किन को बिना हैवीनेस या ऑयल के हाइड्रेटेड रखता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर ही जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं।

**खीरे का जेल मॉइश्चराइजर**

गर्मियों में यह जेल माइश्चराइजर आपकी त्वचा को ठंडक पहुंचाने में सहायता करता है। इससे आपकी स्किन को पर्याप्त हाइड्रेशन मिलता है। वहीं धूप से झुलसी स्किन के लिए खीरा काफी अच्छा माना जाता है।

सामग्री

आधा खीरा

एलोवेरा जेल- 2 बड़े चम्मच

नारियल का तेल- 1 छोटा चम्मच

मिंट एसेंशियल ऑयल- 3-4 बूंदें

ऐसे बनाएं खीरे से जेल मॉइश्चराइजर

सबसे पहले खीरे को पीसकर छान लें और इसका ताजा जूस निकाल लें।

फिर एक कटोरी में खीरे के जूस को एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें।

इसके बाद इसमें एसेंशियल ऑयल और नारियल तेल डालकर अच्छे से मिलाएं।

आप इसको फ्रिज में भी स्टोर करके हर दिन इस्तेमाल कर सकते हैं।

# होममेड ग्रीन टी आइस क्यूब्स से खत्म होंगी झुर्रियां

## चेहरे पर आएगा गजब का निखार

ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। हम सभी अपनी स्किन को यंगर और ग्लोइंग बनाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। इसके लिए हम सभी मार्केट में मिलने वाले महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप इन प्रोडक्ट्स पर अधिक रुपए-पैसे खर्च करने की बजाय नेचुरल तरीके से स्किन को लंबे समय तक यंगर और ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं। बता दें कि ग्रीन टी आइस क्यूब स्किन पर उम्र बढ़ने वाले संकेतों को खत्म करने के साथ सूजन कम करने और स्किन को अधिक रिफ्रेशिंग दिखाने में सहायता करती है। दरअसल, ग्रीन टी में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने के साथ स्किन को आराम देने और पोर्स को टाइटन करने में मदद करती है। वहीं गर्मियों में यह आपकी स्किन को ठंडक का एहसास कराती है। इससे आपकी स्किन काफी रिफ्रेश नजर आती है। ऐसे में अगर आप अधिक समय तक स्किन को यंगर बनाए रखना चाहती हैं, तो आपको ग्रीन टी आइस क्यूब का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्रीन टी आइस क्यूब बनाकर कैसे इसका इस्तेमाल करें।

**ग्रीन टी और शहद आइस क्यूब**

यह आइस क्यूब स्किन को अधिक यंगर बनाने के साथ ही निखार भी देता है। इस आइस क्यूब के इस्तेमाल से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है।

**सामग्री**

ग्रीन टी बैग- 2

गर्म पानी- 1 कप

शहद- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं आइस क्यूब**


इसके लिए सबसे पहले ग्रीन टी बनाएं और उसको ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडी हो जाए तो इसमें शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

फिर इसे आइस क्यूब में डालकर फ्रीज कर लें।

जब यह जम जाए तो इसको एक पतले कपड़े या फिर रुमाल आदि में लपेटकर स्किन पर यूज करें।

**ग्रीन टी और खीरे का आइस क्यूब**



यह आइस क्यूब सूजन को खत्म करने में सहायक होता है। आप इस आइस क्यूब को विशेष रूप से आंखों के नीचे इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1/2 कप उबली हुई

खीरे का जूस- 1/2 कप

**ऐसे बनाएं**

इसको बनाने के लिए ताजे खीरे को ब्लेंड करके छान लें।

अब खीरे के जूस के साथ ग्रीन टी को मिलाएं।

फिर इसको आइस क्यूब में डालकर जमने के लिए फ्रीज में रख दें।

वहीं जब यह आइस क्यूब बन जाए तो इसका इस्तेमाल करें।

ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब

बता दें कि ग्रीन टी और एलोवेरा आइस क्यूब एक सूदिंग आइस क्यूब है। यह आपकी स्किन को यंगर बनाने के अलावा सूदिंग इफेक्ट भी देता है।

**सामग्री**

ग्रीन टी- 1 कप उबली हुई

ताज़ा एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

ग्रीन टी और एलोवेरा जेल को एक साथ मिक्स करें।

फिर इसको आइस क्यूब ट्रे में डालकर फ्रीज कर दें।

# स्किन केयर के लिए घर पर बनाएं हर्बल फेस मिस्ट

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

हम सभी चाहते हैं कि हर समय हमारी स्किन रिफ्रेशिंग लगे। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं होता है। दिनभर काम करने की थकान हमारी स्किन पर साफतौर पर नजर आती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप फेस मिस्ट का इस्तेमाल करें। वैसे तो फेस मिस्ट आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। लेकिन आप चाहें तो कुछ हर्ब्स की सहायता से घर पर भी फेस मिस्ट बना सकती हैं। जब आप घर पर हर्ब्स की मदद से फेस मिस्ट बनाती हैं, तो आपको अपनी स्किन को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**चमक**

**हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं।**

हर्ब्स की मदद से बना फेस मिस्ट फेस को हाइड्रेट करने के साथ-साथ तुरंत चमक देते हैं। वहीं आप अपनी स्किन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसको कस्टमाइज भी कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर हर्बल फेस मिस्ट बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

ग्रीन टी और पुदीने के मिस्ट की सामग्री

उबली हुई ग्रीन टी- आधा कप

पुदीने के पत्ते- 5-6 ताज़े

विच हेज़ल- 1 छोटा चम्मच

**ऐसे बनाएं**



ग्रीन टी और पुदीने के पत्तों को 10 मिनट के लिए गर्म पानी में भिगो दें।

फिर इसको ठंडा होने के लिए रख दें। अब लिक्विड को छानकर इसे स्प्रे बोतल में डालें।

इसमें विच हेजल डालकर इसका इस्तेमाल करें।

खीरा और तुलसी से फेस मिस्ट की सामग्री

आधा खीरे का जूस

तुलसी की चाय- एक चौथाई कप

एलोवेरा जेल- 1 बड़ा चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले खीरे को पीसकर उसका जूस छाल लें।

फिर तुलसी के पत्तों को गर्म पानी में उबालकर ठंडा होने के लिए रख दें।

जब यह ठंडा हो जाए, तो इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करें और स्प्रे बोत में मिला लें।

अब इसको फ्रिज में स्टोर करें।

आप इसका सप्ताह भर तक इस्तेमाल कर सकते हैं।

संतरे के छिलके और शहद से के फेस मिस्ट की सामग्री

संतरे के छिलके- आधा कप

कच्चा शहद- 1 चम्मच

सेब का सिरका- 1 चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले छिलकों को 10 मिनट के लिए पानी में उबालें।

अब इसको ठंडा करके छान लें।

फिर इसमें शहद और सेब का सिरका डालकर अच्छे से मिक्स करें।

अब इसको एक स्प्रे बोतल में भर लें और फ्रिज में स्टोर करें।

आप त्वचा को रिफ्रेशिंग फील कराने के लिए इससे स्प्रे करें।

# फैमिली फंक्शन में पाना चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो स्टाइल करें ये प्रिंटेड साड़ियां, वार्डरोब में जरूर करें शामिल

अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।

महिलाएं कई सारे फंक्शन में साड़ी पहनना पसंद करती हैं। साड़ी में आप न सिर्फ खूबसूरत नजर आती हैं, बल्कि इससे आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। हालांकि साड़ी में आपको कई सारी डिजाइन्स मिल जाएंगी, जिनको आप फंक्शन के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होने का प्लान कर रही हैं और बेस्ट लुक पाना चाहती हैं। तो आप कुछ साड़ियों को अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ साड़ी ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं।



**मल्टी कलर ऑर्गेंजा साड़ी**

फैमिली फंक्शन में बेस्ट और स्टाइलिश लुक पाने के लिए ऑर्गेंजा साड़ी वियर कर सकती हैं। इस साड़ी में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस साड़ी में ऑर्गेंजा फैब्रिक है, जिसको आप किसी भी फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। आप ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही जगहों से 1000 से 1500 तक की कीमत में खरीद सकते हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप पर्ल वाली ज्वेलरी के साथ फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

**प्रिंटेड साटन साड़ी**

अगर आप लाइट कलर में साड़ी पहनने की सोच रही हैं, तो आप प्रिंटेड साटन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी को स्टाइल करके आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। इस साड़ी में आपको कई कलर ऑप्शन मिल जाएंगी। इसको आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसके साथ मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं आप हील्स पहन सकती हैं।

**फ्लोरल प्रिंट साड़ी**

अगर आप भी सिंपल और अट्रैक्टिव लुक पाना चाहती हैं, तो आपको फ्लोरल प्रिंट साड़ी वियर कर सकती हैं। इन दिनों यह साड़ी काफी ट्रेंड में हैं और इसमें आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा। आप इस तरह की

# गर्मियों में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो बनाएं ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल, आप भी करें ट्राई

गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

गर्मियों के मौसम में आउटफिट सिलेक्शन के बाद दूसरी समस्या हेयर स्टाइल की होती है। क्योंकि जब तक आप आउटफिट के साथ कूल हेयर स्टाइल नहीं बनाती हैं, तो आपका लुक परफेक्ट नहीं आता है। गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं।



अगर आप भी गर्मियों में हर दिन अपनी हेयर स्टाइल को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप कैजुअल आउटिंग, ऑफिस, कॉलेज हर जगह बना सकती हैं। इन हेयर स्टाइल में आपका हर लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।

**रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल**

गर्मियों में आप रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए तमाम सारी रबर बैंड की जरूरत होगी। सबसे पहले नार्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूर पर रबर लगाना है और बालों को बीच से लूज करते जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्कर्ट और जींस के साथ ऐसी हेयर स्टाइल काफी कूल लुक देती है।

**हाफ हेयर बन स्टाइल**

आमतौर पर गर्मियों में लोग हेयर स्टाइल लुक जरूर बनाते हैं।

# स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।

बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

**फेयर स्किन टोन**

अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं।

**मीडियम स्किन टोन**

मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइल स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप



अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं।

**डस्की स्किन टोन**

इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं। आप डीप ग्रीन के साथ कॉपर, मैजेंटा के साथ गोल्ड या फिर रस्ट ऑरेंज के साथ बेज कलर को कैरी कर सकती हैं।

# छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-

**निखार**

**बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं।**



**छोटे या मीडियम साइज के बोल्ड प्रिंट चुनें**

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

**वर्टिकल हो प्रिंट्स**

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

**फिटेड या स्ट्रक्चर्ड हो आउटफिट्स**

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

**प्रिंट की जगह पर दें ध्यान**

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

# मेकअप किट में शामिल करें बेस्ट लिपस्टिक शेड

मेकअप की जान होती है लिपस्टिक, इसके बिना मेकअप भी फीका लगता है। अगर आप भी लिपस्टिक खरीदना चाहती हैं, तो इन शेड्स की लिपस्टिक जरुर लगाएं। इस लेख में हम आपके लिए कुछ यूनीक लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शेड्स हर लड़की के मेकअप किट में होना चाहिए।

जब लुक्स की बात आती है, तो मेकअप लुक में जान डाल देता है। मेकअप की जान लिपस्टिक बिल्कुल है। हर एक लड़की के मेकअप किट में ये लिपस्टिक शेड्स जरुर होने चाहिए। कुछ लिपस्टिक शेड्स कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जाते। ये हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। आप भी अपने मेकअप किट में हमेशा ट्रेंड में रहने वाली लिपस्टिक को एड कर सकते हैं। बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, हर ब्यूटी लवर के पास होने चाहिए। चाहे वो परफेक्ट न्यूड हो, पावर रेड हो या आकर्षक मौवे, ये शेड्स समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसलिए लड़कियां अपने मेकअप किट में इन शेड्स को जरुर शामिल करें।

**ब्राउन लिपस्टिक शेड**

आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में ब्राउन लिपस्टिक कलर है, जो हर



एक लड़की के चेहरे पर सूट करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। आप अपने चॉइस के हिसाब से इन शेड्स को खरीद सकती हैं। ब्राउन लिपस्टिक ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकते हैं।

**वाइन लिपस्टिक शेड**

ट्रेंडी लिपस्टिक में वाइन शेड काफी ट्रेंड में है। अगर आपकी स्किन टोन फेयर है, तो आप वाइन कलर की लिपस्टिक जरुर ट्राई करें। यह लिपस्टिक नाइट और डे दोनों फंक्शन में काफी सुंदर लगती है। अगर आपको यह शेड डार्क लग रहा है, तो आप इसमें लाइट शेड भी ले सकते हैं।

**न्यूड लिपस्टिक**

आजकल न्यूड लिपस्टिक काफी प्रचलन में है। आप न्यूड लिपस्टिक को ऑफिस से लेकर कैजुअल लुक के लिए ट्राई कर सकते हैं। वैसे आजकल ब्राइड भी न्यूड मेकअप के साथ लिपस्टिक शेड भी न्यूड लगा रही हैं। आपको इसमें कई सारे शेड्स मिल जाएंगे। आप लिपस्टिक को ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकती है।

**रेड लिपस्टिक शेड**

अगर आप शादीशुदा है तो आपके लिए रेड लिपस्टिक परफेक्ट शेड है। जरुरी नहीं है कि मैरिड ही रेड लिपस्टिक ट्राई कर सकती है। आजकल तो अनमैरिड लड़कियां भी रेड लिपस्टिक को काफी पसंद कर रही है। गाजरी या कोरल रेड लिपस्टिक शेड्स काफी सुंदर लगते हैं।

**पिंक लिपस्टिक शेड**

पिंक शेड्स तो सभी काफी पसंद आता हैं क्योंकि यह एवरग्रीन लिपस्टिक शेड होता है। एथनिक लुक साथ पिंक लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। हर लड़की को अपने मेकअप किट में पिंक लिपस्टिक शेड जरुर एड करें।

## पंचायत चुनाव उम्मीदवारों को भी लंबित मामलों की जानकारी देना जरूरी, सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भी उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा, लेकिन ये भी कहा कि जिस मामले को छिपाने का आरोप है, उसमें बसंत लाल को बरी किया जा चुका है। ऐसे में छह साल का प्रतिबंध सख्त है। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए कहा है कि पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों को भी अपने नामांकन पत्र में अपने खिलाफ लंबित मामलों की जानकारी देना जरूरी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए एक ग्राम प्रधान के निर्वाचन को रद्द कर दिया। मामला मंडी जिले के पंगना ग्राम पंचायत का है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को हम योग्य नहीं पाते हैं, क्योंकि राज्य चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए नियमों को उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ कानून का हिस्सा माना है। कानून के तहत पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी इसके प्रावधानों का पालन करना जरूरी है। इससे पहले 16 अक्तूबर 2024 को उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि तथ्यों को छिपाना हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन है। यह चुनाव को अमान्य घोषित करने का वैध आधार हो सकता है।उच्च न्यायालय ने प्रधान बसंत लाल के निर्वाचन को रद्द करने का आदेश दिया था। इतना ही नहीं उच्च न्यायालय ने लंबित मामले को छिपाने के आरोप में बसंत लाल को छह साल तक चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित कर दिया।

# गुजरात में अवैध अप्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई

**हिरासत**

**गृह मंत्री ने इसे गुजरात पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई बताते हुए कहा कि अहमदाबाद में कम से कम 890 तथा सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया।**



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तान के लोगों की पहचान कर उन्हें देश से निकालने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए। इसे लेकर गुजरात में कार्रवाई शुरू की गई है। अब तक एक हजार से अधिक बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनके प्रत्यर्पण के प्रयास जारी हैं।पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गुजरात में एक हजार से अधिक बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि सूरत और अहमदाबाद में तलाशी अभियान के दौरान अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनके प्रत्यर्पण के प्रयास जारी हैं।

गृह मंत्री ने इसे गुजरात पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई बताते हुए कहा कि अहमदाबाद में कम से कम 890 तथा सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने अवैध अप्रवासियों को चेतावनी दी कि वे अपनी इच्छा से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा उन्हें पकड़ लिया जाएगा और निर्वासित कर दिया जाएगा। उन्होंने अप्रवासियों को आश्रय देने वाले लोगों को भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

सांघवी ने कहा कि अप्रवासियों ने गुजरात आने से पहले भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने के लिए पश्चिम बंगाल से प्राप्त फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इनमें से कई लोग मादक पदार्थ तस्करी और मानव तस्करी में संलिप्त हैं। हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी। इनके निर्वासन की सभी प्रक्रियाएं यथाशीघ्र पूरी करने के लिए व्यवस्था की गई है। गृह मंत्री ने कहा कि हम उन फर्जी दस्तावेजों की भी जांच करेंगे जिनका इस्तेमाल उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों और गुजरात तक पहुंचने के लिए किया और फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को गुजरात भर में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पाकिस्तानी नागरिकों को गुजरात छोड़ने का स्पष्ट आदेश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल को इस बात का सबूत दिया जाएगा कि बंदियों ने राज्य में कैसे फर्जी दस्तावेज बनवाए?

गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा दस्तावेजी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी राष्ट्रीयता का पता लगाया जा रहा है। जब यह तय हो जाएगा कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं, तो केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समन्वय से उनके निर्वासन की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाएगी।

# जून से अगस्त तक चलेगी कैलाश मानसरोवर यात्रा



**नई दिल्ली।** पांच साल के अंतराल के बाद भारत ने शनिवार को जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने की घोषणा की। यात्रा को फिर से शुरू करने को भारत और चीन द्वारा संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों के एक हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों ने पिछले साल अक्तूबर में समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग के दो तनाव वाले बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पूरी कर ली थी।

कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 तक चलेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस साल पांच बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। ऐसे ही 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, सिक्किम से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। आवेदन स्वीकार करने के लिए http://kmy.gov.in वेबसाइट खोल दी गई है। आवेदकों में से यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर से तैयार, यादृच्छिक (रैंडम) और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से शुरू होगी। यात्रा का संचालन प्रदेश सरकार और विदेश मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा कोविड महामारी के कारण वर्ष 2020 से संचालित नहीं हो पाई थी। हालांकि, पांच साल बाद शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा पर भी महंगाई की मार पड़ेगी।

इस बार श्रद्धालुओं को कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) को 35,000 की जगह 56 हजार रुपये चुकाने पड़ेंगे। केएमवीएन इस धनराशि से यात्रियों के आने-जाने, ठहरने और भोजन आदि का प्रबंध करेगा। इसके अलावा, मेडिकल जांच, चीन का वीजा, कुली, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और चीन सीमा में अलग से खर्च करना पड़ेगा। कुमाऊं मंडल विकास निगम लिपुलेख दर्रे के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा का प्रबंध करता है। इस बार पंजीकरण के साथ श्रद्धालुओं को भोजन, आने-जाने और ठहरने के लिए केएमवीएन को 56000 रुपये देने होंगे। उत्तराखंड की ओर से कैलाश मानसरोवर यात्रा का संचालन कुमाऊं मंडल विकास निगम करेगा। यह यात्रा दिल्ली से प्रारंभ होकर पिथौरागढ़ के लिपुलेख पास मार्ग से संचालित की जाएगी। पहला दल 10 जुलाई को लिपुलेख पास से होते हुए चीन में प्रवेश करेगा। अंतिम यात्रा दल 22 अगस्त को चीन से भारत के लिए प्रस्थान करेगा। प्रत्येक दल दिल्ली से प्रस्थान कर टनकपुर, धारचूला में एक-एक रात, गुंजी व नाभीढांग में दो रात रुकने के बाद (तकलाकोट) चीन में प्रवेश करेगा। कैलाश दर्शन के बाद वापसी में चीन से प्रस्थान कर बूंदी, चौकोड़ी, अल्मोड़ा में एक-एक रात रुकने के बाद दिल्ली पहुंचेगा। प्रत्येक दल की 22 दिनों की यात्रा की जाएगी।

## बाइक पर पटाखों से भरी बोरी ले जा रहे थे युवक, अचानक हुआ विस्फोट

**सलेम।** द्रौपदी अम्मन मंदिर में उत्सव के दौरान फोड़ने के लिए एक दोपहिया वाहन पर बोरी में भरकर ले जाए जा रहे पटाखों के बंडल में शुक्रवार रात को कंजनाइकेनपट्टी गांव के पूसारीपट्टी बस स्टैंड के पास आग लग गई और वह फट गया। हादसे में दो नाबालिग समेत चार लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि चौथे की अस्पताल में मौत हुई। तमिलनाडु के सेलम जिले के कंजनाइकेनपट्टी गांव में दर्दनाक हादसा हुआ। गांव के मंदिर उत्सव के लिए बाइक पर पटाखों से भरी बोरी ले जाते वक्त अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में दो नाबालिग समेत चार लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि चौथे की अस्पताल में मौत हुई।

## 15000 छात्रों से वसूले 206 करोड़ और शिक्षक को वेतन नहीं; 32 कोचिंग सेंटर बंद

**नई दिल्ली।** ईडी ने नोएडा, लखनऊ, दिल्ली, भोपाल और अन्य स्थानों पर दर्ज कई एफआईआर के आधार पर एफआईआईआईटी-जेईई और उसके वरिष्ठ प्रबंधन के खिलाफ जांच शुरू की थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि एफआईआईआईटी-जेईई के वरिष्ठ प्रबंधन ने गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सेवाएं प्रदान करने के बहाने छात्रों और अभिभावकों से भारी फीस एकत्र की। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी),लखनऊ जोनल कार्यालय ने एफआईआईआईटी-जेईई धोखाधड़ी मामले में 24 अप्रैल को नोएडा, दिल्ली और गुड़गांव में सात स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए),2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी ली है।

# रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को नहीं लगना पड़ेगा लाइनों में, QR कोड स्कैन कर बुक सकेंगे ट्रेन टिकट

**नई दिल्ली।** यात्रियों को इस एप के जरिए टि कट खरीदते समय अपनी यात्रा के स्टेशन की जानकारी भरनी होगी। यात्री को यह भी बताना होगा कि आप कहां से यात्रा शुरू कर कर रहे हैं और आपको कहां तक जाना है। इतनी ही यूटीएस ऐप में पेमेंट के लिए यूपीआई जैसे डिजिटल पेमेंट ऑप्शन भी मौजूद हैं। भारतीय रेलवे को देश की लाइफ लाइन कहां जाता है। देश भर में हर दिन लाखों लोग रेल के जरिए यात्रा करते है। रेलवे यात्रियों को सफर के दौरान कई प्रकार की सुविधाएं भी मुहैया करवाता है। भारतीय रेलवे भी यात्रियों बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार काम कर रहा है। रेलवे ने हाल ही में ऐसी ही एक सुविधा शुरू की है, जिसके चलते यात्रियों अब जनरल खरीदने के लिए टिकट काउंटर पर लंबी-लंबी कतारों में लगने की जरूरत नहीं पड़ती। अब लोग यूपीआई जैसे डिजिटल पेमेंट मोड से भी जनरल टिकट खरीद सकते है। पहले यात्रियों को जनरल टिकट लेने के लिए रेलवे स्टेशन पर लंबी-लंबी कतारों में लगना पड़ता था। इसमें यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी भीड़ वाले समय के दौरान होती थी। इस दौरान न केवल यात्रियों का समय बर्बाद होता था बल्कि उन्हें कई प्रकार की परेशानी भी झेलना पड़ती थी। लेकिन अब यात्री घर बैठे-बैठे UTS ऑन मोबाइल ऐप डाउनलोड करके कुछ ही मिनटों में जनरल टिकट बुकिंग कर सकते हैं। यात्रियों को इस एप के जरिए टिकट खरीदते समय अपनी यात्रा के स्टेशन की जानकारी भरनी होगी। यात्री को यह भी बताना होगा कि आप कहां से यात्रा शुरू कर कर रहे हैं और आपको कहां तक जाना है। इतनी ही यूटीएस ऐप में पेमेंट के लिए यूपीआई जैसे डिजिटल पेमेंट ऑप्शन भी मौजूद हैं। यात्री एप से टिकट खरीदते समय गूगल पे,फोन पे और पेटीएम जैसे डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म से भुगतान कर सकते हैं। टिकट के बुकिंग होने के बाद यात्रियों को टिकट मोबाइल पर ही मिल जाता है। जिसे यात्री स्टेशन पर दिखाकर आसानी से एंट्री ले सकते हैं। अगर यात्री चाहें तो इसका प्रिंट भी निकलवा सकते हैं। यात्रा सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे ने स्टेशनों पर भी जगह-जगह यूटीएस ऐप डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड डिस्प्ले किए हैं। ताकि यात्री इन्हें स्कैन कर सीधे ऐप को प्ले स्टोर से इंस्टॉल सकें और टिकट बुक कर लें। मोबाइल टिकट चेकिंग के दौरान टीटीई मोबाइल या एसएमएस पर दिखाए गए टिकट को स्वीकार करते हैं।

**सुविधाएं**

**भारतीय रेलवे को देश की लाइफ लाइन कहां जाता है। देश भर में हर दिन लाखों लोग रेल के जरिए यात्रा करते है। रेलवे यात्रियों को सफर के दौरान कई प्रकार की सुविधाएं भी मुहैया करवाता है।**



# मेलबर्न में पहलगाम हमले के विरोध में उतरे भारतीय

**न्याय**

**प्रदर्शनकारियों ने निर्दोष लोगों की मौत पर दुख जताया। साथ ही पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की।**



**मेलबर्न, लंदन।** काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। दर्शनकारियों ने निर्दोष लोगों की मौत पर दुख जताया। साथ ही पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और ऐसे हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकी समूहों को समर्थन और पनाह देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों में भी आक्रोश है। मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर शनिवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। उन्होंने पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो, पाकिस्तान सेना आतंकी सेना और हिंदुओं का जीवन मायने रखता है जैसे नारे लगाए। उधर, काठमांडू में भी लोगों ने पाकिस्तान दूतावास के पास विरोध प्रदर्शन किया। इसके अलावा लंदन में भी पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने निर्दोष लोगों की मौत पर दुख जताया। साथ ही पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और ऐसे हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकी समूहों को समर्थन और पनाह देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की। भारतीय समुदाय ने मांग की कि ब्रिटेन सरकार पाकिस्तान के उच्चायुक्त को आधिकारिक स्पष्टीकरण के लिए बुलाए। पाकिस्तान को सार्वजनिक रूप से हत्याओं की निंदा करनी चाहिए और आतंकवाद के समर्थन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। साथ ही अपराधियों और उनकी फंडिंग करने वालों को न्याय के दायरे में लाने के लिए कूटनीतिक दबाव डालना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय निवासी हैं। हथियारबंद आतंकवादी मिनी स्विट्जरलैंड में घुस आए और भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

# वेटिकन सिटी में हुई ट्रंप-जेलेंस्की की मुलाकात, पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे दोनों नेता

**वेटिकन सिटी।** डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच शांति की कोशिशें कर रहे हैं। इसे लेकर बीते सप्ताह पेरिस में बैठक भी हुई थी। उस बैठक में अमेरिकी अधिकारियों ने प्रस्ताव दिया था कि रूस, यूक्रेन के कुछ क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण बरकरार रखा है।

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दुनियाभर के शीर्ष नेता और राष्ट्राध्यक्ष वेटिकन सिटी पहुंचे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी पोप के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम से पहले दोनों नेताओं की निजी मुलाकात भी हुई। व्हाइट हाउस और यूक्रेन सरकार ने भी दोनों नेताओं की मुलाकात की पुष्टि की। दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर तीखा हमला बोला था। ट्रंप ने आरोप लगाया कि जेलेंस्की क्रीमिया को रूस को सौंपने के प्रस्ताव को ठुकराकर संभावित शांति की कोशिशों में रुकावटें डाल रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेनी नेता युद्ध को और लंबा खींच रहे हैं। वहीं जेलेंस्की ने रूस के साथ शांति समझौते के लिए रूस को यूक्रेन के क्षेत्र सौंपने से भी इनकार कर दिया है और कहा कि वे ऐसी किसी भी शांति योजना को नहीं मानेंगे, जिसमें यूक्रेन को अपना कोई हिस्सा रूस को देना पड़े। डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच शांति की कोशिशें कर रहे हैं। इसे लेकर बीते सप्ताह पेरिस में बैठक भी हुई थी। उस बैठक में अमेरिकी अधिकारियों ने प्रस्ताव दिया था कि रूस, यूक्रेन के कुछ क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण बरकरार रखा है। उल्लेखनीय है कि बीते मार्च में जब जेलेंस्की ने अमेरिका का दौरा किया था तो उस वक्त व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं की मुलाकात पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई थी। दरअसल उस मुलाकात में ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस हुई थी। बैठक के बाद ट्रंप ने कहा था कि जेलेंस्की शांति नहीं चाहते हैं और अगर वे रूस के साथ समझौता नहीं करेंगे तो अमेरिका इस जंग से बाहर हो जाएगा।

**बैठक**

**डोनाल्ड ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच शांति की कोशिशें कर रहे हैं। इसे लेकर बीते सप्ताह पेरिस में बैठक भी हुई थी।**



## चोरी हुई अपनी ही कार को 22 लाख में फिर से खरीद बैठा ब्रिटिश शख्स



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में वेस्ट मिडलैंड्स के सोलिहल में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां रहने वाले 36 साल के ईवान वैलेंटाइन ने एक कार खरीदने के चक्कर में अनजाने में अपनी ही चोरी हुई कार को फिर से खरीद लिया।

ब्रिटेन में वेस्ट मिडलैंड्स के सोलिहल में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां रहने वाले 36 साल के ईवान वैलेंटाइन ने एक कार खरीदने के चक्कर में अनजाने में अपनी ही चोरी हुई कार को फिर से खरीद लिया। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, वैलेंटाइन ने एक ब्लैक होंडा सिविक टाइप-आर कार के लिए 20,000 पाउंड (करीब 22 लाख रुपये) चुकाए। लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि यह वही कार थी, जो कुछ हफ्ते पहले उनके घर के ड्राइववे से चोरी हुई थी। यह पूरी घटना 28 फरवरी को शुरू हुई, जब ईवान वैलेंटाइन सुबह उठे तो पाया कि उनकी 2016 मॉडल की होंडा सिविक गायब है। उन्होंने तुरंत पुलिस और अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसकी सूचना दी और फिर एक नई कार की तलाश शुरू कर दी।

मीडिया से बात करते हुए वैलेंटाइन ने कहा, ÷यह मेरी मिड-लाइफ क्राइसिस वाली कार थी। ऐसी कारें अक्सर नहीं मिलतीं, इसलिए मैं इसे जल्द से जल्द रिप्लेस करना चाहता था, इससे पहले कि मुझे कोई फैमिली कार लेनी पड़े। करीब 70 मील दूर, एक गैराज में उन्हें एक ऐसी कार मिली, जो रंग, मॉडल और यहां तक कि थोड़े हटके साउंडिंग एग्जॉस्ट सिस्टम जैसी हर चीज में उनकी पुरानी कार की तरह थी। उन्होंने सोचा कि यह उनके लिए बिल्कुल परफेक्ट है और बिना ज्यादा देर किए कार खरीद ली। कार घर लाने के बाद धीरे-धीरे कुछ अजीब बातें वैलेंटाइन को खटकने लगीं। उन्होंने बताया, ÷कार के अंदर मुझे एक टेंट पिन, कुछ क्रिसमस ट्री के पत्ते और मार्स चॉकलेट बार के रैपर जैसी चीजें मिलीं... जो कुछ-कुछ उन्हीं चीजों जैसी थीं, जो मेरी चोरी हुई कार में भी थीं। लेकिन असली झटका तब लगा जब कार के बिल्ट-इन नेविगेशन सिस्टम में उनके और उनके माता-पिता के पुराने पते (एड्रेस) सेव मिले। वैलेंटाइन ने कहा, मैं तो लगभग कार क्रैश कर बैठा था। मेरे हाथ कांप रहे थे, दिल जोर-जोर से धड़क रहा था।

उन्होंने आगे कहा, ÷एक पल को मुझे लगा कि मैंने अपनी कार को वापस हासिल कर लिया, लेकिन फिर एहसास हुआ कि नहीं, मैंने गलती से अपनी ही कार को खरीद लिया है।÷ इसके बाद वैलेंटाइन कार को लेकर सोलिहल स्थित होंडा गैराज पहुंचे, जहां तकनीशियनों ने तुरंत पुष्टि कर दी कि यह वही चोरी हुई कार है।

# धर्म के आधार पर वोट देने की अपील, सिंगापुर सरकार ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगाया प्रतिबंध

**सिंगापुर।** मलेशिया के दो राजनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट भी प्रतिबंधित किए गए हैं। इन दोनों नेताओं पर भी आरोप है कि उन्होंने सिंगापुर के मुस्लिम मतदाताओं को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील की थी और विपक्षी नेताओं का समर्थन किया गया था।

सिंगापुर में जल्द ही आम चुनाव होने हैं। ऐसे में सिंगापुर की सरकार सोशल मीडिया पर नजर रख रही है और जो भी सोशल मीडिया अकाउंट मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें प्रतिबंधित किया जा रहा है। एक सिंगापुर मूल के ऑस्ट्रेलियाई और दो मलेशियाई राजनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट प्रतिबंधित कर भी दिए गए हैं। दरअसल इन सोशल मीडिया अकाउंट्स की पोस्ट में सिंगापुर सरकार की धार्मिक मामलों को हैंडल करने के तरीके की आलोचना की गई थी और लोगों को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील की गई थी। सिंगापुर में आगामी 3 मई को चुनाव होने हैं। इस बीच सिंगापुर के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा को कई अकाउंट्स को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है। इनमें से एक अकाउंट जुल्फीकार बिन मोहम्मद शरीफ का है, जो सिंगापुर मूल का ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है। शरीफ पर आरोप है कि उसका इस्लामिक स्टेट से ताल्लुक है और सिंगापुर में उसे आईएस से संबंधों और आतंकवाद को बढ़ावा देने के चलते हिरासत में भी लिया गया था। शरीफ ने सिंगापुर के मलय मूल के लोगों से अपील की कि सिंगापुर की संसद मलय मुस्लिम लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में नाकाम रही। शरीफ ने लोगों से वोट ने देने की अपील की। शरीफ की पोस्ट का असर ये हुआ कि सिंगापुर के कई नागरिक भी उसके प्रभाव में आ गए और उसकी पोस्ट को रिपोस्ट किया।



मलेशिया के दो राजनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट भी प्रतिबंधित किए गए हैं। इन दोनों नेताओं पर भी आरोप है कि उन्होंने सिंगापुर के मुस्लिम मतदाताओं को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील की थी और विपक्षी नेताओं का समर्थन किया गया था और सिंगापुर सरकार के कई फैसलों की आलोचना भी की थी। सिंगापुर के गृह विभाग और चुनाव आयोग ने बयान जारी कर यह पूरी जानकारी दी है। बता दें कि सिंगापुर में कुल 27.58 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जो 3 मई को मतदान करेंगे। सिंगापुर में 75 प्रतिशत आबादी चाइनीज मूल के लोगों की, 15 प्रतिशत आबादी मलय लोगों की, जिनमें अधिकतर मुस्लिम है और सात प्रतिशत आबादी भारतीय मूल के लोगों की है।

# 11 साल बाद पूरा हुआ भारत आने का ख्वाब

**11 दिन में ही छोड़ना होगा भारत**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** दहशतगर्दों ने पहलगाम में आतंकी वारदात कर हिंदुस्तानियों ही नहीं कई पाकिस्तानी बाशिंदों को भी कभी न भूलने वाला दर्द दे दिया। सूबे में मौजूदा समय में रह रहे 1500 ऐसे ही पाकिस्तानी नागरिकों में कराची की हुमामा भी शामिल हैं। अपनों से मिलने का ख्वाब 11 साल बाद पूरा होने की उनकी खुशी आतंकियों की वजह से 11 दिन में ही छिन गई। वीजा की मुद्दत पूरी होने से पहले ही उन्हें मायूस होकर अपनों से रुखसत होना पड़ा। शुक्रवार को जब वह एलआईयू अफसरों के सामने पेश हुई तो उनकी आंखें नम थीं। उनके भाई ताहा ने बताया कि 11 साल बाद बहन को घर आने का मौका मिला था। शाहगंज के दायराशाह अजमल स्थित घर में ही वह पली-बढ़ीं। 2002 में पाकिस्तानी शौहर से निकाह हुआ और इसके बाद वह उनके साथ जाकर कराची में बस गई। निकाह के बाद 2014 में एक बार आई लेकिन इसके बाद दोनों मुल्कों के रिश्तों में तल्खी बढ़ी तो फिर अपनों से मिलने की हर कोशिश नाकाम हो गई। बड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार ऊपरवाले की मेहरबानी हुई और तरसती आंखों का ख्वाब 11 साल बाद पूरा हुआ। बहन 14 अप्रैल को बेटी के साथ घर आई। 45 दिन के लिए उसे भारत आने का मौका मिला। घर में सब लोग बहुत खुश थे। 27 मई तक उसे यहां रहना था। लेकिन यह खुशी 11 दिन भी नहीं टिकी। एलआईयू से फोन आया और कहा गया कि कार्यालय में आकर संपर्क करें। शुक्रवार को कार्यालय पहुंचे तो बताया गया कि 27 अप्रैल तक भारत छोड़ना होगा। इसके बाद सभी के चेहरे पर मायूसी छा गई। मायूस हुमामा ने कहा कि अभी तो अपनों के बीच ठीक से रह भी नहीं पाई। आते ही लखनऊ रिश्तेदारी में चली गई थी। सोचा था कि लौटकर घरवालों के साथ खुशी के पल बिताऊंगी। क्या पता था कि मुकद्दर को कुछ और ही मंजूर है। इतना कहकर वह भाई व बेटी के साथ चली गई।

# प्रयागराज में पाकिस्तान के 35 नागरिक

**भारत छोड़ने के निर्देश, आदेश न मानने पर होगी कार्रवाई**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के एक्शन के तहत प्रयागराज में भी कार्रवाई शुरू हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रयागराज में फिलहाल 35 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं और इन सभी की वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन्हें वीजा रद्द किए जाने से संबंधित केंद्र के आदेश की जानकारी देकर जल्द से जल्द भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। जो 35 पाकिस्तानी नागरिक जनपद में मौजूद हैं, उनमें से 31 लंबी अवधि जबकि चार लघु अवधि के वीजा पर भारत आए हैं। इनमें से अधिकांश ऐसे हैं जिनके परिवारीजन प्रयागराज में रह रहे हैं और शादी या अन्य कारणों से उन्हें पाकिस्तान से आना पड़ा है। सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए जाने संबंधी निर्णय के बाद यहां भी पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी के संबंध में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एलआईयू (स्थानीय अभिसूचना इकाई) की ओर से इन सभी को वीजा नियमों में संशोधन संबंधी निर्णय के बारे में सूचित कर दिया गया है। इनमें से कई ने एलआईयू दफ्तर में पहुंचकर अपना ब्योरा भी दर्ज करा दिया है। मसलन यह बताया है कि वह कब तक प्रयागराज से चले जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि कई पाकिस्तानी नागरिकों ने वापसी शुरू भी कर दी है। इस मामले में फिलहाल लिखित आदेश न आने का हवाला देकर पुलिस अफसर आधिकारिक तौर पर कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अफसर ने बताया कि जनपद में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को बता दिया गया है कि वह 27 अप्रैल तक देश छोड़ दें। मेडिकल वीजा पर आने वालों के लिए यह अवधि 29 अप्रैल तक है। एलआईयू से इन सभी पर नजर रखने को निर्देशित किया गया है। तय अवधि के बाद भी कोई प्रयागराज में रहता मिला तो उसके खिलाफ आव्रजन संबंधी नियमों के उल्लंघन के आरोप में कार्रवाई की जाएगी।

### प्रयागराज से पाकिस्तान लौटाई गई महिला



भारत से पाकिस्तानी लोगों को वापस उनके देश भेजने के केंद्र सरकार के आदेश के मद्देनजर प्रयागराज जिले से एक पाकिस्तानी महिला को शुक्रवार को वापस भेज दिया गया, जबकि शेष तीन महिलाएं शनिवार को लौट जाएंगी। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने बताया कि पाकिस्तान की एक महिला शुक्रवार को यहां से जा चुकी है, जबकि तीन पाकिस्तानी महिलाओं से हमने बात कर ली है और वे आज यहां से निकल जाएंगी। उन्होंने बताया कि यह सभी अल्पकालिक अवधि के लिए यहां आई थीं जिसमें से एक महिला इलाज के संबंध में आई थी। हम स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) के संपर्क में हैं और स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए हैं। तरुण गाबा ने कहा कि यह (पाकिस्तानी लोगों) पूरे प्रयागराज जनपद का आंकड़ा है और कुल चार पाकिस्तानी जिले में आए थे।

### निगरानी के लिए अलर्ट किए गए थानेदार

एलआईयू की कार्रवाई के अलावा जनपद के सभी थाना प्रभारियों को भी अलर्ट किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि अगर उनके इलाके में कोई पाकिस्तानी नागरिक रह रहा हो तो उस पर नजर रखें। इन सभी को वापसी के लिए निर्देशित किया गया है, ऐसे में यह भी सुनिश्चित कर लें कि वह तय अवधि तक वापस चले जाएं। ऐसा नहीं करने पर इसके संबंध में एलआईयू और उच्चाधिकारियों को सूचित करें। ताकि उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

# राजकीय लीलावती नेत्र चिकित्सालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा**

**नेत्र चिकित्सकों के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने जताई नाराजगी**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा राजकीय लीलावती नेत्र चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में नेत्र चिकित्सक मौके पर उपस्थित नहीं पाये गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने अवगत कराया कि उक्त चिकित्सकों की ड्यूटी पुलिस भर्ती में लगाई गयी है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि नेत्र चिकित्सकों की अनुपस्थिति में एक वैकल्पिक नेत्र चिकित्सक की ड्यूटी अस्पताल में लगाई जानी चाहिए थी। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल सुनिश्चित करें कि नेत्र चिकित्सक नियमित रूप से समय से उपस्थित होकर मरीजों का इलाज करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि नियमित रुप से अस्पताल में साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित चिकित्सालय में आये मरीजों राजकुमारी देवी, इंद्रावती, केशव विश्वकर्मा और पन्नालाल जो अपनी आंख के इलाज के लिए आए थे, उनसे संवाद किया तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के वाहन से उपस्थित मरीजों को जिला अस्पताल भेज कर उनका समुचित इलाज कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

## पहलगाम आतंकी हमला- सछास ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए परिजनों को श्रद्धांजलि देने के लिए छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन से चंद्रशेखर आजाद पार्क तक कैंडल जलाकर पैदल मार्च किया और नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने कहा पहलगाम आतंकी हमले कि हम कड़ी निंदा करते हैं। ऐसे हमले की जवाब देही केंद्र सरकार की भी बनती है सबसे बड़ी जो चूक हुई है वह चूक है इंटेलिजेंस की। सबसे बड़ा सवाल यह है कि घटना हुई कैसे। उसकी जानकारी सरकार को क्यों नहीं मिल पाई? बच्चा बच्चा जान गया है कि यह बहुत बड़ा सिक्योरिटी लेप्स है।

इस मौके पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष गौरव गौड़ इलाहाबाद डिग्री कॉलेज इकाई अध्यक्ष आलोक तिवारी, आशुतोष मौर्या, अभिषेक मिश्रा, शिवम वर्मा, शैलेश यादव, नितेश पांडेय, आशुतोष मिश्रा, विभोज यादव, अभय यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य 30 अप्रैल आगमन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 प्रियंका मौर्या दिनांक 30 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे पुलिस लाइन आजमगढ़ के सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला आयोग की सदस्यों द्वारा जन सुनवाई की जायेगी। किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या अन्य प्रकार की कोई भी समस्या है और उसकी सुनवाई कहीं भी नही हो रही है, तो वह 30 अप्रैल को पूर्वान्ह 11:00 बजे से पुलिस लाइन आजमगढ़ के सभागार में प्रारम्भ होने वाली जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्या बता सकती हैं, जिससे उसका उचित निराकरण किया जायेगा। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए वन स्टाप सेन्टर आजमगढ़ की केन्द्र व्यवस्थापक श्रीमती सरिता पाल के मोबाईल नम्बर 6393397 509 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। तत्पश्चात सदस्य द्वारा सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका, महिला गृहों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

## सफाई व्यवस्था सख्त हुआ नगर निगम

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर आयुक्त सीलम साई तेजा ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने भारद्वाज आश्रम और आनंद भवन के पास सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। नालियों की सफाई में कमी पाए जाने पर सफाई इंस्पेक्टर को फटकार लगाई। नगर आयुक्त ने दुकानदारों को निर्देश दिया है कि वे अपनी दुकानों के बाहर दो डस्टबीन अनिवार्य रूप से रखें। दुकानों के सामने गंदगी मिलने पर 100 रुपये और डस्टबीन न रखने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। डस्टबीन को चूने का घेरा बनाकर रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने नैनी स्थित बसवार लीगेसी वेस्ट प्लांट का भी दौरा किया। यहां फ्रेश वेस्ट, लिगेसी वेस्ट और सीएंडी वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में लगभग 3 लाख टन लिगेसी वेस्ट का निस्तारण किया जाना बाकी है। साइंटिफिक लैंडफिल साइट के निरीक्षण के दौरान कचरे से वैकल्पिक ईंधन बनाने वाली कंपनी को शेडर लगाने के निर्देश दिए गए।

# रोटरी मिडटाउन ने दिया मूक बधिर बच्चों को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिड टाउन क्लब के द्वारा मूक बधिर विद्यालय जॉर्ज टाउन प्रयागराज, में मूक बधिर छात्रों एवं छात्राओं को क्लब के द्वारा सेल्फ डिफेंस कराटे पद्धति सिखाई गई। जिसे क्लब की सदस्या एवं रेड बेल्ट अकादमी की प्रमुख श्रीमती स्मृति शांगलू एवं उनकी टीम ने पिछले 10 महीने में अथक प्रयास करके सिखाया। जिससे मूक बधिर बच्चे अपने सुरक्षा अपने आप कर सके। आज विद्यालय में मूक बधिर छात्रों एवं छात्राओं की प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें क्लब के विभिन्न सदस्यों एवं अध्यक्ष राधा सक्सेना, सचिव नीरज चुग, कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक सिंह तथा सिविल लाइंस व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा मुख्य अतिथि व महामंत्री शिव शंकर जी उपस्थित थे। इस अवसर पर क्लब के अन्य सदस्यों में महेश सिंघानिया, अभिषेक रंजन, आशीष चौधरी, दिव्यांशु तिवारी, नितिन अग्रवाल गीतिका अग्रवाल, राजीव चड्ढा , मनु सक्सेना एवं सुधीर पोतदार की उपस्थिति में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को चार स्वर्ण पदक, चार रजत पदक व आठ कांस्य पदक एवं सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रमाण पत्र भी रोटरी मिड टाउन क्लब के द्वारा दिए गए।

# एचएल जायसवाल मेमोरियल के बच्चों ने भी लहराया परचम



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जारी बाजार स्थित एच एल जायसवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी दसवीं और बारहवीं में परचम लहराया। जारी बाजार स्थित एच एल जायसवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी स्कूल और अभिभावकों का नाम रौशन किया। हाई स्कूल में पहला स्थान हासिल करने वाले पियूष पाणि मिश्रा, दूसरा स्थान पुष्टि जायसवाल, दूसरा स्थान प्रज्ञा पांडे, तीसरा स्थान राबिया बानो, व महक केसरवानी, आशुतोष केसरवानी, विभा सोनी, विकास यादव, मानसी मिश्रा, आदर्श यादव ने अपने स्कूल के साथ साथ अपने माता-पिता का भी नाम रौशन किया है?। एच एल जायसवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्मी अग्रहरि ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चे जो भी सपना देखें उसके लिए हम हमारा विद्यालय और हमारे कुशल शिक्षक उसको पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में जों भी छात्र टाप तीसरी पोजीशन तक हैं उनको ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में पढ़ाई के लिए हमारा विद्यालय पुरा सहयोग करेगा चाहे वो किसी भी विद्यालय में पढ़ें। इस दौरान अध्यापक दीनदयाल विश्वकर्मा, संदीप केसरवानी, राहुल पांडे, अंजली गुप्ता, शुभम केसरवानी, कप्तान सिंह पटेल, अंजनी गुप्ता व एच एल जायसवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

## प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज का हाई स्कूल परीक्षा फल शत प्रतिशत

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाफल 2025 के में प्रतिभा इंटर कॉलेज का परीक्षाफल घोषित हुआ जिसमें विद्यालय में हाई स्कूल का परीक्षा फल सत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल में रिया गोंड 543 , 600 अंक पाकर 79ः प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एवं दीपांशु चौरसिया 522 ,600 में 87ः अंक पाकर द्वितीय स्थान एवं हिमांशु यादव ने 520, 600 में 86.6 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया स इंटरमीडिएट परीक्षा फल में नंदिनी मौर्य ने 439 ,500 में 87.8ः अंक पाकर प्रथम प्रिया कुमारी ने 436 ,500 में 87.2ः पाकर द्वितीय तथा रीतिका प्रजापति ने 429 500 में 85.8ः अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह परीक्षा पर सभी के प्रयास से पर्याप्त प्राप्त किया गया है इसमें कोई संदेह नहीं है। इस अवसर पर बच्चों को मिष्ठान खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

# हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की मेधावी छात्रों को नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** महराजगंज स्थित सैनी मांटेसरी स्कूल पर कार्यक्रम आयोजित कर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 के मेधावी छात्र,छात्राओं को सम्मानित किया गया।

आजमगढ़ जनपद के महराजगंज स्थित सैनी मांटेसरी स्कूल पर कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल के प्रबंधक राधेश्याम सैनी व प्रधानाचार्य प्रिंस कुमार सैनी एवं शिशिर कुमार सैनी के देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत महाराजगंज अध्यक्ष श्वेता जायसवाल रही। तो वही विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिभावक एवं सभी अध्यापक,अध्यापिका रहे। उक्त अवसर पर सैनी मांटेसरी इंटर कॉलेज देवारा कदीम में 2025की बोर्ड की परीक्षा में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय अंक पाने वाले छात्र ध् छात्राओं को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। श्रीमती श्वेता जायसवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने से छात्रध् छात्राओं का हौसला अफजाई होता है। जिससे उनके उद्देश्यों को मजबूती मिलती है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं सभी छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ खण्ड, बलरामपुर

**ई-टेडरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या- 04/अधि0 अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्रीक्वालिफिकेशन टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत सिविल कार्यो में दक्ष एवं अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से तालिका सं0ः 02 में निहित कार्यक्रम के अनुसार विभाग द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी।

**तालिका सं0:-01**

| लाट सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मात्रा | धरोहर धनराशि (रु. में) I.N.R. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) (अतिरिक्त कर सहित) I.N.R. | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित कोड़रीघाट के डाउनस्ट्रीम में एफलक्स तटबंध के किमी0 0.000 से किमी0 0.120 के मध्य सुदृढ़ीकरण व ब्रिक सोलिंग की मरम्मत का कार्य। | As per Bill of Quantity | 11600.00 | 20 दिवस | 856.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 2 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित ग्राम टेंगनहिया मानकोट के निकट 60 मीटर लम्बाई में कटाव रोधी कार्य। | As per Bill of Quantity | 14500.00 | 20 दिवस | 856.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 3 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित सिसई घाट के अपस्ट्रीम में निर्मित शमशान घाट की सुरक्षा हेतु कटाव रोधी कार्य। | As per Bill of Quantity | 14200.00 | 20 दिवस | 856.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 4 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित कोड़रीघाट गाइड एवं एफलक्स तटबंध के किमी0 0.000 से किमी0 1.300 के मध्य सुदृढ़ीकरण व ब्रिक सोलिंग की मरम्मत का कार्य। | As per Bill of Quantity | 48600.00 | 20 दिवस | 944.00 | सिविल में 'बी' या उच्च श्रेणी |
| 5 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित कोड़रीघाट गाइड एवं एफलक्स तटबंध के किमी0 0.000 से किमी0 0.700 के मध्य सुदृढ़ीकरण व ब्रिक सोलिंग की मरम्मत का कार्य। | As per Bill of Quantity | 15100.00 | 20 दिवस | 856.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 6 | जनपद बलरामपुर में भगवानपुर तटबंध के किमी0 0.500 से 0.520, किमी0 0.850 से 0.874, किमी0 1.050 से 1.075 और किमी0 4.100 से 4.125 के मध्य क्षतिग्रस्त भाग के पुर्नस्थापना का कार्य। | As per Bill of Quantity | 32000.00 | 20 दिवस | 944.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 7 | बूढ़ी राप्ती नदी पर पिपरी जमुनी तटबंध के किमी0 3.140 से किमी0 3.340 के मध्य 5 अदद् कटर बनाने का कार्य। | As per Bill of Quantity | 15000.00 | 20 दिवस | 856.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 8 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर ग्राम जेनुका के निकट सीमेन्ट की खाली बोरी, नायलान क्रेट, गैबियान, बम्बू क्रेट के आपूर्ति का कार्य। | As per Bill of Quantity | 18000.00 | 20 दिवस | 944.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 9 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित बलरामपुर-भड़रिया तटबंध के किमी0 18.200 से किमी0 18.450 के निकट ग्राम कोड़रवा में 200 मी0 लम्बाई में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य। | As per Bill of Quantity | 62300.00 | 20 दिवस | 944.00 | सिविल में 'बी' या उच्च श्रेणी |
| 10 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित भोजपुर-शाहपुर तटबंध के किमी0 5.830 से किमी0 6.480 तक ब्रिक सोलिंग का कार्य। | As per Bill of Quantity | 27000.00 | 20 दिवस | 856.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 11 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित राजघाट तटबंध के किमी0 8.200 के निकट ग्राम कोलवा में सीमेंट की खाली बोरी और नॉयलान क्रेट की आपूर्ति का कार्य। | As per Bill of Quantity | 28200.00 | 20 दिवस | 856.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 12 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित भोजपुर-शाहपुर के किमी0 2.224 से किमी0 2.296 के निकट ग्राम नयनसुखवा के पास बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य। | As per Bill of Quantity | 32000.00 | 20 दिवस | 944.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |
| 13 | जनपद बलरामपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर बेलहा चरनगहिया तटबंध के निकट ग्राम लालाजोत के पास बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य। | As per Bill of Quantity | 24200.00 | 20 दिवस | 856.00 | सिविल में 'सी' या उच्च श्रेणी |

1. इस निविदा/बिड की सूचना/विवरण/शर्ते उ0प्र0 सरकार की बेवसाईट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की बेवसाईट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की बेवसाईट http://idup.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।
विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं उससे सम्बंधित अन्य शर्ते वेवसाइट से डाउनलोड कर देखी व पढ़ी जा सकती है।

**तालिका सं0:-2**

| Sr. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid Submission Start | 29-04-2025 | 10.00 AM |
| 2 | Bid Submission End | 06-05-2025 | 15.00 PM |
| 3 | Technical-Cover Opening | 06-05-2025 | 16.00 AM |
| 4 | Financial Bid Opening | Date and place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on line to successful bidders in technical bid. | |

UPID-232886 Dated-25-04-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(संजय कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
बाढ़ खण्ड, बलरामपुर


# संक्षिप्त समाचार

## डॉ. नोबुल यादव मेमोरियल इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का शत प्रतिशत परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया

**जौनपुर (सिकरारा)।** डॉ.नोबुल यादव मेमोरियल इंटर कॉलेज चक मंशाजती बथुआवर गुलजारगंज के विद्यार्थियों का हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा विद्यालय में हाई स्कूल में सूर्यांश कुमार मिश्र ने 88.8 3 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं उनके भाई वेंकटेश कुमार मिश्र ने 87.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का मान बढ़ाया वही आर्यन यादव ने 84.16 अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान पर रहे। जबकि बालिकाओं में पिंकी यादव ने 84.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। आर्यन गौड 79.6 प्रतिशत अंक प्राप्त प्राप्त किया, सानिया यादव 77.6 प्रतिशत रिया यादव 76.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।वही इंटरमीडिएट में सुरेंद्र मौर्य 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर रहे रानू प्रजापति 77 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान पर रहे मनीष कुमार बिंद 74.7 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान, मानसी गुप्ता 73.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चतुर्थ स्थान और आरती विश्वकर्मा 73.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पांचवा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. संतोष कुमार यादव, व प्रधानाचार्या सुषमा यादव ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के अथक परिश्रम से ही विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार यादव ने खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अभियोजन कार्यों से जुड़े मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पीड़ितों को न्याय दिलाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों को चिह्नित करें और महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्रवाई करें। आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने को न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारीगण, अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## जालसाज़ी के आरोपी बंदी की हुई मौत

**जौनपुर।** जालसाज़ी करके दूसरे की जमीन बेचने के आरोप में जेल में बंद एक बन्दी की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह खबर मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मृतक को मछलीशहर कोतवाली पुलिस ने बीते 13 अप्रैल को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। मछलीशहर कोतवाली थाना क्षेत्र के शादीगंज दक्षिणी निवासी कुलदीप मौर्या पुत्र रामखेलावन उम्र 55 वर्ष को धोखाधड़ी , बेईमानी समेत कई गंभीर धाराओं ने 13 अप्रैल को गिरफ्तार करके जेल भेजा था, शुक्रवार की देर रात उसकी तबियत बिगड़ गई, जेल प्रशासन उसे जिला अस्पताल पहुंचाया यहां हां पर डाक्टर ने देखकर मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मछलीशहर के चेयरमैन संजय जायसवाल करीब तीन महीने से जेल की सलाखों के पीछे है। आरोप है कि मृतक कुलदीप ने कूटरचित दस्तावेज के सहारे दूसरे की जमीन को चेयरमैन संजय जायसवाल को बेच दिया था।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की उपस्थिति में जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों की सघन तलाशी ली गयी, जिसमें कुछ भी आपत्तिजनक नही मिला। जेल अस्पताल में जाकर बन्दियो के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी और मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से बन्दियों के स्वास्थ्य की जांच की जाए। इस दौरान बन्दियों से सवांद करते हुए भोजन, स्वास्थ्य सहित अन्य जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि एक बन्दी जो पहले से बीमार थे, और बेहद कमजोर थे, उनकी मृत्यु हो जाने के उपरान्त नियमानुसार पोस्टमार्टम करा दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रव खाड़िया, जेल अधीक्षक, जेलर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भारत-पाक तनाव बढ़ने के बावजूद विदेशी निवेशकों की वापसी, 17424 करोड़ की खरीदारी

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद विदेशी पोर्टफोलियो



निवेशक (एफपीआई) इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बने रहे। इस दौरान उन्होंने 17,424.88 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बने रहे। इस दौरान उन्होंने 17,424.88 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। एनएसडीएल की ओर से जारी आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है।

हाल ही में, कश्मीर में आतंकवादियों की ओर से निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद एक बड़ी भू-राजनीतिक चिंता पैदा हुई है। इसके कारण भारतीय बाजारों पर एक बड़ा असर दिखा। निवेशकों को भारत की जवाबी कार्रवाई की आशंका है, जैसा कि उरी और बालाकोट हमलों के बाद हुआ था। पिछली बार भारत की ओर से आतंकी हमलों के 10 और 15 दिन बाद कार्रवाई की गई थी।

बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के अनुसार भू-राजनीतिक नतीजे और कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई का जोखिम भारतीय बाजारों पर हावी है।

उन्होंने कहा कि अच्छी आय, अच्छे एफपीआई प्रवाह और टैरिफ युद्ध में नरमी जैसे मजबूत वैश्विक संकेतों के बावजूद कश्मीर में हुए हत्याकांड के बाद भारतीय बाजार फिसल गए। यह भू-राजनीतिक असर अगले कुछ हफ्तों तक भारतीय बाजारों को धीमा रख सकता है।

भले ही भारतीय कंपनियों ने अच्छी आय दर्ज की हो, विदेशी निवेशकों ने मजबूत निवेश किया हो और वैश्विक संकेत टैरिफ युद्ध के संभावित समाधान की उम्मीद बढ़ी हो लेकिन कश्मीर की घटना के बाद भारतीय बाजार में बिकवाली दिखी।

पिछले दो हफ्तों में मजबूत निवेश के बावजूद, अप्रैल में शुद्ध एफपीआई निवेश नकारात्मक बना हुआ है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल के लिए शुद्ध निकासी 5,678 करोड़ रुपये है। यह बताता है कि हाल के समय में बाजार में लौटा निवेश उससे पहले हुई निकासी की भरपाई फिलहाल पूरी नतह से नहीं कर पाया है।

वर्ष 2025 की बात करें तो विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से बड़ी मात्रा में निकासी की है। 2025 के लिए अब तक एफपीआई की ओर से शुद्ध निकासी 1,22,252 करोड़ रुपये है। वैश्विक बाजार में भले ही आने वाले कुछ दिनों में सकारात्मक रुख दिखे पर भारत-पाकिस्तान की सीमा पर बढ़े मौजूदा तनाव के कारण भारतीय बाजारों पर दबाव दिख सकता है।

# सेमी और आईईएसए की रणनीतिक पहल से बढ़ेगा ईसीएमएस का प्रभाव

**लखनऊ।** इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के शुभारंभ पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) को बधाई देते हुए, सेमी इंडिया और आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा, ''ईसीएमएस पहल भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग ईकोसिस्टम को मजबूत करने और देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे सेमीकंडक्टर नीति हेतु समर्थन को पूर्णता मिलेगी।'' केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा योजना के दिशानिर्देश और पोर्टल जारी करने के अवसर पर बोलते हुए, श्री चांडक ने इस बात पर जोर दिया कि एसईएमआई और आईईएसए इस योजना को बढ़ाने और इसके प्रभाव को बढ़ाने के लिए कई रणनीतियों को लागू कर रहे हैं, जिनमें जापान, कोरिया, ताइवान, सिंगापुर और अमेरिका के उद्योग संघों के साथ सेमी ग्लोबल और आईईएसए के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के जरिए हम भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट ईकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। हम निवेश आकर्षित करने और वैश्विक बाजारों की संभावना के साथ ईकोसिस्टम विकसित करने के लिए घरेलू और वैश्विक दोनों प्लैटफार्मों पर भारत की नीतियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा नॉलिज पार्टनर के रूप में सेवा देते हुए आईईएसए ने 'मेक इन इंडिया - मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल के मुताबिक विभिन्न क्षेत्रों में कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग सहित ईएसडीएम को बढ़ावा देने के लिए कई राज्य सरकारों के साथ एमओयू किए हैं। वहीं अधिकांश वैश्विक और भारतीय कम्पोनेंट डिस्ट्रीब्यूटर सेमी और आईईएसए के सदस्य हैं। हमारा उद्देश्य भारत और वैश्विक स्तर पर कम्पोनेंट निर्माताओं और उपयोगकर्ता उद्योगों की वितरण और भंडारण आवश्यकताओं का समर्थन करना है। उन्होंने कहा कि हमारी सदस्य कंपनियों में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेवाएं (ईएमएस) और ओरिजिनल इक्विपमेंट निर्माता (ओईएम) शामिल हैं, जो प्लांट्स में निवेश करने और उन्हें स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं, जिससे मांग और स्थानीय स्तर पर वैल्यू ऐडिशन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने नीतियों के वैश्विक प्रचार को लेकर कहा कि हम निवेश आकर्षित करने और वैश्विक बाजारों की संभावना के साथ ईकोसिस्टम विकसित करने के लिए घरेलू और वैश्विक दोनों प्लैटफार्मों पर भारत की नीतियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। सितंबर के पहले सप्ताह में होने वाले सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम में, हमें उम्मीद है कि कई कंपनियां और सदस्य इस दिशा में प्रगति दर्शाएंगे। उन्होंने बताया कि 22,919 करोड़ रुपये के कुल बजट के साथ ईसीएमएस का लक्ष्य 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना है, जिसके परिणामस्वरूप 4,56,500 करोड़ रुपये मूल्य के उत्पादों का उत्पादन होगा और 91,600 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार बनेगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी।

## अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी ने कहा है कि भारत की सबसे मूल्यवान और लाभदायक कंपनी रिलायंस में उनके बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अंबानी के सबसे बड़े बेटे आकाश 2014 में इकाई में शामिल होने के बाद जून 2022 से कंपनी की दूरसंचार शाखा, जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष हैं। अब अनंत अंबानी को रिलायंस में कार्यकारी निदेशक की जिम्मेदारी मिली है। आइए इस बारे बारे में विस्तार से जानते हैं।

अरबपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अहम जिम्मेदारी मिली है। उन्हें कंपनी बोर्ड में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। कंपनी ने यह खुलासा किया है। अनंत का कार्यकाल पांच साल का होगा और उनकी नियुक्ति एक मई से प्रभावी होगी। ब्राउन यूनिवर्सिटी से स्नातक अनंत अंबानी अपने भाई-बहनों में रिलायंस के कार्यकारी निदेशक नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति हैं।

अंबानी ने अंतिम उत्तराधिकार योजना की तैयारी के तहत अगस्त 2023 में अपने तीन बच्चों- जुड़वां ईशा और आकाश और अनंत को तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में कारोबार करने वाली कंपनी के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशकों के रूप में शामिल किया था।

हाल के वर्षों में एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने कहा है कि भारत की सबसे मूल्यवान और लाभदायक कंपनी रिलायंस में उनके बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सबसे बड़े बेटे आकाश 2014 में इकाई में शामिल होने के बाद जून 2022 से कंपनी की दूरसंचार शाखा, जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष हैं।

उनकी जुड़वां बहन ईशा कंपनी के खुदरा, ई-कॉमर्स और लक्जरी कारोबार को संभालती हैं। अनंत विदेश में न्यू एनर्जी कारोबार का संचालन करते हैं। तीनों बच्चे जियो प्लेटफॉर्म्स के बोर्ड में हैं। यह रिलायंस की दूरसंचार और डिजिटल संपत्तियों और रिलायंस रिटेल का स्वामित्व रखने वाली इकाई है।

# मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन मणिपाल हॉस्पिस एंड रेसपाइट सेंटर का उद्घाटन करेगी

**मणिपाल।** मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई), मणिपाल ने भारत के अपने तरह के अनूठे मणिपाल हॉस्पिस एंड रेस्पाइट सेंटर (एमएचआरसी) के उद्घाटन की घोषणा की है। इसका औपचारिक उद्घाटन आंध्र प्रदेश के राज्यपाल महामहिम माननीय न्यायमूर्ति श्री सैयद अब्दुल नजीर 30 अप्रैल, 2025 को करेंगे। इस केंद्र में नैदानिक सेवाओं की शुरुआत जुलाई 2025 में होगी। एमएएचई द्वारा की गई उच्च सामाजिक प्रभाव वाली यह पहल पूरी तरह से निःशुल्क है और इसका उद्देश्य उत्कृष्ट दयालु समग्र उपशामक देखभाल केंद्र बनना है जो वन-स्टॉप डेस्टिनेशन होगा। यानी एक बार यहां पहुंच गये तो सभी चीजों का ख्याल रखा जायेगा। यह गंभीर और जीवन को सीमित करने वाली बीमारियों का सामना कर रहे रोगियों तथा उनके परिवार को व्यापक राहत, देखभाल



और रहने की जगह प्रदान करेगा। इस सुविधा की योजना कई भागीदारों की सहायता से बनाई गई है। इनमें कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, कस्तूरबा अस्पताल मणिपाल और इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैलिएटिव केयर शामिल हैं, जो प्रशिक्षित पैलिएटिव देखभाल मुहैया कराते हैं। इसके लिए इनके पास चिकित्सकों, नर्सों, मनोवैज्ञानिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य सहायता कर्मियों की एक बहु-विषयक टीम है जो विशेषज्ञ सेवा मुहैया करवाते हैं। इनके साथ कई कॉर्पोरेट और गैर-लाभकारी संगठन इसके वित्तपोषण में योगदान देते हैं। कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सिर्फ़ 4.5 किलोमीटर और एनएच -66 से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, मणिपाल हॉस्पिस और रेस्पाइट सेंटर (एमएचआरसी) स्वर्ण नदी के शांत तट पर एक शांतिपूर्ण परिसर में स्थित है जो 12 एकड़ में फैला हरा-भरा क्षेत्र है। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए, एमएएचई के प्रो-चांसलर डॉ. एचएस बल्लाल ने कहा , ÷हमारी प्रतिबद्धता हमेशा शिक्षा और शोध से आगे बढ़कर सहानुभूति, सम्मान और मानवता के मूल्यों को शामिल करने के प्रति रही है। चिकित्सा उत्कृष्टता को पोषण देने वाले वातावरण के साथ जोड़ने वाली इस अनूठी सुविधा के पीछे का विचार जीवन-सीमित करने वाली स्थितियों का सामना करने वाले लोगों के लिए करुणा और रोगी-केंद्रित देखभाल का एक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शारीरिक देखभाल के साथ-साथ भावनात्मक और आध्यात्मिक कल्याण को पोषित करने के लिए डिज़ाइन किया गया यह केंद्र हमारे इस विश्वास को दर्शाता है कि उपचार में पूरे व्यक्ति को शामिल किया जाना चाहिए - न कि केवल बीमारी को। लॉन्च से पहले अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल के कुलपति, लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ) एमडी वेंकटेश, वीएसएम (सेवानिवृत्त) ने कहा, ÷एमएचआरसी एक अग्रणी पहल है जो विशिष्ट, सहानुभूतिपूर्ण और अकादमिक रूप से निहित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के हमारे मिशन को आगे बढ़ाती है।

# पिछले साल की तुलना में हवाई यात्रियों की संख्या 8.79% बढ़ी

**नई दिल्ली।** नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपनी मासिक घरेलू यात्री यातायात रिपोर्ट में बताया है कि मार्च 2025 के दौरान देश की विमानन कंपनियों से 145.42 लाख यात्रियों ने सफर किया। पिछले साल इसी अवधि के दौरान 133.68 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी थी। आइए इस रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानें।

मार्च महीने में देश में करीब 1 करोड़ 45 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी। डीजीसीए ने शनिवार को आधिकारिक आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी। देश के हवाई यात्रियों की संख्या में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 8.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल यानी मार्च 2024 में कुल 1 करोड़ 33 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी थी।

नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपनी मासिक घरेलू यात्री यातायात रिपोर्ट में कहा, मार्च 2025 के दौरान देश की विमानन कंपनियों से 145.42 लाख यात्रियों ने सफर किया। पिछले साल इसी अवधि के दौरान 133.68 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी थी।

बीते महीने में इंडिगो ने कुल 93.1 लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा प्रदान की, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 64 प्रतिशत रही। जबकि एयर इंडिया समूह ने (पूर्ण सेवा प्रदाता एयर इंडिया और कम लागत वाली कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस) के जरिए 38.8 लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा प्रदान की। उसकी बाजार हिस्सेदारी 26.7 प्रतिशत रही।

दो अन्य प्रमुख एयरलाइन कम्पनियों अकासा एयर और स्पाइसजेट ने मार्च 2025 में क्रमशः 7.2 लाख और 4.8 लाख यात्रियों को उड़ान सेवाएं प्रदान की। उनकी बाजार हिस्सेदारी क्रमशः 5 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत रही।

# भारत में लोगों की आय में ठहराव, मारुति-सुजुकी इंडिया के चेयरमैन की टिप्पणी का हवाला देकर बोले रमेश

**नई दिल्ली।** देश के केवल शीर्ष 12 प्रतिशत परिवार ही कार खरीद सकते हैं और इस स्थिति का मूल



कारण भारत की बड़ी आबादी की आय में आई व्यापक स्थिरता है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को यह बात कही। आइए इस बारे में हम विस्तार से जानते हैं।

देश के केवल शीर्ष 12 प्रतिशत परिवार ही कार खरीद सकते हैं और इस स्थिति का मूल कारण भारत की बड़ी आबादी की आय में आई व्यापक स्थिरता है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को यह बात कही। रमेश ने मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव की टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि भारत में कार खरीदना केवल 12 प्रतिशत परिवारों तक ही सीमित है।

कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूरा देश अब भी गहरी पीड़ा और सदमे की स्थिति में है। पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले ने हमारे जीवन पर गहरा असर डाला है।

उन्होंने कहा, ÷फिर भी, हम मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन द्वारा आज कही गई बातों पर ध्यान दिए बिना नहीं रह सकते, जिसका अर्थव्यवस्था पर बहुत प्रभाव पड़ता है।÷ उन्होंने भार्गव के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भारत में कार खरीदना मुख्य रूप से शीर्ष 12 प्रतिशत परिवारों तक ही सीमित है। जिनकी वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक है। रमेश ने बताया कि भार्गव के अनुसार, शेष 88 प्रतिशत परिवारों के लिए छोटी कारों के बारे में सोचना भी संभव नहीं है। मारुति के परिणामों के अनुसार कंपनी की बिक्री में लगभग 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2023-2024 और 2024-25 के बीच कुल यात्री वाहनों की बिक्री में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भार्गव ने कहा कि आगामी वर्ष में भी वृद्धि दर केवल 1-2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

रमेश ने अपने पोस्ट में दावा किया, इस स्थिरता का मूल कारण भारत के अधिकांश की वास्तविक आय में आया व्यापक ठहराव है।

## 28 अप्रैल को तटीय राज्यों की बैठक, केंद्र 255 करोड़ रुपये की मत्स्य पालन परियोजनाओं का करेगा एलान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह सोमवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत सात तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 255.30 करोड़ रुपये की लागत वाली प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

मुंबई में आयोजित होने वाले तटीय राज्यों के सम्मेलन में मंत्री समुद्री मत्स्य पालन को मजबूत करने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख पहलों का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान समुद्री मत्स्य पालन जनगणना अभियान, कछुआ बहिष्करण उपकरण परियोजना और पोत संचार और सहायता प्रणाली के लिए मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी होगी।

इस कार्यक्रम में मत्स्य पालन व पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन उपस्थित रहेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उत्कृष्ट सहकारी समितियों, मत्स्यपालन कृषक उत्पादक संगठनों, मत्स्यपालन स्टार्टअप्स और जलवायु-लचीले तटीय मछली पकड़ने वाले गांवों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना (पीएमएमकेएसएसवाई) के हिस्से के रूप में, लाभार्थियों को जल बीमा प्रमाणपत्र और किसान क्रेडिट कार्ड भी मिलेंगे।

# टॉम क्रूज़ की मिशनः इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग भारत में होगी पहले रिलीज़ 17 मई 2025 को

ईथन हंट के आखिरी मिशन को बड़े पर्दे पर देखने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि वह तय वक्त से पहले एक बार फिर एक्शन में लौट रहा है! यह खबर फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है - अब उन्हें अपने पसंदीदा जासूस को देखने के लिए ज़्यादा इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा। पैरामाउंट पिक्चर्स इंडिया ने घोषणा की है कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' अब 23 मई के बजाय 17 मई 2025, शनिवार को ही रिलीज़ की जाएगी यानी 6 दिन पहले।



दुनियाभर में फैंस के जबरदस्त उत्साह और मांग को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। 'मिशन~ इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और रोमांच से भरपूर अनुभव है एक ऐसा आखिरी मिशन जिसमें ज़बरदस्त एक्शन, दिल को छू लेने वाले पल और सांस रोक देने वाला रोमांच देखने को मिलेगा। यह वही विदाई है, जिसका दर्शक सालों से इंतज़ार कर रहे थे।

पैरामाउंट पिक्चर्स और स्काइडांस की प्रस्तुति, और टॉम क्रूज़ प्रोडक्शन की इस फिल्म का निर्देशन किया है क्रिस्टोफ़र मैक्करी ने। दमदार कलाकारों से सजी इस हाई-वोल्टेज एक्शन फिल्म में टॉम क्रूज़ के साथ नज़र आएंगे हेली एटवेल, विंग रेम्स, साइमन पेग, एसाई मोरालेस, पॉम क्लेमेंटिएफ, हेनरी ज़ेर्नी, एंजेला बैसेट, होल्ट मैक्कलनी, जेनेट मैकटीर, निक ओफरमैन, हैना वाडिंगहैम, ट्रामेल टिलमैन, शिया व्हिघम, ग्रेग टार्ज़न डेविस, चार्ल्स पार्नेल, मार्क गैटिस, रोल्फ सैक्सन और लूसी तुलुगरजुक। एक्शन, ड्रामा और थ्रिल से भरपूर यह फिल्म सिनेमाघरों में रोमांच की नई ऊंचाइयों को छूने वाली है। तो अपने कैलेंडर में तारीख नोट कर लीजिए शनिवार, 17 मई 2025! क्योंकि 'मिशन~ इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' रिलीज़ हो रही है अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में। तैयार हो जाइए उस दुनिया में कदम रखने के लिए, जहां ज़िंदगियां, फैसले और मिशन आखिरी बार एक-दूसरे से टकराने वाले हैं।

# गुजरात साइंस सिटी ने वर्ल्ड पेंगुइन डे पर विशेष घोषणा के साथ तीन अफ्रीकी पेंगुइन चूजों के जन्म का जश्न मनाया

**लखनऊ।** वर्ल्ड पेंगुइन डे के अवसर पर, गुजरात साइंस सिटी गर्व के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मना रही है एक्वाटिक गैलरी में तीन अफ्रीकी पेंगुइन चूजों का सफल इन-हाउस प्रजनन। यह उपलब्धि गैलरी की संरक्षण, शिक्षा और समुद्री जैव विविधता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का ऐतिहासिक प्रतीक है।

इस खास दिन को चिह्नित करने के लिए, गुजरात साइंस सिटी ने नवजात पेंगुइन चूजों के नामों की घोषणा की है- डेज़ी, कियारा और बालू। ये नाम खुशी, स्नेह और पेंगुइन परिवार के साथ जनता के बढ़ते जुड़ाव को दर्शाते हैं।

यह सफल प्रजनन कार्यक्रम एक्वाटिक गैलरी की विशेषज्ञ हसबेंड्री टीम के नेतृत्व में जून 2024 में शुरू हुआ था, जिसमें पहला अंडा दिया गया और 38 दिन के इनक्यूबेशन के बाद जुलाई में फूटा। एक दुर्लभ और हर्षजनक

> **नवजात**
>
> इस खास दिन को चिह्नित करने के लिए, गुजरात साइंस सिटी ने नवजात पेंगुइन चूजों के नामों की घोषणा की है- डेज़ी, कियारा और बालू।

विकास में, पेंगुइन जोड़े ने अक्टूबर में दूसरी बार दो अंडे दिए, जो नवंबर में फूटे जिससे दो मादा चूजे और एक नर चूजा जन्मे।

यह उपलब्धि एक विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए घोंसले के वातावरण का परिणाम है, जो पेंगुइनों के प्राकृतिक आवास की नकल करता है, जिससे उन्हें सुरक्षा, गोपनीयता और अनुकूल प्रजनन



परिस्थितियाँ प्राप्त हुईं। इसके अतिरिक्त, प्रजनन और चूजा पालन की अवधि के दौरान पेंगुइनों को एक विशेष आहार और मनोरंजन कार्यक्रम के माध्यम से सहयोग प्रदान किया गया।

अफ्रीकी पेंगुइन, जो दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के तटीय क्षेत्रों के मूल निवासी हैं, को द्धष्टह द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। जंगली में केवल 19,800 से भी कम प्रजनन योग्य अफ्रीकी पेंगुइन शेष हैं, ऐसे में सफल कैप्टिव ब्रीडिंग वैश्विक संरक्षण प्रयासों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर बोलते हुए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, गुजरात सरकार की प्रमुख सचिव, सुश्री मोना के. खंधार, आईएएस ने कहा- इन पेंगुइन चूजों का जन्म न केवल गुजरात साइंस सिटी के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण है। यह पशु कल्याण, संरक्षण और विज्ञान शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम नागरिकों और पर्यटकों को डेज़ी, कियारा और बालू से मिलने के लिए आमंत्रित करते हैं जो अब समुद्री संरक्षण के हमारे नए दूत बनेंगे। पेंगुइन प्रदर्शनी अब आगंतुकों के लिए खुली है, जो सभी उम्र के लोगों के लिए एक रोमांचक और शैक्षिक अनुभव प्रदान करती है। इस वर्ल्ड पेंगुइन डे पर आइए हम संकटग्रस्त प्रजातियों की रक्षा और हमारे ग्रह के समुद्री पारिस्थितिक तंत्रों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें।

## भोजपुरी दर्शकों के बीच जबरदस्त लोकप्रिय अभिनेत्री अपर्णा मलिक फिल्म क्योंकि...हर एक सास जरूरी होती है में मुख्य भूमिका में नजर आयेंगी

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक और विशेष तोहफा लेकर आ रहा है फीलमची भोजपुरी चैनल। अपने 5 साल पूरे होने पर 5 साल महा धमाल सेलिब्रेशन के तहत फीलमची ने तीसरी खुद की ओरिजिनल फिल्म क्यूंकि... हर एक सास जरूरी होती है का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर 26 अप्रैल को एक्सक्लूसिवली फीलमची भोजपुरी पर होगा। इस फ़िल्म की खासियत इसकी हास्य से भरपूर, दिल को छू लेने वाली और अनोखी कहानी है, जिसमें पारिवारिक रिश्तों को मजेदार और भावनात्मक ढंग से दर्शाया गया है। इससे पहले फीलमची की दो ओरिजिनल हिट फिल्मों सास कमाल, बहू धमाल और बड़की भाभी ने भोजपुरी दर्शकों के बीच जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है और दर्शकों की पसंदीदा सूची में जगह बनाई है। क्यूंकि... हर एक सास ज़रूरी होती है की कहानी मौसम नाम की पढ़ी-लिखी और समझदार बहू के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी सास धने री चालाक और की है। मौसम अक्सर अपनी दादी सास की तस्वीर से मन की बातें



करती है, लेकिन एक दिन दादी सास की आत्मा प्रकट होकर मौसम के शरीर में प्रवेश कर जाती है। उनका सास धर्म अधूरा रह गया था, जिसे अब वे पूरा करना चाहती है-अपनी बहू के जरिए। कहानी में हास्य, भावनाएं और रिश्तों की गहराई इतनी सहजता से बुनी गई है कि हर दर्शक इससे जुड़ाव महसूस करेगा। फिल्म में प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं अपर्णा मलिक और लाडो मधेसिया, जिनके अभिनय ने किरदारों को जीवंत बना दिया है। साथ ही इस फिल्म में वरिष्ठ कलाकार जे. नीलम भी अहम भूमिका में नज़र आएंगी। लाडो मधेसिया ने कहा, फीलमची पर बनी हर फिल्म कुछ नया लेकर आती है। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सोच बदलने की एक कोशिश है। क्यूंकि... हर एक सास जरूरी होती है हर घर के लिए एक हँसी-खुशी का अनुभव है। वहीं जे. नीलम ने कहा, यह फिल्म महिलाओं के आपसी रिश्तों को नए दृष्टिकोण से देखने और समझने की कोशिश है। मुझे गर्व है कि मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हूं। फिल्म के साथ-साथ फीलमची पर क्यूंकि हर एक सास प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा भी की जाएगी, जिसमें देशभर से लाखों प्रविष्टियाँ आई हैं। प्रतियोगिता में होगों ने अपने मजेदार वीडियो असुरक्षिततजरिए जरिए बताया कि उनके हिसाब से उनकी सास क्यों खास हैं। ये वीडियो फिल्म के दौरान ऑन एयर किए जाएंगे, जो दर्शकों को हँसी और भावनाओं से भर देंगे। तो तैयार हो जाइए 26 अप्रैल को इस अनोखे पारिवारिक मनोरंजन के लिए, सिर्फ फीलमची भोजपुरी पर।

# कार एक्सिडेंट में मरे परिजनों से मिलकर सांसद व विधायक ने बढ़ाया ढांढस

अवधनामा ब्यूरो


पीड़ित परिजनों से मिल ढांढस बढ़ाते सांसद व विधायक

**दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों को सरकारी सहायता जल्द से जल्द दिलाने का निर्देश दिया**

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के नरायनपुर चरगहां निवासी छह युवकों की कार एक्सिडेंट में हुई मौत के बाद सांसद विजय कुमार दुबे ने शनिवार को पीड़ित परिजनों से मिलकर ढांढस बढ़ाया।

बता दें कि नरायनपुर चरगहां के पश्चिम टोला निवासी गोपाल मद्धेशिया के बेटे विकास की बारात बीते रविवार को नेबुआ नौरंगिया के देवगांव गई थी। इसी बारात में शामिल कार देर रात खड्डा-पडरौना मार्ग पर शुक्ल भुजौली के समीप पहुंची थी कि बेकाबू होकर सड़क के दाएं तरफ पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में चचेरे भाई योगेंद्र मद्धेशिया (35), इसका छोटा भाई हरेंद्र मद्धेशिया (30), रंजीत मद्धेशिया (28), मुकेश मद्धेशिया (32), राजकिशोर, कार चालक ओमप्रकाश (30), कुसमहा गांव के घुरचिया टोला निवासी 27 वर्षीय भीम यादव की मौत हो गई थी जबकि दो अन्य घायल हो गए।

शनिवार को कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौड़, कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने मृतक परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। आर्थिक मदद कर परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही दूरभाष पर सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता करके शोकाकुल परिजनों को सरकारी सहायता जल्द से जल्द दिलाने के लिए निर्देशित किया। सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि घटना काफी दुखदाई और कष्टदायक है। उन्होंने घटना में दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मथौली नवरंग सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना, चमन यादव, मण्डल अध्यक्ष मथौली अदालत प्रसाद, टेकुआटार राजेश राव, रामकोला मनोहर गुप्ता, अमर नाथ मद्धेशिया, कुलदीप टाइगर, वीरेंद्र पांडेय, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, रामप्रताप सिंह, संजू सिंह, बृजेश पांडेय, ग्राम प्रधान गंगा मद्धेशिया, शत्रुधन मद्धेशिया, राधेश्याम मद्धेशिया, सक्षम तिवारी, राजन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## खाकी बाबा आश्रम में हुआ भंडारे का आयोजन

**अमेठी/भादर।** खाकी बाबा आश्रम में शनिवार को भाजपा के जिला प्रतिनिधि अनिल सिंह और अनुदेशक एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह के परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। खाकी बाबा आश्रम क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां आसल क्षेत्र के लोग प्रतिदिन पूजा अर्चना करते हैं। परिवार में मांगलिक आयोजन और खुशी के कार्यों पर भंडारे का भी आयोजन होता है। शनिवार को अनिल सिंह के परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त प्र अ कालीसहाय सिंह, कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह गप्पू, भाजपा नेता महेंद्र प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान संत बख्श सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती, ब्लाक मंत्री देवांशु सिंह, ब्लाक संसाधन केंद्र के विषय विशेषज्ञ जामवंत मौर्य, अवनीश वर्मा, विजय प्रताप यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष इन्द्र बहादुर सिंह, सेवानिवृत्त फौजी भानु प्रताप सिंह, नीरज सिंह, अक्कू, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, श्री राम आदि मौजूद रहे।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान का फूंका पुतला

अवधनामा संवाददाता


मथौली नगर में पाकिस्तान का पुतला दहन करते लोग

**केंडिल मार्च निकाल हमले में मरे लोगों को दी श्रद्धांजलि**

**मथौली, कुशीनगर।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या के विरोध में पूरे भारत में जनाक्रोश है। शनिवार को जगह-जगह जिले में लोगों ने शोक सभा की और कैंडल मार्च निकाल कर नाराजगी जताई। इसी क्रम में नगर पंचायत मथौली में पिछड़ा आयोग के सदस्य फूल बदन कुशवाहा के नेतृत्व में मुख्य चौराहे पर पाकिस्तान का पुतला फूंकर विरोध जताया गया तथा शाम को केंडिल मार्च निकाल श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर आयोग के सदस्य श्री कुशवाहा ने कहा कि धर्म के आधार पर हमला करने वाले आतंकियों पर सरकार कड़ी कार्रवाई करें। पर्यटकों पर इस तरह से कायराना हमला का मै निंदा करता हूं। सरकार से मांग है कि आतंकियों को ढूंढकर मारा जाए तथा पाकिस्तान से हर एक संधि तोड़ दी जाए। भाजपा नेता संजय सिंह ने मुन्ना ने कहा कि सरकार इस घटना पर सख्त कार्रवाई कर वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करे। इस मौके पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए मुख्य चौराहे पर पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इसके बाद शाम को व्यापारी व अन्य लोगों ने केंडिल मार्च निकाल मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चेयरमैन नवरंग सिंह, सभासद, अदालत प्रसाद, प्रिंस जायसवाल, कृष्णा मद्धेशिया, प्रिंस मद्धेशिया, राजदेव साहनी, रितेश यादव, आकाश जायसवाल, नगीना गुप्ता, ज्ञानचंद कुंवर, वीरेंद्र पांडेय, विजय सैनी, सत्यवीर सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## परिषदीय स्कूलों में नामांकन और उपस्थिति को लेकर परेशान हैं शिक्षक

**अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और बच्चों की उपस्थिति को लेकर शिक्षक का भी परेशान हैं। प्रतिदिन बस्तियों की तरफ दौड़ रहे हैं अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेज को तैयार नहीं है। बच्चे इस समय गांवों में गेहूं की बाली बिनने और महुआ बिनने में मस्त हैं। शनिवार को कंपोजिट विद्यालय रणवीर नगर, हारीपुर, प्राथमिक विद्यालय रामनगर, पूरे प्रेम के साथ कई परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति नामांकन के सापेक्ष कम देखी गई। कई शिक्षकों ने बताया कि इस समय गांव में बच्चे अपने माता-पिता के साथ गेहूं की बाली और महुआ बिनने में मस्त है। बस्तियों में जाने के बाद एक भी बच्चा नहीं मिलता है।

अभिभावकों से पूछने पर जबाब मिलता है,चार दिन का काम है, उसके बाद स्कूल रोज जायेंगे। अभिभावक भी बच्चों की शिक्षा के मामले में गंभीर नहीं है। शिक्षकों ने बताया कि उपस्थिति कम होने पर अधिकारियों की ओर से नोटिसें जारी की गई है।

# सूखे पड़े हुए हैं तालाब, आवारा पशु और जंगली जानवरों को नहीं मिल रहा पानी

### प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में बस्ती की तरफ भाग रहे जानवर

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** वैशाख मास के तीसरे सप्ताह में कड़ाके की धूप के चलते जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है हर व्यक्ति गर्मी और धूप से बचने के लिए पंखे और कूलर का सहारा ले रहा हैं। आवारा पशु और जंगली जानवर भी गर्मी से बचने व प्यास बुझाने के लिए बस्तियों की तरफ दौड़ रहे हैं। प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायत में स्थित तालाबों को नलकूपों के माध्यम से पानी भरवाने के निर्देश दिए गए थे। पिछले दो सप्ताह पहले ही गर्मी को देखते हुए तत्कालीन डीएम निशा अनंत ने सभी ग्राम पंचायत में स्थित अमृत सरोवरों एवं मनरेगा के अंतर्गत तालाबों को समरसेबल नलकूपों के माध्यम से भरवाने के निर्देश जारी किए गए थे। उसके बाद भी अभी तक किसी भी गांव में एक भी तालाब में पानी भरवाने का काम नहीं किया गया है । जंगली जानवर और आवारा पशु पानी की तलाश में बस्तियों की तरफ दौड़ रहे हैं। गांव में स्थित तालाबों में धूल उड़ रही है। ग्रामीण रामकुमार मौर्य ,रामसुख यादव ,लल्लन यादव ,रामसुख ,राम शंकर, हृदय राम आदि ग्रामीणों ने बताया कि इस समय अधिक गर्मी होने के कारण रास्ता चलना मुश्किल साबित हो रहा है। सुबह 9 बजे के बाद घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं पड़ रही है। बार-बार प्यास लग रही है। रातों के समय आवारा पशु और जंगली जानवर पानी की तलाश में बस्तियों की तरफ दौड़ लगा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत को तालाबों को भरवाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जो भी ग्राम पंचायतें आदेश का पालन नहीं करेंगी। उन ग्राम पंचायतों के संबंधित सचिवों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को अधिकतम तापमान 41 सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया है आर्द्रता 21 प्रतिशत रही। हवाएं 10 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से चली।

# दो अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता


पुलिस गिरफ्त में शराब तस्कर

**तरयासुजान, कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 27 माधोपुर के निकट बाला जी ढाबा के सामने पुलिस ने घेराबंदी कर अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग के साथ एक ट्रक से 153 पेटी तस्करी के लिए बिहार जा रही विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अवैध शराब बिक्री/निष्कर्षण व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान शनिवार को एक टाटा ट्रक संख्या से तस्करी कर बिहार हेतु ले जाई जा रही कुल 153 पेटी टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब वाहन सहित कुल कीमत लगभग 37 लाख रुपए के साथ दो शराब तस्करों को गिरफतार कर बरामद शराब को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पकड़ें गए तस्करों से पूछताछ किया तो उन्होंने ने बताया कि हमलोग जनपद के विभिन्न जगहों से इस शराब को एकत्रित करके बिहार राज्य में अधिक मूल्य पर बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुछताछ में पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम रंजन कुमार राय पुत्र रामजन्म राय निवासी अख्तीयारपुर थाना पूरनी जिला मुजफ्फरपुर बिहार व सचिन कुमार पुत्र राजेन्द्र दास निवासी आनन्दपुर गंगोलिया थाना सरैया जिला मुजफ्फरपुर बिहार बताया। शराब बरामदगी करने वाली टीम में तमकुहीराज प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार साहनी, महेश मिश्रा, मृत्युंजय सिंह, मोहित उपाध्याय, सत्यप्रकाश यादव, नितेश कुमार सिंह, सचिन विश्वकर्मा शामिल रहे।

## जुआ खेलते पांच जुआरी धरे गए, तास के पत्ते समेत नगदी बरामद

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रविन्द्रनगर धूस पुलिस द्वारा जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को दबोच लिया। पकड़े गए जुआरियों में विकास तिवारी पुत्र अनिरूद्ध तिवारी निवासी डुम्मरभार, गुड्डु यादव पुत्र रामनेति यादव निवासी धर्मपुर खुर्द, धंजीत तिवारी पुत्र रामाकांत तिवारी निवासी धर्मपुर बुजुर्ग, अमन तिवारी पुत्र व्यासमुनि तिवारी डुम्मरभार व रामजीत प्रसाद उर्फ पट्टू पुत्र शंकर प्रसाद निवासी मुण्डेरा रतनपट्टी थाना कसया को गिरफ्तार कर मौके से 52 ताश के पत्ते व कुल 7720 रुपए नगद बरामद की गई। पुलिस के इस कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## गरीब कुम्हार की बेटी ने किया कमाल

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/संग्रामपुर।** ग्राम पंचायत डेहरा के एक गरीब कुम्हार परिवार की बेटी ने हाईस्कूल परीक्षा में 94.50 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में



प्रथम स्थान हासिल किया है। परीक्षाफल की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान और अखिल भारतीय प्रधान संघ के अध्यक्ष अरविंद शुक्ल उसके घर पहुंचे और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्रदान करते हुए हौसला अफजाई की। मंगलेश प्रजापति पुत्री अमरनाथ ने काली देवी इंटर कालेज गोरखापुर विशेषरगंज से हाईस्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है और जिले में प्रथम और प्रदेश में 71वां स्थान प्राप्त किया है। मंगलेश प्रजापति का परिवार बहुत गरीब है। मेहनत मजदूरी करके रोटी चलाता है। बिना किसी तरह की कोचिंग के मंगलेश ने सम्मान जनक स्थान हासिल कर गरीब परिवारों के बच्चों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है।

# मदनी मस्जिद के पैरोकार शाकिर अली के घर पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव


हाटा में शाकिर अली के परिजनों से मिलते अखिलेश


शुक्रुल्लाह अंसारी के परिजनों से मिलते अखिलेश

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाटा में मदनी मस्जिद के पैरोकार शाकिर अली की कुछ दिनों पहले मौत हो गई थी। शनिवार की दोपहर में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उनके घर पर पहुंचे और उनके पिता हाजी हामिद सहित पूरे परिवार से मिलकर शाकिर अली की मौत पर दुख जताया और अपनी संवेदना प्रकट की। पूर्व मुख्यमंत्री करीब आधे घंटे तक हाजी हमीद के आवास पर रहे उसके बाद कुशीनगर की तरफ निकल गया। अखिलेश यादव के अचानक हाटा पहुंचने की वजह से प्रशासनिक अमला में हड़कंप मच गया। हाजी हामिद की आवास के बाहर हजारों की संख्या में लोग जुटे रहे। अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाते रहे।

**पूर्व जिलाध्यक्ष शुक्रुल्लाह अंसारी के परिजनों से भी मिले-** समाजवादी पार्टी कुशीनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे शुक्रुल्लाह अंसारी का पिछले 14 मार्च को कैंसर से निधन हो गया था। इसको लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उनके पैतृक गांव पडरौना ब्लॉक के सखवनिया खुर्द ग्राम पहुंचकर उनके परिजनों से मिले और ढांढस बढ़ाया। बता दें कि मरहूम शुक्रुल्लाह अंसारी अखिलेश यादव के बेहद करीबी रहे थे। वे हमेशा पार्टी के हितों के लिए समर्पित रहे और संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण थी। इस मौके पर अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति किए ईश्वर से प्रार्थना किए।

### कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किया स्वागत

कुशीनगर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पहुंचने पर जगह-जगह पार्टी के पदाधिकारी वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

स्वागत के क्रम में पूर्व विधायक पूर्णमाशी देहाती के बेटे व हरीश राणा, पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष राम अवध यादव, राजेश राव उर्फ बंटी, राकेश उर्फ भोला यादव, विक्रमा यादव सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारा लगाते रहे।

# समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए भाजपा सरकार कटिबद्ध : डा. रमापति राम

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारत के संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर ने स्वतंत्रता पश्चात जिस भारत का सपना देखा था, अंतिम व्यक्ति के उत्थान का सपना देखा था, उसे आज केन्द्र की मोदी सरकार निचले स्तर पर जाकर पूरा करने के लिए कटिबद्ध है। उक्त वक्तव्य भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद देवरिया डॉ रमापतिराम त्रिपाठी ने डॉ भीमराव आंबेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान अनुसूचित जनसंपर्क अभियान के निमित्त विधानसभा क्षेत्र देवरिया के बैतालपुर मंडल के सीरजम गांव में संपर्क करते हुए कहा। डॉ त्रिपाठी विधानसभा क्षेत्र देवरिया के रानीघाट, सिरजम, लखनचन्द में संपर्क कर रहे थे। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों एवं किए कृत्यों के पत्रक भी बांटे गए। जनसंपर्क में उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के आदर्शों के पथ पर मोदी सरकार अनवरत गतिमान है जिस सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए बाबा साहब ने अपना सर्वस्व, संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया आज वह सामाजिक न्याय, अन्तिम व्यक्ति का उत्थान, एक सपना नहीं बल्कि हकीकत बन चुका है। मोदी सरकार ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को मात्र उनकी जयंती तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि उनके द्वारा किए गए कार्यों, उनके सपनों को, कई बड़े निर्णय कर उनके योगदान को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके स्मृतियों को बड़े पैमाने पर संजोने, बनाने का कार्य किया, जो आज दर्शनीय है। भाजपा सरकार में ही उन्हें भारतरत्न मिला । देश के बहुजनों के आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले संविधान निर्माता डॉ.अंबेडकर की विरासत को जिस तरह से मोदी सरकार बढ़ा रही है उससे नया भारत बनाकर तैयार हो रहा है अंबेडकर ऐसा सपना देखे थे जहां जातिय आधार पर किसी तरह का भेदभाव ना हो, जहां आर्थिक और सामाजिक हर क्षेत्र में वंचित तबके को पूर्ण प्रतिनिधित्व मिल सके आज मोदी सरकार में मंत्रिपरिषद में आज दलितों की भागीदारी बहुत अच्छी स्थिति में है देश में पहली बार दलित समाज को इतना प्रतिनिधित्व हासिल हुआ है। सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाएं बिना भेदभाव आप सभी तक पहुंच रहे हैं। इस दौरान डॉ. त्रिपाठी ने राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त हुए रामसेवक प्रसाद को अंगवस्त्र ओढ़ा सम्मानित भी किया। जनसंपर्क के दौरान मंडल अध्यक्ष राजेश निषाद, सेवानिवृत्त प्रभुनाथ प्रसाद भारती, रामसेवक प्रसाद, मुरारी प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, नीरज भारती, माधव प्रसाद, प्रभान भारती, राकेश भारती, रानीघाट में पूर्व प्रधान रामबदन प्रसाद रामबचन प्रसाद, राम नगीना प्रसाद, अशोक कुमार भारती, राजेश्वर, संजय प्रसाद, रामभजन, राकेश सिंह, संजय प्रजापति, आदि उपस्थित रहे।

## समस्त ग्राम पंचायत पर चलाया जा रहा है वृहद स्वच्छता अभियान

**महराजगंज, रायबरेली।** शासन व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार संचारी रोग नियन्त्रण अभियान अन्तर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में 1 से 30 अप्रैल, 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें राज्य स्तर पर जनपद की प्रगति प्रतिशत सराहनीय है जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि आज जिला सलाहकार प्रेरित कटियार द्वारा विकास खण्ड-महराजगंज की ग्राम पंचायत मोन, मुरैनी, हिलहा एवं अलीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें रोस्टर के अनुसार लगाये गये सफाई कर्मचारियों में से ग्राम पंचायत मोन मे राकेश कुमार हेला, ग्राम पंचायत मुरैनी में अबसार अहमद एवं प्रमोद कुमार तथा ग्राम पंचायत हिलहा में राहुल कुमार पाल अनुपास्थित पाये गये शेष समस्त सफाई कर्मचारी रोस्टर के अनुसार उपस्थित एवं साफ-सफाई का कार्य करते हुए पाये गये।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर डलमऊ में सुनी लोगों की फरियाद

### समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना डलमऊ में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आई। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर एसडीएम डलमऊ राजित राम गुप्ता सहित पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना तीन युवकों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मोहनगंज और कमरौली थाना क्षेत्र के तीन युवकों की बीती रात चौबीसी के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अज्ञात ट्रक ने एक ही बाइक पर सवार युवकों को टक्कर मार दी।

तीनों युवकों की दर्दनाक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रविवार 27 अप्रैल को गजेहडी में आयोजित डॉ अम्बेडकर जयंती का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। थाना कमरौली क्षेत्र के ग्राम पूरे हैदर अली का पुरवा निवासी बृजेश कुमार (28), थाना मोहनगंज के ग्राम पूरे राम सिंह मजरे बहुआ निवासी अंकित वर्मा (25) और ग्राम धूतशाह मजरे गड़ेहरी निवासी ललित कुमार रावत (18) बीती देर रात हैदरगढ़ क्षेत्र में एक निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में बृजेश और अंकित कुछ देर तक ललित का इंतजार करते रहे। ललित के आने के बाद तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर रात करीब 2 बजे आगे बढ़े ही थे कि तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही हैदरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ ले गई। जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बाराबंकी भेज दिया है। दुर्घटना की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ललित कुमार सरोज, अम्बेडकर मिशन का कार्यकर्ता था। रविवार 27अप्रैल को गजेहडी में होने वाले अम्बेडकर जयंती समारोह को स्थगित कर दिया गया है। वरिष्ठ बसपा नेता के के आर्य, बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी विजय गौतम, दिनेश गौतम , रमेश कुमार मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष मोहन लाल गौतम आदि पार्टी नेताओं ने दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। सभी बसपा नेता शनिवार की शाम मृतक ललित कुमार के घर पर ही मौजूद रहे।

## रोजगार सेवक की पुत्री ने किया कमाल

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** डेढपसार के रोजगार सेवक की पुत्री पूर्णिमा



ने इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। पूर्णिमा अग्रसेन बालिका इंटर कालेज परसांवा की संस्थागत छात्रा थी। पूर्णिमा प्रतिदिन पांच घंटे पढ़ाई करती है। पूर्णिमा अपने परिवार में दो भाई बहन हैं। मां गृहिणी है। पूर्णिमा के पिता राम अधीन यादव ग्राम रोजगार सेवक हैं। पूर्णिमा ने बताया कि उसका सपना है कि एक अच्छी डाक्टर बन कर देशसेवा करे।

## 19 तक मांगे गए आनलाइन आवेदन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित करने के बाद बोर्ड की ओर से किसी भी विषय की स्क्रुटनी -सन्निरीक्षा के लिए परीक्षार्थियों से आन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। सन्निरीक्षा के लिए आन लाइन आवेदन सम्बंधित निर्देश बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश द्विवेदी के कार्यालय के परीक्षा प्रभारी राकेश कुमार कश्यप ने बताया कि सन्निरीक्षा के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए परीक्षा शुरू 500रु निर्धारित है। लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए अलग अलग शुल्क निर्धारित है जो चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा होगा।

## संविधान बचाओ रैली का आयोजन 28 को

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार द्वारा भारत के संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं एवं सामाजिक तथा आर्थिक न्याय के आदर्शों पर सुनोयोजित ढंग से किये जा रहे हमलों के विरोध में आगामी 28 अप्रेल को अटल प्रेक्षागृह का मैदान झंडा वाला चौराहा बस्ती में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। देवरिया जनपद से हजारों की संख्या में कांग्रेसी जायेंगे उक्त बातें टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस जनों की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कहा।

# जनहित में है एक राष्ट्र-एक चुनाव

- सरकार पाकिस्तान एवं उनके आतंकियों को करेंगी नेस्तनाबूदः सीमा
- एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर महिला सम्मेलन हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता




**सुलतानपुर।** राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से समय और धन की बचत होगी। देश का विकास होगा। पहले भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ हुए हैं। जनहित के लिए अब फिर साथ में चुनाव आवश्यक हैं। वह शनिवार को पयागीपुर के गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक राष्ट्र-एक चुनाव बिल के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। डॉ तुल्लिका गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद ने कहा कि एक साथ चुनाव कराना कोई नई बात नहीं है। स्वतंत्र भारत में 1950 में संविधान लागू हुआ। उसके बाद 1951 से लेकर 1967 तक सभी राज्य की विधानसभाओं और लोकसभा के आम चुनाव साथ-साथ होते थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित किए गए थे। यह परंपरा इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के तीन आम चुनावों के लिए भी जारी रही। हालांकि, कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में एक साथ चुनाव कराने में बाधा आई थी। पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा ने पांच वर्षों का अपना कार्यकाल पूरा किया। कहा लोकसभा व विधानसभा का अलग-अलग चुनाव कराना चुनौतियां बन गए हैं। उन्होंने कहा सरकार एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए कमेटी बनाकर, आम लोगों से, आधी आबादी से, विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों से लगातार चर्चा कर माहौल बना रही है। एक राष्ट्र एक चुनाव देश हित में है। उन्होंने पत्रकारों द्वारा पहलगाम आतंकी अटैक के सवाल पर घटना की भर्त्सना करते हुए कहा आतंकियों एवं उनके आकाओं पर कड़ा व निर्णायक प्रहार होंगा। मोदी सरकार पाकिस्तान और उनके सरपरस्त आतंकवादियों का नेस्तनाबूद करेंगी। एक सवाल के जवाब में कहा आधी आबादी के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। जिससे महिलाएं स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं के सम्मान के लिए सरकार कटिबद्ध है। मीडिया प्रभारी विजय रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ तूल्लिका गुप्ता ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। समाजसेवी रेखा निषाद ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुमन सिंह, अनीता पाण्डेय, पूजा कसौधन, बबिता तिवारी, रेखा निषाद, सुमन राव कोरी, कमला सिंह, सुनीता अग्रवाल, रेनू सिंह, मंजू तिवारी, रचना सिंह, प्रीति शर्मा, लक्ष्मी सिंह, सरला द्विवेदी, कोकिला तिवारी, कंचन गुप्ता, रचना अग्रवाल, रागिनी मिश्रा, संगीता शुक्ला, प्रतिभा सिंह, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, अधिवक्ता, डाक्टर्स आदि मौजूद रहे।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य की गोली मारकर व चाकुओं से गोदकर की हत्या

**टूंडला।** थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत गांव मोहम्दाबाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गांव मोहम्दाबाद निवासी पप्पू कुशवाह पूर्व जिला पंचायत सदस्य शनिवार सुबह करीब 10.बजे अपने घर से निकल जा रहे थे, तभी गांव के ही हमलावरों ने उनकी गोली मारकर व चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी ,सुबह दिन दहाड़े हुई हत्या की घटना से हड़कंप मच गया,सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण एसएसपी अपर पुलिस अधीक्षक नगर सीओ टूंडला मय पुलिस टीम के मौके पर पहुँचे मौके पर पूछताछ में पता चला है कि मौहल्ले में ही पूर्व रंजिश के चलते घटना कारित की गयी है। फील्ड यूनिट टीम द्वारा भौतिक साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ियों को तोड़ दिया और हंगामा किया उच्च अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने दिया गया।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर चलाया जागरूकता अभियान




अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए महिला कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्रिश्चियन गर्ल्स हाई स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक अमृता दीक्षित ने बच्चों को बताया कि 18 वर्ष से कम आयु में लड़की या लड़के की शादी करना बाल विवाह कहलाता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के बचपन को छीनता है, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे बच्चों के भविष्य के अवसर घटते हैं और परिवार गरीबी के दुष्चक्र में फंस सकते हैं। अमृता दीक्षित ने बाल विवाह रोकने के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, जागरूकता फैलाने और सामाजिक-आर्थिक सुधारों के महत्व पर भी बल दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा स्पॉन्सरशिप योजना सहित महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी छात्राओं को दी गई। साथ ही पात्र बालिकाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या अल्पना सिंह, शिक्षिकाएं मीनाक्षी सक्सेना, वंदना, डोली, इल्मा खान, अमरीन, कुमुद, खुशी और फलक सहित लगभग 120 छात्राएं व स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाल विवाह रोकने की शपथ ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# पत्रकारों ने निकाला मौन जुलूस, दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन की ओर से आज कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शहर के चौक बाजार स्थित घंटाघर से संगठन के मंडल अध्यक्ष शादाब हुसैन के नेतृत्व में मौन जुलूस निकाला गया जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ कलेक्ट्रेट धरना स्थल पहुंचा। इस अवसर पर आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका गयाइसके बाद धरना स्थल पहुंचे एसडीएम सदर को संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता ने प्रधानमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया। जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि ज्ञापन पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि सभी मृतकों के परिजनों को उचित आर्थिक सहायता व मुआवजा दिया जाए, सभी मृतकों के एक-एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जाए, इस हमले के समय हुई सुरक्षा व इंटेलिजेंस की चूक की समीक्षा कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए,घटना में शामिल आतंकियों और साजिश कर्ताओं को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए व जम्मू- कश्मीर में स्थाई शांति स्थापित करने और आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का हर संभव प्रयास किया जाएद्य इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शादाब हुसैन ने कहा कि आतंकवाद हो या दूसरा कोई अन्य मुद्दा लेकिन इसमें भेदभाव कतई नहीं किया जाना चाहिए। डीपी श्रीवास्तव जिला महामंत्री ने कहा कि पहलगाम घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तान पोषित चंद आतंकियों ने आज पाकिस्तान को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई सभी धर्मो के लोग देश के प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं। इस दुखद घड़ी में आज सभी की निगाहें प्रधानमंत्री से पाकिस्तान के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की उम्मीद लगाए खड़ी है। जिससे मृतकों को सच्ची श्रृद्धांजलि दी जा सके। इस मौन प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने वालों में डी0पी0 श्रीवास्तव रशद महमूद अजीज अहमद रमेश गुप्ता अजमल शाह रोहित श्रीवास्तव डॉ0 अजीमुल्ला खान आकाश जायसवाल, रियाज अहमद, खालिद खान, बिन्नू बाबा, पंकज जायसवाल, जगत मलिक, अहमद हुसैन, अजय फैजाबादी, सौरभ श्रीवास्तव, शहाबुद्दीन, प्रमोद ठठेर, यूनुस खान, अवांकित श्रीवास्तव, असलम खान, हामिद अली खान, माजिद खान, बिलाल अहमद, गुलशन अवस्थी व शफी खान आदि मौजूद रहे।

## आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वेः- अनियंत्रित कार डिबाइडर से टकराकर पलटी, तीन घायल

**शिकोहाबाद।** प्रयाग राज से दिल्ली जा रही एक कार चालक को नींद आने से अनियंत्रित होकर डिबाइडर से टकराकर पलट गई। जिससे कार में सवार तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को छुट्टी देदी गई। शुक्रवार सुबह सात बजे प्रयागराज से दिल्ली जा रही एक कार नगला खंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 68 किलोमीटर पर कार चालक को झपकी आ गई। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर डिबाइडर से टकराकर पलट गई। कार को बीके मिश्रा पुत्र छोटेलाल मिश्रा निवासी डीए नेहरू विहार डॉक्टर मुखर्जी नगर दिल्ली चला रहे थे। उनके साथ कार में उनकी बहन संतोष पत्नी दिनेश दुबे निवासी घोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद गली नंबर 10 मास्टर पार्क सनी बाजार लोधी चौक, उनका बेटा हार्दिक (12) और बेटी कुमारी प्रिया (13) पुत्री दिनेश दुबे मामूली रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# एक मई को शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर देंगे धरना

अवधनामा संवाददाता

- शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बनाई रणनीति

**बहराइच।** जनपद में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बहराइच के जिला कार्यकारिणी एवं ब्लॉक अध्यक्ष मंत्री कोषाध्यक्ष व तहसील प्रभारियों की संयुक्त बैठक आज जिला अध्यक्ष आनन्द कुमार पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें 01 मई को प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन को जोरदार और सफल बनाने की।

रणनीति बनाई गई।जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने बैठक का संचालन करते हुए बताया प्रदेश अध्यक्ष डॉ .दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों की अनेकों लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु बेसिक शिक्षकों के 14 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर 01 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। 14 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से 2005 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की बहाली करना ,वर्षों से लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करना, सभी प्रकार केअंतर्जनपदीय एवं अंतः जनपदीय स्थानांतरण ,सभी शिक्षकों के लिए सामूहिक बीमा 10 लाख करना , विद्यालय की संचालन अवधि टाइम एवं मोशन के अनुसार ग्रीष्म कालीन प्रातः 7:00 बजे से 12:00 तक कार्यअवधि 5 घंटे विकलांग शिक्षको हेतु दिव्यांग वाहन भत्ता हेतु आदेश निर्गत करना आदि शामिल है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षकों की तमाम मांगों जैसे पुरानी पेंशन पदोन्नति स्थानांतरण काफी दिनों से लंबित है शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई भी अधिकारी को रुचि नहीं है अब संघर्ष के बिना कुछ नहीं होगा। संयुक्त मंत्री मोहम्मद अदीब ने कहा कि 1 मई 2025 को सभी ब्लॉकों के शिक्षक व पदाधिकारी अपने ब्लॉक के बैनर के साथ सैकड़ों की संख्या में धरना में शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद करे। कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक एक जुट है और संघ के आवाहन पर हर स्तर पर संघर्ष के लिए तैयार है।शिक्षको के प्रति सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़े।उपाध्यक्ष आसिफ अली ने कहा सरकार को शिक्षकों के साथ भेदभाव को छोड़ कर न्याय करना चाहिए। कैशलेस चिकित्सा सुविधा में सरकार ने शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर लोगों को किया जागरूक



**शिकोहाबाद।** राज नारायण माहेश्वरी जिला संयुक्त चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोगों को मलेरिया बीमारी से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमेश चन्द केशव ने की। जिसमें उन्होंने कहा कि मलेरिया हमारे साथ समाप्त होता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि आइये मिलकर मलेरिया मुक्त स्वस्थ्य भारत बनाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमेश चन्द केशव द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मलेरिया से कैसे बचाव करें के बारे में बताया गया। मलेरिया के लक्षण, मलेरिया से बचने के आसान उपाय, मच्छरों के पनपने पर रोकथाम, मलेरिया की शीघ्र जांच एवं पूरा इलाज। ध्यान दें लक्षण समाप्त होने के बाद भी दवा बीच में न छोड़े। पूरा इलाज कराएं। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रबंधक. डॉ शाने आलम व चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी के साथ एनसीडी काउंसलर साक्षी, स्टाफनर्स प्रीति एवं चिकित्सालय के सिक्योरिटी गार्ड उपस्थित रहे।

## ब्रिगेडियर ने उप्र वाहिनी एनसीसी फिरोजाबाद का किया भ्रमण

**टूंडला।** शुक्रवार को आगरा ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर एन0एस0 चाराग सेना मेडल ने 6 उ0प्र0 वाहिनी एन0सी0सी0 फिरोजाबाद में भ्रमण के दौरान वाहिनी द्वारा वाहिनी की विभिन्न गतिविधियों पर कमान अधिकारी कर्नल के0 के0सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अजय कुमार के साथ विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर उन्होंने इस युनिट के 05 सर्वश्रेष्ठ प्रत्येक कैडिट को 6,000 रुपए छात्रवृत्ति का चौक का वितरण किया। भ्रमण के समय वाहिनी के समस्त सैनिक एवं असैनिक स्टाफ उपस्थित रहे। राम सिंह महाविद्यालय के केयर टेकर सीपी सिंह ने ग्रुप कमाण्डर की मीडिया बाइट भी ली। ग्रुप कमाण्डर विजिट के उपरान्त आगरा वापिस चले गये।


## कार्यालय-खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठ्वल, सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 47-49/2025-26

दिनॉक : 26.04.2025

**द्वितीय नीलामी विज्ञप्ति**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक/समग्र शि0/नि0का0./9975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी 2025 के द्वारा विकास खण्ड मिठ्वल के निम्नलिखित विद्यालयों की नीलामी की जानी है-

| क्रम संख्या | नीलामी वाले विद्यालय का नाम | नीलामी हेतु न्यूनतम धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 मसिना खास का 01 ए0सी0आर0 | 0.5 |
| 2 | कम्पो0 वि0 दानोकुइयां का मूल भवन (प्राथमिक) | 0.76 |
| 3 | प्रा0वि0 सुगहा का मूल भवन | 0.89 |
| 4 | कम्पो0 वि0 भरमा का 1 ए0सी0आर0, 2 किचेन | 0.32 |
| 5 | प्रा0वि0 घुमची का मूल भवन | 1.02 |
| 6 | पू0मा0वि0 छरहटा का मूल भवन (पुराना) | 1.0 |
| 7 | प्रा0वि0 नदांव का मूल भवन | 0.77 |
| 8 | कम्पो0 वि0 रमवापुर दूबे का मूल भवन, 1 ए0सी0आर0 | 1.08 |
| 9 | कम्पो0 वि0 जीवा का गुख्य भवन व 1 ए0सी0आर0 | 1.42 |
| 10 | प्रा0वि0 कम्हरिया खुर्द के 2 ए0सी0आर0 | 0.40 |
| 12 | प्रा0वि0 इमिलिया का मूल भवन, किचेन, ए0सी0आर0 | 0.94 |
| 13 | प्रा0वि0 मिठवल का रोशनपुरा मॉडल मूल भवन, ए0सी0आर0 | 0.88 |
| 14 | प्रा0वि0 गनवरिया का मूल भवन, 2 ए0सी0आर0 | 1.38 |
| 15 | प्रा0वि0 बरगदवा चौबे का मूल भवन | 0.66 |

उक्त नीलामी दिनांक 03 मई 2025 को दिन में 01 बजे ब्लॉक संसाधन केन्द्र मिठवल पर होगी। नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत धनराशि नकद जमा करने के उपरान्त ही नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करेंगे। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/ संस्था के पक्ष में नीलामी की जायेगी जिसे 03 दिनों के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करने के उपरान्त 07 दिनों में मलबा हटाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी ब्लॉक संसाधन केन्द्र मिठवल पर चस्पा है।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**मिठवल सिद्धार्थनगर**



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलरामपुर।

पत्रांक : 1341/2ए /निविदा-2025

दिनांक :-17.04.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

1- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से लोक निर्माण विभाग में श्रेणी ''ए ,बी., सी. डी'' में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार आन लाइन निविदा आमंत्रित करते है। निविदादाता किसी एक अथवा सभी कार्यो हेतु विड प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बलरामपुर | निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, बलरामपुर के अधीन ग्रामीण मार्गो के गड्ढामुक्त का कार्य। (विकास खण्ड बलरामपुर) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 31.03.2026 |
| 2 | बलरामपुर | निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, बलरामपुर के अधीन ग्रामीण मार्गो के गड्ढामुक्त का कार्य। (विकास खण्ड श्रीदत्तगंज) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 31.03.2026 |
| 3 | बलरामपुर | निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, बलरामपुर के अधीन ग्रामीण मार्गो के गड्ढामुक्त का कार्य। (विकास खण्ड उतरौला) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 31.03.2026 |
| 4 | बलरामपुर | निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, बलरामपुर के अधीन ग्रामीण मार्गो के गड्ढामुक्त का कार्य। (विकास खण्ड रेहरा बाजार) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 31.03.2026 |
| 5 | बलरामपुर | निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, बलरामपुर के अधीन ग्रामीण मार्गो के गड्ढामुक्त का कार्य। (विकास खण्ड गैण्डास बुजुर्ग) | 15.00 | 1.50 | 944.00 | 31.03.2026 |
| 6 | बलरामपुर | निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, बलरामपुर के अधीन राज्य मार्ग, प्रमुख जिला मार्ग अन्य जिला मार्ग, मार्गो के गड्ढामुक्त का कार्य। (विधान सभा बलरामपुर) | 26.00 | 2.60 | 944.00 | 31.03.2026 |
| 7 | बलरामपुर | निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, बलरामपुर के अधीन राज्य मार्ग, प्रमुख जिला मार्ग अन्य जिला मार्ग, मार्गो के गड्ढामुक्त का कार्य।(विधान सभा उतरौला) | 26.00 | 2.60 | 944.00 | 31.03.2026 |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनॉक 28.04.2025 से 13.05.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 13.05.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, को साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 13.05.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UPID-232930 Dated-25-04-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**(राजेश कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलरामपुर।**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सोहावल-अयोध्या।

पत्रांक : 112/पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/टेण्डर/2025-26

दिनांक- 24.04.2025

**अतिअल्पकालीन निविदा**

विकास खण्ड सोहावल में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त योजनान्तर्गत 2025-26 में प्राप्त धनराशि से विकास खण्ड सोहावल के अन्तर्गत कार्य कराये जाने वाले कार्यों हेतु विकास खण्ड के पंजीकृत ठेकेदारो से कार्य निर्माण निविदा दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 16.05.2025 को अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सोहावल से प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक 550.00 नगद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है, प्राप्त निविदाएं दिनांक 16.05.2025 अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित ठेकेदार/प्रतिनिधि/निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोला जायेगा।

**निविदा की स्वीकृति एवं अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल मय जी.एस.टी. रूपये में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | ग्राम पंचायत मोईया कपूर में मुसीबत की चक्की से सुनील कुमार सिंह तक सी0सी0 रोड कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 9.80 | 20000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | ग्राम पंचायत मोईया कपूर में काली माता चौरा हरीश प्रताप के घर तक सी0सी0 रोड कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 9.85 | 20000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | रग्घु पुर में पक्की सड़क से अर्जुन पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 20000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 4 | रग्घु पुर में राजकुमार के रावत के घर से पक्की सड़क तक सी0सी0 रोड एवं नाली कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 9.78 | 20000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 5 | ग्राम पंचायत मंगलसी में पक्की सड़क से राम जनम विश्वकर्मा के घर तक सी0सी0 रोड एवं नाली का कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 9.97 | 20000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 6 | ग्राम पंचायत मंगलसी में विजय शंकर के घर से श्यामलाल के घर तक सी0सी0 रोड एवं नाली का कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 9.88 | 20000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 7 | विकास खण्ड मुख्यालय पर ट्राईसेम भवन का मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 6.88 | 14000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 8 | ग्राम पंचायत गोपीनाथपुर में सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य एवं रंगाई पुताई कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 9.20 | 19000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 9 | ग्राम पंचायत अरथर में पूरे कुम्हारन सम्पर्क मार्ग से तेजवीर सिंह के घर तक खण्डंजा मरम्मत कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 8.48 | 18000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 10 | ग्राम पंचायत रामपुर ग्रण्ट में पक्की सड़क से साहब के पुरवा गांव तक खण्डंजा मरम्मत कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 7.80 | 15000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |
| 11 | विकास खण्ड में स्थित कार्यालय के पीछे इण्टरलाकिंग कार्य | स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार | 9.99 | 20000 | 550 | 3 माह | क्षेत्र पंचायत के पंजीकृत ठेकेदार |

1. उपरोक्तानुसार क्रमांक 01 से 11 तक की परियोजनाओं का अलग-अलग निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी।
3. बिना कारण बताऐ निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. कार्य गुणवत्तापूर्वक न होने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. भुगतान में नियमानुसार समस्त करो की कटौती की जायेगी।
6. निविदि फार्म पर समस्त उल्लेख स्पष्ट पठनीय होना चाहिए।
7. प्राक्कलन की धनराशि में जी0एस0टी0 सम्मिलित नहीं है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सोहावल-अयोध्या।**

# आने वाले समय में नगर पंचायत इकदिल को ब्लॉक का दर्जा दिलाया जाएगा: आदित्य

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** आदर्श नगर पंचायत के इकदिल के होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी प्रवीण कुमारी के चुनाव कार्यालय का शनिवार को उद्घघाटन समाजवादी पार्टी बदायूं के सांसद आदित्य यादव अंकुर द्वारा मोहल्ला कछियत में किया गया। इस मौके पर उन्होंने नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव विकास में विश्वास रखती है आप नगर पंचायत इकदिल से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी बहन प्रवीण कुमारी को रिकॉर्ड मतों से जीत दिला देना, उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में नगर पंचायत इकदिल को ब्लॉक का दर्जा दिलाया जाएगा। इस मौके पर नगर वासियों को संबोधित करते हुए सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही एइकदिल में मैं अपनी सांसद निधि से सभी वार्डों में विकास करेंगे, उन्होंने सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। उद्घाटन के मौके पर आये सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि इकदिल से समाजवादी पार्टी का गहरा लगाव है, समाजवादी पार्टी नगर पंचायत को ब्लॉक का दर्जा दिलाने के लिए संकल्प बंद है। भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम ने कहा भाजपा देश से संविधान को खत्म करना चाहती है पढ़ा के संविधान की रक्षा करेंगे आज आम जनता की लड़ाई अखिलेश यादव लड़ रहे हैं समाजवादी पार्टी के हाथों को मजबूत करें। सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदोरिया वीरू ने सपा प्रत्याशी प्रवीण कुमारी को रिकॉर्ड मतों से जिताने के लिए मतदाताओं से अपील की। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का इटावा से समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले एवम आशीष यादव एवं इकदिल से चेयरमैन प्रत्याशी प्रवीन कुमारी ने गर्म जोशी से सभी का स्वागत किया। इस मौके पर चुनाव प्रभारी लाखन सिंह जाटव, सपा जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, अनवार हुसैन, सिग्रेश् यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेस शाक्य, मनोज यादव बंटी, प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, नगर अध्यक्ष विनोद सिंह दोहरे, नफीसुल हसन अंसारी, फरहान शकील आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सेवक दोहरे ने की और संचालन रजत राजपूत ने किया।

# माउंट लिट्रा परिवार ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**पहलगाम आतंकी हमला**

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 निर्दोष नागरिकों की स्मृति में एमएलजेडएस विद्यालय परिसर में गुरुवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस भावनात्मक कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्रों सहित समस्त विद्यालय परिवार ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मौन प्रार्थना की गई और मोमबत्तियाँ जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री पंकज शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, लेखा प्रबंधक मोहम्मद आरिफ, शैक्षणिक कार्यक्रम प्रमुख विनयशील पठानिया तथा समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मृतकों को नमन किया और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से कहा गया, इन निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या सम्पूर्ण मानवता पर हमला है। हम इस दुःखद घड़ी में उनके परिजनों के साथ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा उनके परिवारों को सहनशक्ति प्रदान करें। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र और सामूहिक मौन के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई श्रद्धांजलि पट्टिकाएँ तथा जलती हुई मोमबत्तियाँ पूरे परिसर को एक भावुक और एकजुटता से भरे वातावरण में परिवर्तित कर रही थीं।

## पकड़ा गया फर्जी ऑनलाइन पेमेंट के जरिए दुकानदारों को चूना लगाने वाला युवक

**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में फर्जी ऑनलाइन पेमेंट ऐप बनाकर दुकानदारों को ठगने वाले गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी सामने आई है। शनिवार को नरेश शू स्टोर पर एक युवक ग्राहक बनकर आया और दो हजार रुपये के जूते-चप्पल खरीदकर अपने मोबाइल पर फर्जी पेमेंट दिखाकर फरार हो गया। जब दुकानदार नरेश साहू ने अपना अकाउंट चेक किया तो पता चला कि भुगतान नहीं हुआ था। इसी तरह रविवार को एक युवक मदन शू स्टोर पहुँचा और आठ सौ रुपये के जूते-चप्पल लेने के बाद फर्जी ऑनलाइन पेमेंट दिखाकर भागने की कोशिश करने लगा। दुकानदार मोनू ने सतर्कता दिखाते हुए युवक को वहीं रोक लिया और तत्काल पेमेंट चेक कराया, लेकिन कोई राशि प्राप्त नहीं हुई। सूचना मिलने पर अन्य दुकानदार भी मौके पर एकत्र हो गए और युवक से सख्ती से पूछताछ की। युवक ने अपने को बांकी रोड निवासी बताते हुए स्वीकार किया कि वह और उसके साथी नकली ऐप के जरिए दुकानों से सामान खरीदते हैं और फर्जी भुगतान दिखाकर फरार हो जाते हैं।

# हमीरपुर में अक्षय तृतीया पर नहीं होगा बाल विवाह



**अवधनामा संवाददाता**

**साई ज्योति संस्था ने शुरू किया जागरूकता अभियान**

**हमीरपुर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत साई ज्योति संस्था ने जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के साथ मिलकर हमीरपुर जिले को बाल विवाह से मुक्त करने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है।

अक्षय तृतीया से पहले चलाए जा रहे इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।अभियान का शुभारंभ करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने कहा कि बाल विवाह देश में एक गंभीर समस्या है। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिशत से अधिक विवाह बाल विवाह हैं, यानी हर तीसरा विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। हमीरपुर में स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी इसे पूरी तरह बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।साई ज्योति संस्था के कोऑर्डिनेटर कैलाश नारायण गौतम ने कहा कि उनका लक्ष्य इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह न होने देना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है, बल्कि कानूनी अपराध भी है। इसमें शामिल सभी व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाहों में दूल्हा-दुल्हन की जन्मतिथि का प्रमाण पत्र अनिवार्य करने पर जोर दिया जाएगा। यह जागरूकता यात्रा 50 गांवों तक पहुंचेगी और अक्षय तृतीया तक जारी रहेगी।कार्यक्रम के शुभारंभ पर सखी वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर मोनिका गुप्ता और चाइल्डलाइन के डीसी सेफवान ने ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर चाइल्डलाइन, सखी वन स्टॉप सेंटर और जन साहस संस्था के प्रतिनिधि सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विशेष जागरूकता सत्र का किया आयोजन

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** अह्वान पहल के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय ने टाइनी टॉट्स स्कूल के बच्चों के अभिभावकों के लिए एक विशेष काउंसलिंग व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य प्रारंभिक बाल विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना था, जैसे कि भावनात्मक जुड़ाव, स्वस्थ आदतें, संतुलित पोषण, स्क्रीन टाइम की सीमा और बच्चों के लिए एक सुरक्षित व स्नेहमय वातावरण का निर्माण। सत्र में व्यावहारिक विषयों जैसे टीकाकरण, पेट के कीड़े मारने की दवा (डिवॉर्मिंग) और प्राथमिक उपचार पर भी चर्चा की गई, ताकि अभिभावकों को उनके बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सशक्त बनाया जा सके। यह संवादात्मक सत्र डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# बिजली आपूर्ति नहीं होने से लोगों ने की डीएम से शिकायत

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर/हमीरपुर।** विद्युत सप्लाई के लिये तरस रहे कस्बावासियों ने सदर विधायक व आला अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या निस्तारित न होने पर आज पुनः जिलाधिकारी की चौखट में जाकर गुहार लगाते हुए विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं ने समस्या हल न होने पर एक सप्ताह बाद पावर हाउस में अनशन करने की चेतावनी भी दी है।कस्बे के वार्ड 16 में राधे-राधे पैलेस के सामने बनी नई बस्ती के निवासियों ने जिला अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया है कि उनके मकानों के सामने देवगाँव रोड में करीब 18 माह पूर्व बिजली के पोल लगाकर उसमें केबिल लगा दी गयी थी। जिसमें अभी तक विद्युत की सप्लाई नही दी गयी है। जिससे उन्हें अंधेरे में या फिर दूर किराये के मकान में रहना पड रहा है। घरों में बिजली न होने के कारण बच्चों की पढाई नहीं हो पाती और रात में जंगली जानवरों और चोरों का खतरा बना रहता है। विभागीय अधिकारियों सहित सदर विधायक को अवगत कराने पर 28 फरवरी तक विद्युत सप्लाई देने का आश्वासन दिया गया। लेकिन अभी तक कोई सप्लाई नहीं दी गई। आरोप लगाया कि रिश्वत मांगी जा रही है अन्यथा स्टीमेट बनवाने को कहते हैं। शिकायतकर्ताओं ने विद्युत पोलों में विद्युत सप्लाई कराकर कनेक्शन दिलाने की मांग करते हुये समस्या हल न होने पर 8 दिन बाद कस्बे के पॉवर हाउस में अनशन में बैठने की बात कही है। शिकायत करने वालों में शिवबदन, रोशनी, वन्दना, उर्मिला, हरीओम, रजनी, पुष्पेन्द्र, अशोक, अर्जुन, ममता, मासूम, आरुष, करन, राजू आदि शामिल रहे।

# अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** भाजपा जनपद कार्यालय पर शनिवार को जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष देवश कोरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 लागू कर दिया है।

सपा कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियां देश कि जनता को गुमराह कर अराजकता फैलाना चाह रही है। भाजपा द्वारा जन-जागरण अभियान के अन्तर्गत गोष्ठीयों के माध्यम से देश कि जनता खासकर मुसलमानो के बीच इस क़ानून के सकारात्मक पहलू को पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। वक्फ बोर्ड अब तक भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका था। लेकिन अब केंद्र सरकार की दूरदर्शिता के चलते यह संशोधन बिल लाया गया है, जिससे अवैध कब्जों पर रोक लगेगी और वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग संभव हो पाएगा।

गोष्ठी में अपने समापन उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि धार्मिक नेताओं और राजनेताओं के एक बड़े गुट ने वक्फ संपत्तियों को लूटकर आम मुसलमानो को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखने का काम किया। वक्फ संशोधन अधिनियम किसी की ज़मीन हड़पने के लिए नहीं, बल्कि मुस्लिम भूमफ़ियाओं से अवैध कब्जे छुड़वाने के लिए है। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी ने किया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, जिला उपाध्यक्ष देवप्रताप भदौरिया, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जफर अंसारी, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, कृपा नारायण तिवारी, राबिया सुल्तान, शाहरुख खान, सरदार मोहन सिंह, मोहम्मद इसरार, नजाजत अली, मोहम्मद अयान, जीशान अली, साहिल खान, फिरोज खान इंजीनियर सहित मुस्लिम समाज के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम,एस एस पी ने थाना सैफई पर सुनी फरियादियों की समस्याएं



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** माह के चतुर्थ शनिवार के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस(थाना दिवस) के अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से थाना सैफई पर जन शिकायतों को सुना तथा थाना दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच क्षेत्रीय संयोजक उत्तर प्रदेश की कोमल नेहा ने मुस्लिम वर्ग की महिलाओं के साथ इटावा से राष्ट्रपति के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें सरकार से पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आतंकियों के लिए फांसी की मांग की व सरकार से अपील की जल्द ही ऐसा कानून बने जिससे दुबारा हमारे हिंदुस्तान या हिंदुस्तान के सिपाहियों की तरफ निगाह उठाने से पहले विचार करें। कोमल नेहा ने बताया जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला अत्यंत दुखद, निंदनीय और मानवता के विरुद्ध एक कायरता पूर्ण कृत्य है भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी निर्णायक लड़ाई के प्रति अडिग है ऐसे क्रूरतापूर्ण कृत्यों का मुंहतोड़ और समुचित प्रतिकार किया जाए। शाजिया अंसारी रुकैया अफसाना निखत युनुस अख्लाक हाशिम राजदा सायमा अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

### शराब के नशे मे इंडियन बैंक कुर्रा मे तोड़फोड़ कर मारपीट

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव मे स्थिति इंडियन बैंक शाखा मे शराब के नशे मे एक युवक पर तोड़फोड़ कर मारपीट करने का शाखा प्रबंधक ने आरोप लगाते हुये कोतवाली मे तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। राठ कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव मे स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक अंशुल सोनी ने तहरीर देते हुये बताया की शुक्रवार को गांव निवासी प्रवेश शराब के नशे मे बैंक की छत पर चढ़ गया। छत पर लगी सर्वर की छतरी से केवल तोड़ छतरी को छतीग्रस्त कर दिया।

# मौदहा में यातायात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**तीन दर्जन से अधिक वाहनों का किया चालान**



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली मौदहा क्षेत्र में शनिवार को यातायात पुलिस ने कागजातों की जांच अभियान के दौरान तीन दर्जन से अधिक वाहनों का चालान कर दिया। चेकिंग के दौरान जिन वाहन चालकों के पास पूरे कागजात नहीं मिले, उनका मौके पर चालान कर कार्रवाई की गई। हालांकि, इस अभियान में पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मौदहा कस्बे में बिना नंबर प्लेट के दौड़ते ट्रैक्टर और नाबालिगों द्वारा चलाई जा रही बाइकें पुलिस और यातायात विभाग की नजर से गायब रहीं। इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में बेधड़क नाबालिग लड़के बिना हेलमेट के तेज रफ्तार में बाइकें दौड़ा रहे हैं, जिससे कभी भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। वहीं, बिना नंबर के ट्रैक्टर आयेदिन हादसों को दावत दे रहे हैं, लेकिन कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस को यह दृश्य नजर नहीं आ रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस की कार्रवाई केवल ई-रिक्शा चालकों तक सीमित है। बिना कागजात और नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य बड़े वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगो ने मांग की है कि यातायात पुलिस को निष्पक्षता से चेकिंग करनी चाहिए और कस्बे में नाबालिग चालकों व बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत चोपन में पेयजल व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

**नगर पंचायत सभागार में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ हुई चर्चा**

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/चोपन।** अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत चोपन के सभागार में शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर की पेयजल योजना को लेकर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने की। इस अवसर पर सभी सभासदगण, जल निगम नगरीय मिर्जापुर के अधिशासी अभियंता मोहम्मद अयाज, अवर अभियंता आर. के. पटेल तथा जूनियर इंजीनियर आशीष पटेल उपस्थित रहे। बैठक में नगर में बेहतर और सुदृढ़ पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रतिभागियों ने अपने सुझाव और विचार साझा किए। नागरिकों ने पानी की आपूर्ति में सुधार, पुराने पाइप लाइनों के प्रतिस्थापन, जल संग्रहण की समुचित व्यवस्था, तथा गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने की मांग की। अधिशासी अभियंता मोहम्मद अयाज ने अमृत 2.0 योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि सभी नागरिकों के सहयोग से नगर में जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमृत योजना के तहत पेयजल की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर पंचायत चोपन अमृत योजना के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और नागरिकों के सहयोग से नगर में पेयजल की समस्या को दूर करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे जल संरक्षण और जल व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर दिनेश गर्ग, सभासद नागेंद्र यादव, अनिकेत रावत, विनीत जाटव, अनिल जायसवाल, अरुण कुमार नरेश यादव, सोनू मोदनवाल, लिपिक अंकित पांडेय, जीतू सिंह, रंजीत सिंह, अमित सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी, राजू शर्मा, अभिषेक दुबे, रिजवान अहमद, विकाश चौबे, राधारमण पांडेय, विवेक यादव, मंसूर आलम, निशांत सिंघल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने सीसीटीवी के माध्यम से लिये जायजा

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवीएम व वीवी पैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किये। इस दौरान गोदाम की सुरक्षा के साथ ही आवश्यक व्यवस्था का जायजा लिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा मासिक व त्रैमासिक निरीक्षण किया जाता है, जिसकी रिपोर्ट भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाता है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में लगे सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से बारी-बारी से ई0वी0एम0 व पी0पी0 पैट के कक्षों की स्थिति का जायजा लिया गया और सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा बलों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दियें। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोदाम परिसर के आस-पास के झाड़ियों का कटान कराने के साथ ही साफ-सफाई भी करा ली जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि./ रा.) सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, निर्वाचन कार्यालय के नरेन्दर मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# गुरुद्वारा इंटर कॉलेज चोपन का शानदार प्रदर्शन

**बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम**

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/चोपन।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में गुरुद्वारा इंटर कॉलेज चोपन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की। विद्यालय के छात्रों ने न केवल अपने विद्यालय का, बल्कि पूरे जिले का नाम भी रोशन किया।

हाई स्कूल में फलख शेख ने 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आफरीन खातून ने 84.83 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान पाया, जबकि सत्यम कुमार और सौरभ कुमार ने समान रूप से 84.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान साझा किया। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में सोफिया खातून ने 88.01 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान के साथ जिले में आठवां स्थान भी हासिल किया। सौम्य सिंह ने 87.21 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अमृता पांडे और कल्पना ने समान रूप से 82.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान साझा किया। कॉमर्स वर्ग में स्नेहा ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, सुप्रीति सिंह ने 68 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा आकांक्षा पटेल ने 66 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कला वर्ग में पूनम कुमारी ने 78.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंतिमा ने 75.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा आंचल ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनका कहना है कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। विद्यालय के शत-प्रतिशत परिणाम पर प्रधानाचार्य धीरेंद्र प्रताप सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और लगन ने आज विद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# तालाब, नहरें और पोखर सूखे, प्यास से व्याकुल हैं पशु-पक्षी

**अवधनामा संवाददाता**



**सरीला (हमीरपुर)।** सरीला क्षेत्र के कई गांवों में जल संकट गहराता जा रहा है। अमृत सरोवर तालाबों से लेकर नहरों और पोखरों तक का पानी सूख चुका है, जिससे इंसान, पशु और पक्षी सभी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत हरसुंडी कदौरा समेत कई गांवों में हालात बेहद चिंताजनक हैं। हरसुंडी गांव निवासी उत्तम सिंह, लल्लू यादव, करण राजपूत, अयोध्या, मोहर सिंह और पुष्पेंद्र ने बताया कि गांव के गौशाला के पास स्थित तालाब पूरी तरह सूख चुका है। चरवाहों को अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए तीन किलोमीटर दूर नदी तक ले जाना पड़ रहा है। गर्मी के भीषण प्रकोप में जल स्रोतों के सूखने से नीलगाय और अन्य जंगली जानवर भी आबादी वाले इलाकों में पानी की तलाश में भटकते देखे जा रहे हैं। पक्षियों की स्थिति भी दयनीय हो गई है। दुष्यंत राजपूत, दीपू राजपूत और हरिओम ने बताया कि निर्जलीकरण के चलते कई पक्षी बेहोश होकर गिरने लगे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द टूटे हुए तालाबों, पोखरों और नहरों में जलापूर्ति कराने की मांग की है, ताकि पशु-पक्षियों को राहत मिल सके और जल संकट से निपटा जा सके। खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है। शीघ्र ही तालाबों में पानी भरवाने की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धांजलि सभा कर सभी हताहतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** पहलगाम (कश्मीर) में निर्दोष नागरिको के नरसंहार के विरोध में उ प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने बढौली चौक पर श्रद्धांजलि सभा कर सभी हताहतो को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता इस सामूहिक आतंकवादी हमले की धोर निन्दा की कहा कि इस धटना ने पूरे देश को झकझोर के रख दिया है पूरे देश में गुस्सा है कोई भी सभ्य समाज इसको बरदाश्त नही करेगा पूरा व्यापारी समाज सरकार के साथ है जिला बरिष्ठ उपाध्यक्ष सदीप सिंह चन्देल ने कहा कि निर्दोष नागरिको पर आतंकी हमले बरदाश्त नही है इस संकट की धड़ी में पूरा व्यापारी समाज पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना गहन दुखः प्रकट करता है है जिला महामंत्री राजेश बंसल ने थर्म पूछकर की गई धटना की धोर निन्दा की युवा जिलाध्यक्ष रमेश जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल ने भारत सरकार इस धटना में शामिल एक एक व्यक्ति पर ऐसी कार्यवाही हो जो नजीर बने की नगर अध्यक्ष आनन्द प्रताप जायसवाल जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी ने इस अमानवी धटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुये माग की कि ऐसी कार्यवाही हो कि इनकी सात पुश्ते भी काप उठे श्रद्धांजलि सभा सभी पदाधिकारी व्यापारियों ने इस संकट की धड़ी में राष्ट्र के साथ खड़े होने का संकल्प दोहराया जिला संगठन मंत्री राजेश सोनी जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह नीटू किराना नगर अध्यक्ष श्याम केशरी इलेक्ट्रॉनिक रितु अग्रहरी अध्यक्ष महिला विग अध्यक्ष दिनेश गुप्ता फल सब्जी मण्डी अध्यक्ष श्याम बाबू नगर कोषाध्यक्ष अभिषेक केशरी आई टी सेल अध्यक्ष अजय केशरी नगर उपाध्यक्ष अशू अग्रहरी नगर उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल विजय पटेल आदि व्यापारी गण उपस्थित थे।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और मजबूत होगी : केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि एक राष्ट्र- एक चुनाव से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। एक राष्ट्र -एक चुनाव से आर्थिक बचत, प्रशासनिक दक्षता व राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव के कारण प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान और नीतिगत निर्णय में देरी होती है। एक साथ चुनाव करने से यह समस्या दूर होगी। चुनाव में होने वाले खर्च में कमी आएगी ,जिससे जो खर्च बचत आएगी, वह अन्य विकास कार्यों में लगाई जा सकेगी। केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में विश्वविद्यालय नूतन पुरातन शैक्षिक परिवार द्वारा आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने एक राष्ट्र-एक चुनाव से होने वाले फायदों की चर्चा गांवों में सबके बीच करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से सारा सरकारी सिस्टम इसमें इन्वॉल्व हो जाता है और आचार संहिता लग जाने से विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है। शिक्षक चुनाव प्रक्रिया में लग जाते हैं जिससे पढ़ाई में भी अवरोध आता है कर्मचारी लग, जाते हैं तो सरकारी कार्यों में भी गति धीमी हो जाती है।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी, जो देश के लिए आवश्यक है, उसे करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत बनाने व 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प संकल्प लिया है। भारत इस दिशा में बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत की विश्व समुदाय में प्रतिष्ठा बढ़ी है। एक राष्ट्र-एक चुनाव यह जन चर्चा का विषय बनना चाहिए लोगों को इस बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त करनी चाहिए। अब देश के समय और संसाधनों को बचाने तथा जनता की भलाई के लिए एक राष्ट्र-एक चुनाव करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

## विनोद उ.प्र. सहकारी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष एवं अच्छेलाल सदस्य नियुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अवकाश प्राप्त जिला जज विनोद कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश सहकारी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष तथा अवकाश प्राप्त आई.ए.एस. अच्छेलाल सिंह यादव को सदस्य नियुक्त किया है, इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू ने आदेश जारी कर दिये हैं। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि कुछ समय से अध्यक्ष व सदस्य के रिक्त चल रहे पदों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बहराइच के रहने वाले अवकाश प्राप्त जिला जज विनोद कुमार सिंह को न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है, साथ ही मूलरूप से जनपद गाजीपुर के रहने वाले व सहकारिता विभाग के विशेष सचिव रहे अवकाश प्राप्त आई.ए.एस. अच्छेलाल सिंह यादव को न्यायाधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है। सहकारिता मंत्री राठौर ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश सहकारी न्यायाधिकरण बेहतर ढंग से काम करते हुए मामलों का समय से निस्तारण कर लोगों को न्याय देने का काम करेगी।

# सी.एम.एस. में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.-2025) का भव्य समापन

■ बाल प्रतिनिधियों ने वैश्विक चुनौतियों पर सारगर्भित परिचर्चा की

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय के सभागार में आयोजित दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एम.यू.एन.-2025) के दूसरे व अन्तिम दिन प्रतिभागी छात्रों ने वैश्विक समस्याओं पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए संदेश दिया कि सर्वश्रेष्ठ विश्व व्यवस्था के लिए एकता व शान्ति ही अन्तिम विकल्प है। इससे पहले, एम.यू.एन.-2025 के अन्तर्गत विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभागी छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यवाही का हूबहू नजारा प्रस्तुत किया और विभिन्न वैश्विक समस्याओं पर खुलकर अपने विचार रखे। प्रतिभागी छात्रों ने अपने सारगर्भित, ओजपूर्ण एवं प्रभावशाली उद्बोधन की छाप छोड़ते हुए साबित कर दिया कि भावी पीढ़ी में सकारात्मक चिंतन के साथ विश्व की समस्याओं का समाधान करने की क्षमता मौजूद है। एम.यू.एन.-2025 में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 300 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। मॉडल यूनाइटेड नेशन्स के अन्तर्गत संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न शाखाओं का प्रतिनिधित्व करती हुई छात्रों की दस समितियों का गठन किया गया। प्रत्येक समिति में अलग-अलग वैश्विक मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई, जिन पर विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभागी छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रत्येक समिति में एक अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष थे जिन्होंने चर्चा-परिचर्चा का कुशल संचालन किया। यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेन्शन फॉर क्लाइमेट चेन्ज के अन्तर्गत छात्र प्रतिनिधियों ने जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय मुद्दों पर जोरदार बहस की तो वहीं दूसरी ओर ज्वाइन्ट क्राइसिस कमेटी के अन्तर्गत रणनीतिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। वक्ताओं ने जापान का उदाहरण देते हुए विवाद रहित आधुनिक विश्व व्यवस्था पर अपने विचार रखे। इसी प्रकार, 'लोकसभा' नामक कमेटी में प्रतिभागी छात्रों ने राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विचार रखे।

# बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शिया महाविद्यालय द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की 134 वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर ''राष्ट्र निर्माण के 75 सोपान एवं डॉ. अम्बेडकर'' विषय पर व्याख्यान एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी का आयोजन प्रबंधन विभाग में किया गया और छात्र/छात्राओं को बाबा साहब द्वारा रचित एवं बाबा साहब पर आधारित पठनीय सामग्री का वितरण भी किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक डॉ. रॉबिन वर्मा ने छात्र/छात्राओं को बाबा साहब द्वारा महिलाओं, मजदूरों, किसानों और अल्पसंख्यकों के लिये किये गये योगदान और आज उसके परिणामों के बारें में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. वर्मा द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ भी किया गया और छात्र/छात्राओं को संविधान की संक्षिप्त पुस्तिका और बाबा साहब द्वारा रचित जीवनी ''वेटिंग फार वीजा'', ''राज्य और अल्पसंख्यक'' तथा ''रुपये की समस्या'' आदि पुस्तकों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जायेगा।

इस मौके पर डॉ. मीसम मुबारक, निदेशक एससीडीआरसी डॉ. प्रदीप शर्मा, प्राक्टर प्रो. सै0 मेहदी अब्बास जैदी, डॉ. रवि प्रताप सिंह, डॉ. मेनका गिरी, डॉ. अली मेंहदी, डॉ. जेबा मेंहदी, शहरीन अख्तर, प्रतिष्ठा अवस्थी, राजकुमार सैनी, धर्मेन्द्र कुमार, विक्रम पाल, इल्तेमाश हुसैन, शबाब हुसैन, विकास, मोहम्मद आकिल सहित सैकड़ो छात्र/छात्रायें उपस्थित रहें।

## लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**लखनऊ।** अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ मीनाक्षी सोनकर ने बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार दिनांक 10 मई, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से जनपद न्यायालय लखनऊ, कलेक्ट्रेट एवं जनपद की समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया है कि इसके अतिरिक्त पारिवारिक न्यायालय एवं मोती महल स्थित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, लखनऊ तथा कामर्शियल कोर्ट, लखनऊ में भी लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। वादकारीगण जिनके बाद किसी न्यायालय में विचाराधीन हो वह दिनांक 10 मई, 2025 या उसके पूर्व किसी भी कार्यदिवस में सम्बन्धित न्यायालयों के कार्यालयों से सम्पर्क कर चाद राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराकर लाभान्वित हो सकते है।

# पीएनबी की पहल के तहत शहीद लांस नायक जितेंद्र के परिवार को मिले एक करोड़ रूपये



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** देश की सेवा करने वाले वीर सपूतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, ने अपनी महत्वपूर्ण 'पीएनबी रक्षक प्लस' योजना के तहत शहीद लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव के परिवार को 1 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की। शहीद जितेंद्र कुमार यादव, ग्राम जगधरा, बलिया, के निवासी थे। यह शोकपूर्ण कार्यक्रम सिकंदरपुर, बलिया (उत्तर प्रदेश), में आयोजित किया गया, जिसमें कर्तव्य के दौरान एक दुखद दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले सैनिक के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार ने चेक सौंपते हुए कहा, एक सैनिक के जीवन का कोई मुआवजा नहीं है। लेकिन जब पंजाब नेशनल बैंक जैसे संस्थान शहीदों के परिवारों का समर्थन करने के लिए आगे आते हैं, तो यह समाज को एक शक्तिशाली संदेश देता है - कि हमें उन लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए जो हमारी रक्षा करते हैं।

इस पहल पर बोलते हुए, पीएनबी के कार्यकारी निदेशक, बिभु पी. महापात्रा, ने कहाः पीएनबी में, हम मानते हैं कि हमारी भूमिका का विस्तार वित्तीय सेवाओं से कहीं आगे तक है - यह राष्ट्र और उन लोगों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पर आधारित है जो बहादुरी से इसकी रक्षा करते हैं। रक्षक प्लस योजना रक्षा बलों के वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति हमारे सम्मान और अटूट समर्थन का सच्चा प्रतिबिंब है। शहीद लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव के परिवार को दी गई सहायता केवल वित्तीय सहायता नहीं है - यह उनके बलिदान के लिए एक हार्दिक श्रद्धांजलि है और याद दिलाती है कि राष्ट्र अपने नायकों का सम्मान और स्मरण करता है।

## गर्म हवाओं के साथ पारा पहुंचा 42.3 डिग्री

**लखनऊ।** शनिवार को मौसम में बदलाव देखा गया। आंशिक बादल छाए रहे, फिर भी तापमान में कमी नहीं आई। वहीं रविवार को बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। शनिवार को प्रचंड धूप और गर्म हवा के थपेड़ों ने पारा 42.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा दिया। दिन में 2 बजे तक अधिसंख्य सड़कों पर दोपहिया और पैदल चलने वालों की आवाजाही न्यूनतम हो गई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को तापमान और ऊपर जा सकता है। धूप और गर्मी के कारण सुबह 12 बजे तक ही पारा 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया था। इसके कुछ देर में तापमान 42.3 डिग्री तक पहुंचा। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ है और धूप का असर धरती पर सीधा पड़ रहा है। शुष्क पछुआ भी मैदानी इलाकों में गर्म है। ऐसे में तापमान दिन में तेजी से ऊपर चढ़ रहा है। बीते 24 घंटों के दौरान न्यूनतम पारा 23.2 डिग्री दर्ज किया गया।

# अल हुदा मॉडल स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अल हुदा मॉडल स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डी.जी.पी. जवीद अहमद अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अस्लम सिद्दीकी साहब उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान, प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में पुरस्कार और मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर छात्रों की उपलब्धियों का सम्मान किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह के प्रयास जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों और छात्रों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय की प्रगति के लिए सभी के सहयोग की कामना की।

# वक्फ बिल को लेकर विपक्ष फैला रहा भ्रांतिया

अवधनामा ब्यूरो



■ विपक्ष के झूठ और भ्रमजाल को दूर करने के लिए वक्फ सुधार जनजागरण अभियान चलाया जा रहा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने आज हलवासीया कोर्ट हजरतगंज में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान पर आयोजित प्रेस वार्ता और उसके उपरांत कार्यशाला को संबोधित किया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अंजनी श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, सौरभ वाल्मीकि, शादाब आलम प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वक्फ संशोधन बिल दोनों सदनों में पास हो गया है। अब वल्फ बिल को लेकर विपक्ष भ्रांतिया फैला रहा है। विपक्ष के झूठ और भ्रमजाल को दूर करने के लिए वक्फ सुधार जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसमे हमको बताना है कि किस तरह पूर्व में वक्फ द्वारा पसमांदा मुसलमानों, पिछडे वर्ग के साथ हिन्दू, सिख, ईसाई समाज के धार्मिक स्थलों, जमीनों पर अवैध कब्जा था। विधेयक से बौखलाकर विपक्ष वक्फ जमीनों पर कब्जा बनाये रखाने के लिये तरह-तरह के हथकडे अपना रहा है। सपा और कांग्रेस के घिनौने कृत्य को उजागर करने एवं अल्पसंख्यकों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए वक्फ सुधार जन जागरण अभियान प्रदेश स्तर पर चलाना है। जिसमें संपर्क, संवाद एवं मीडिया सोशल मीडिया के द्वारा वक्फ सुधार अभियान को मुस्लिम समाज को समझता है। अभियान के तहत टाउन हॉल कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमें प्रभावशाली मुस्लिम गुरुओं प्रमुखों से संपर्क संवाद व महिला मोर्चा द्वारा मुस्लिम अल्पसंख्यक प्रभावी महिलाओं से संपर्क करके वक्फ संशोधन की उपयोगिता को बताना है।

कांग्रेस सरकार ने वक्फ में ऐसे संशोधन किए जिसमें पूरे देश में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सामान्य रूप से रेवेन्यू का कोई भी विषय या विवाद आता है ,तो रेवेन्यू का जो अधिकारी होता है वह होता है उप जिला अधिकारी , उप जिलाधिकारी उसके बाद जिलाधिकारी उसके बाद कमिश्नर फिर रिवेन्यू बोर्ड होता है साथ ही तमाम जमीन और प्रॉपर्टी के मामले में सिविल कोर्ट भी है ,हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट। लेकिन वक्फ में भारत की कोई भी कोर्ट सुनवाई नहीं कर सकती है।

## कौशल विकास प्रयासों की जानकारी ली

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम की अध्यक्षता में शुक्रवार को मिशन मुख्यालय में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश सेवा (2009 बैच) के आठ अधिकारी, जो अपने मिड-कैरियर प्रशिक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर हैं, शामिल हुए। इन अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश कौशल मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति देखी। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम और मिशन निदेशक पुलकित खरे ने इन आईएफएस अधिकारियों के साथ भविष्य की संभावित गतिविधियों और आपसी सहयोग के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान, प्रदेश में कौशल विकास को और अधिक प्रभावी बनाने तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

# ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फैम ट्रिप का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

■ फैम ट्रिप प्रदेश के अनछुए पर्यटन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने में होंगी सहायक : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थल दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप (फैम ट्रिप) का आयोजन किया गया। फैम ट्रिप के तहत प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया, जिसमें उन्हें राज्य की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्प, स्थानीय खानपान और लोककला की झलक देखने को मिली। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन संभावनाओं को उजागर करना एवं स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। फैम ट्रिप में शामिल सदस्यों को चार दिवसीय यात्रा (आज से 29 अप्रैल, 2025 तक) के पहले दिन मथुरा जनपद के जैत गांव ले जाया गया। प्रतिभागियों ने गांव में सक्रिय स्वयं सहायता समूह, स्थानीय संस्कृति और हस्तशिल्प आदि को करीब से देखा। सदस्यों ने मिट्टी के बर्तन बनाने, पारंपरिक खिलौनों की रचना, लड्डू गोपाल की पोशाक तैयार करने और तुलसी माला बनाने की प्रक्रिया को करीब से अनुभव किया। इन सभी गतिविधियों से जुड़ी स्थानीय महिलाओं से संवाद कर दल ने उनकी भूमिका, कौशल और आजीविका पर विस्तार से जानकारी ली। फैम ट्रिप दल का यह अनुभव ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं को उजागर करने में सहायक सिद्ध होगा। फैम ट्रिप में शामिल ब्रिटेन से आई हुई कम्युनिटी टूरिज्म सलाहकार और कहानीकार एलिसा स्पैम्पिनाटो तथा पत्रकार पूनम गुप्ता ने मथुरा जनपद के ग्रामीण परिदृश्य की सुंदरता को नजदीक से देखा।

# भाषा वि.वि. के कुलगुरु के रूप में प्रो. अजय तनेजा ने कार्यभार ग्रहण किया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के नए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने शनिवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कुलपति कार्यालय में प्रो. जे.पी. पांडेय से कुलगुरु का कार्यभार संभाला। प्रो. तनेजा विश्वविद्यालय के छठे स्थायी कुलपति के रूप में कार्य करेंगे। वे रसायन विज्ञान, पर्यावरणीय रसायन तथा वायुमंडलीय विज्ञान के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् हैं। उन्हें 30 वर्षों से अधिक का शिक्षण और 32 वर्षों से अधिक का शोध अनुभव प्राप्त है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक पदों पर भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अनुभव- प्रो. तनेजा ने अमेरिका, जर्मनी, चीन, ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देशों में अकादमिक और शोध कार्यों में सक्रिय भागीदारी की है। उनके 150 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। वे भारतीय रसायन परिषद (FICS) तथा भारतीय केमिस्ट परिषद (FICC) के फैलो हैं। इसके अतिरिक्त, वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित लीप फेलो (Leadership for Academicians Programme Fellow) भी रह चुके हैं।

**नवाचार, अनुसंधान और उत्कृष्टता पर रहेगा जोर-** अपने संबोधन में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि वे विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए तीन प्रमुख स्तंभों – नवाचार, अनुसंधान और उत्कृष्टता – को आधार बनाकर कार्य करेंगे। नवाचार के माध्यम से नए विचारों और तकनीकी प्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

अनुसंधान के जरिए ज्ञान सृजन और नवीन खोजों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उत्कृष्टता के माध्यम से शिक्षा, शोध और समग्र विकास के हर क्षेत्र में श्रेष्ठता स्थापित की जाएगी।

**विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान-** कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रो. तनेजा ने विश्वविद्यालय के सभागार में संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली और आगामी प्रवेश प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे और विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

कुलगुरु ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करेंगे तथा विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के लिए नवाचार, तकनीक और शोध को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर विश्वविद्यालय को अकादमिक उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर करें। कुलगुरु ने विश्वास जताया कि वे अपनी भूमिका में श्रेष्ठतम योगदान देने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यभार ग्रहण समारोह के सुअवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी साजिद आज़मी, प्रो. सैयद हैदर अली, प्रो. सौबान सईद, प्रो तनवीर ख़दीजा सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू वि.वि., लखनऊ परिसर में प्रवेश आरम्भ

**लखनऊ।** मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में एम.ए. (अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, अरबी और फारसी) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 4 जून 2025 निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष से लखनऊ परिसर में एम.ए. हिंदी कार्यक्रम की भी शुरुआत हो रही है। इसी के साथ अंग्रेजी, उर्दू, अरबी और फारसी विषयों में शोध हेतु पीएचडी के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मई 2025 तक किए जा सकते हैं। प्रवेश के इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.manuuceo.in/reg ularadmission/ के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। यदि कोई छात्र परिसर में आकर फॉर्म भरना चाहता है, तो यह सुविधा भी उपलब्ध है। इस संबंध में जानकारी लखनऊ परिसर की प्रभारी, प्रोफेसर हुमा याकूब ने दी। प्रो. याकूब ने बताया कि प्रवेश संबंधी सभी विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट और प्रॉस्पेक्टस में उपलब्ध हैं। पीएचडी कार्यक्रम के प्रवेश परीक्षा परिणाम 27 जून 2025 को घोषित किए जाएंगे।

# दो दिवसीय भव्य श्रीराम हनुमत महोत्सव बलरामपुर गार्डन में हुआ आरंभ

■ भक्तों ने हनुमान महाराज की विशाल श्यामल प्रतिमा के साथ ली सेल्फी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** श्री राम हनुमत महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन, हनुमत सेवा समिति की ओर से 26 और 27 अप्रैल को अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डन में किया जा रहा है। इसके पहले दिन शनिवार को सुंदरकांड, बैलून प्रार्थना, सम्मान समारोह, भजन के साथ, विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय के दर्शन भक्तों ने किये। संयोजक विवेक पाण्डेय के अनुसार इस क्रम में रविवार 27 अप्रैल को हनुमान चालीसा का पाठ, काव्य प्रस्तुति, हनुमान महाराज की झांकी, भजन और बनारस की गंगा आरती आकर्षण का केन्द्र बनेगी। पहली बार भक्तों ने पीपल के पत्ते पर चंदन रोली से ÷जय श्री राम÷ लिखकर हनुमान महाराज को श्रद्धापूर्ण भेंट अर्पित की। मान्यता है कि इससे भक्तों की समस्याओं का निवारण हो जाता है।

शनिवार को आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया और विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजीव कुमार सिंह को आमंत्रित किया गया था। आयोजन स्थल में सच्चे फूलों के श्रंगार के साथ अलंकृत राम दरबार आगंतुकों को खासा पसंद आ रहा है वहीं आठ फिट के विशाल श्यामल हनुमान जी की प्रतिमा वाला सेल्फी प्वाइंट भक्ति और श्रद्धा का केन्द्र बन रहा है। दूसरी ओर लिम्का और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया के संग्रह की प्रदर्शनी में भी आगंतुक, खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उस संग्रह में चालीस हजार से अधिक हनुमान महाराज की तस्वीरें, मूर्तियां, सिक्के, पेन्टिंग और पुस्तकें प्रदर्शित की जा रही हैं।